संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 22 फरवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 52 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में की मुलाकात।

# देश को विकसित बनाने में जुटे हैं सभी: मोदी

## स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप विकसित भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण कदम: प्रधानमंत्री मोदी

**अहम भूमिका**

**किसी देश की प्रगति में केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं बल्कि मानव संसाधन भी अहम भूमिका निभाते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि किसी देश की प्रगति में केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं बल्कि मानव संसाधन भी अहम भूमिका निभाते हैं। गुजरात के पास कोई प्राकृतिक संसाधन नहीं है, फिर भी आज नेतृत्व की शक्ति को देखें- गुजरात में सबकुछ है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (एसओयूएल) लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी बड़े नेताओं और उभरते युवा नेताओं का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक क्षेत्र में अच्छे नेताओं को तैयार करना आवश्यक है और यह समय की मांग है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप विकसित भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एसओयूएल सिर्फ संगठन का नाम नहीं है, बल्कि एसओयूएल भारत के सामाजिक जीवन की आत्मा होगी। दूसरे अर्थों में, एसओयूएल आध्यात्मिक अनुभव के सार को भी खूबसूरती से दशार्ता है। एसओयूएल के सभी हितधारकों को शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने घोषणा की कि निकट भविष्य में गुजरात की गिफ्ट सिटी के निकट एसओयूएल का एक नया, विशाल परिसर बनकर तैयार हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने किसी भी राष्ट्र की प्रगति में मानव और प्राकृतिक संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

साथ ही स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि दूरदर्शी नेता हमेशा भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करना चाहते थे और केवल 100 प्रभावी और कुशल नेताओं की मदद से इसे बदलना चाहते थे। देश को उसी जोश के साथ आगे बढ़ना होगा। यह देखते हुए कि प्रत्येक नागरिक 21वीं सदी के विकसित भारत के सपनों को सच करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। उन्होंने 140 करोड़ की आबादी वाले देश में सभी क्षेत्रों में अच्छे नेतृत्व की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप ऐसे नेताओं को तैयार करेगा जो राजनीति के क्षेत्र सहित पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार का नेतृत्व करने और कौशल को दिशा देने में सक्षम हों। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कौशल के बढ़ते महत्व की ओर इशारा किया। मोदी ने नए कौशल को अपनाने के लिए नेतृत्व विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

### मराठी में शूरता और वीरता भीः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में आजादी की लड़ाई का सार है। 1878 में अपने पहले आयोजन से लेकर अब तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज शरद पवार के निमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मराठी भाषा अमृत से भी मीठी है।

# हरियाणा देश का अन्न भंडारः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा व केंद्र सरकार किसानों की भलाई के लिए गंभीरता से काम कर रही है, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे उपक्रमों से किसान आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है।
इसी कडी में आज महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल व कोच्चि विश्वविद्यालय, जापान के बीच किसानों के हित के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। इससे दोनों देशों के विश्वविद्यालय बागवानी के क्षेत्र में किसानों के लिए लाभप्रद आधुनिक तकनीकों पर काम करेंगे, जिसका सीधा फायदा किसानों को होगा।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा की मौजूदगी में चण्डीगढ़ में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल व कोच्चि विश्वविद्यालय, जापान के बीच इंटरनेटस ऑफ प्लांटस (आईओपी) नामक तकनीक पर अनुसंधान के लिए एक समझौता ज्ञापन हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है, कि किसान फायदें की खेती करें। इसके लिए परपंरागत खेती जैसे गेहूं व धान आदि को छोड़कर मुनाफे वाली बागवानी खेती की ओर बढ़े। इसके लिए हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार किसानों के लिए हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को देश का अन्न भंडार कहा जाता है, कृषि के साथ-साथ बागवानी फसलों की आवश्यकता है। राज्य में बागवानी फसलों का क्षेत्रफल व उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। बागवानी फसलों में अधिक आमदनी को देखते हुए किसान भी बागवानी फसलों की तरफ बढ़ रहे है।

**एमओयू**

**किसानों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे उपक्रमों से किसान आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है**

# विदेश मंत्रालय ने अमेरिका से हो रही फंडिंग की रिपोर्टों पर जताई चिंता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। विदेश** मंत्रालय ने अमेरिकी सरकार की ओर से भारतीय संस्थाओं और व्यक्तियों को धन मुहैया कराए जाने संबंधी रिपोर्टों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस मामले में संबंधित विभाग और एजेंसियां गौर कर रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय संस्थाओं को धन मुहैया कराए जाने संबंधी रिपोर्टों से भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंता उपजती है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां मामले पर गौर कर रही हैं। इस संबंध में अभी कोई सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। आने वाले दिनों में इस संबंध में और जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एलन मस्क और दक्षता विभाग की विदेशों में की गई फंडिंग कार्रवाई की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि भारत के मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ाने से अमेरिका का क्या लेना-देना है। उन्होंने संभावना व्यक्त की थी कि तत्कालीन प्रशासन भारत में किसी और (नरेन्द्र मोदी के अलावा) का चुनाव चाहता था। ट्रम्प के इस बयान के बाद से ही भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा का आरोप है कि वर्ष 2024 के आम चुनाव में विपक्ष और तात्कालीन अमेरिकी सरकार और जॉर्ज सोरोस के बीच सांठगांठ थी।

**प्रतिक्रिया**

**रिपोर्टों से भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंता उपजती है : विदेश मंत्रालय**

# 'टाइम' की 13 प्रभावशाली महिलाओं की सूची में भारत की पूर्णिमा देवी भी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका 'टाइम' की इस वर्ष की 'वुमन ऑफ द ईयर' सूची में दुनियाभर की 13 प्रभावशाली महिलाओं को शामिल किया गया है। सूची में भारतीय जीव-विज्ञानी एवं वन्यजीव संरक्षणकर्ता का नाम भी है। टाइम्स की सूची में शामिल 45 वर्षीय पूर्णिमा देवी बर्मन एकमात्र भारतीय महिला हैं। इस सूची में अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेल पेलिकॉट का नाम भी है। टाइम पत्रिका ने पूर्णिमा बर्मन की प्रोफाइल में लिखा है कि उन्हें 2007 का वह दिन आज भी याद है, जब असम में रहते वक्त उन्हें एक फोन आया और उन्हें बताया गया कि एक पेड़ काटा जा रहा है, जो 'ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क' (धेनुक, एक प्रकार का पक्षी) के परिवार का घर था। प्रोफाइल के मुताबिक इस किस्से के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। उन्होंने वहां पहुंचकर मौके पर पूछा कि पेड़ क्यों काटा जा रहा है? बर्मन ने कहा, "सभी (धेनुक) ने मुझे घेर लिया और चहचहाना शुरू कर दिया।" इस समय उनके जहन में अपनी नवजात जुड़वां बेटियों का ख्याल आया, क्योंकि धेनुक की तरह वे भी बहुत छोटी थीं। उन्हें लगा कि प्रकृति पुकार रही है। प्रोफाइल में उल्लेख किया गया है कि उस समय असम में लगभग 450 बड़े धेनुक बचे थे।

# कांग्रेस-राहुल का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनकः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** यूएसएड मामले पर भाजपा ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए उनपर देश के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की शपथ लेकर भी ऐसा काम कर रहे हैं। कांग्रेस और राहुल का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय चुनावों को प्रभावित करने को लेकर अमेरिकी सहायता के बारे में डोनाल्ड ट्रम्प के दावों का हवाला देते हुए कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कियाा। भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने मजबूत निर्णायक शासन देखा है। राहुल गांधी इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। वे भारत, इसके संविधान और इसके नागरिकों को धोखा दे रहे हैं। भाटिया ने कहा कि राहुल और कांग्रेस का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बयान दिया था जिसमें बताया गया था कि कैसे यूएसएड फंडिंग का इस्तेमाल भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए किया जा रहा था।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से गोवा के राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई ने राष्ट्रपति भवन में की मुलाकात।

## 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए केंद्र व राज्य मिलकर कर रहे कामः गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार भारत को 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कोच्चि में इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मौजूदा 4 ट्रिलियन डॉलर से 2047 तक 30-35 ट्रिलियन यूएस डॉलर तक ले जाने के लिए हम सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। गोयल ने केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन में निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करते हुए कहा कि वे जल्द ही बहरीन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करेंगे।






**उत्तराखंड बजट** राज्य के 24 साल के इतिहास में बेशक उत्तराखंड के बजट का आकार 24 गुना बढ़ गया

# लाख करोड़ के पार बजट, 23 फीसदी वेतन-भत्ते, मजदूरी पर होगा खर्च



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और** वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बजट भाषण और अपनी प्रतिक्रियाओं में वित्तीय प्रबंधन का जिक्र किया। साथ यह भी कहा कि राज्य के विकास को गति देने के लिए लाभ और हानि की परवाह नहीं करेंगे। मगर सच्चाई यह है कि सरकार के पास विकास की गति को जारी रखने और इसमें रफ्तार बढ़ाने के लिए डबल इंजन का साथ और खुद के दम पर संसाधनों का इंतजाम करना जरूरी और मजबूरी भी है। राज्य के 24 साल के इतिहास में बेशक उत्तराखंड के बजट का आकार 24 गुना बढ़ गया और यह एक लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है। लेकिन, वित्त विभाग इन अनुमानों में एक अनुमान राज्य की ऋणग्रस्तता का भी है, जो यह संकेत देता है कि बाजार से उठाए जाने वाले कर्ज का ऐसे कार्यों में इस्तेमाल करना होगा जिससे राज्य की परिसंपत्ति में इजाफा हो और उससे सरकार को कुछ आय हो सके। जहां तक राज्य पर कुल कर्ज का अनुमान है, उसके भी एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने का अनुमान है। बजट के साथ वार्षिक वित्तीय विवरण में बताया गया है कि 2025-26 में इसके 1,06,736 करोड़ पहुंचने का अनुमान है। जारी वित्तीय वर्ष में इसके 89,230.07 करोड़ रहने की संभावना जताई गई है। पूंजी निवेश के लिए केंद्र से मिलने वाले दीर्घ अवधि के ऋण की योजना के चलते राज्य सरकार अब खुले बाजार से ऋण लेने से बच रही है।

लेकिन, पुराने ऋणों पर ब्याज के रूप में सरकार ने इस साल 6,990 करोड़ की व्यवस्था की है। करीब 38,470 करोड़ रुपये उसने उधारी और देनदारी के लिए रखे हैं।

**अनुमान**

**विकास की गति को जारी रखने, डबल इंजन का साथ और खुद के दम पर संसाधनों का इंतजाम करना जरूरी**

# अहीर माजरा में दहेज विवाहिता ने लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गांव खिजरपुर अहीर माजरा में एक विवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद थाना गन्नौर से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। जानकारी अनुसार शिकायत के अनुसार गांव बिशनपुरा, जींद की रहने वाली 28 वर्षीय मृतका अन्नु की शादी 10 फरवरी 2023 को दिल्ली में सिपाही के पद पर कार्यरत अहीर माजरा निवासी बृजेश के साथ हुई थी। पिता सुनील कुमार के अनुसार शादी के बाद से ससुराल पक्ष उनकी बेटी को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे। उन्होंने पैसों की मांग पूरी करने की कोशिश भी की, लेकिन प्रताड़ना जारी रही। नवंबर 2024 में अन्नु को उन्होंने मायके बुला लिया गया, लेकिन दिसंबर में बृजेश के चाचा के भरोसा देने पर उसे फिर से ससुराल भेज दिया गया। 19 फरवरी 2025 की सुबह अन्नु ने फोन पर बताया कि बीती रात पति बृजेश ने उसे घर से पैसे लाने को लेकर प्रताड़ित किया और निर्वस्त्र कर कमरे से बाहर निकाल दिया। जब उसने सास, ससुर और ननदों से मदद मांगी तो उन्होंने भी बृजेश का ही साथ दिया। दोपहर उन्हें सूचना मिली कि अन्नु की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे तो उन्होंने ने देखा कि शव छत के पंखे से लाल क्रीम रंग के साल से लटका



**प्रताड़ना**

**सूचना के बाद थाना गन्नौर से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया**

था, पैर बिस्तर पर टिके हुए थे और पास में एक मेज गिरी हुई थी। अन्नु के पिता ने इस मामले को दहेज हत्या बताते हुए पति बृजेश, सास बाला देवी, ससुर राज सिंह, बड़ी ननद रेनू और छोटी ननद के खिलाफ थाना गन्नौर में शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एएसआई जयबीर सिंह ने बताया पुलिस ने शिकायत पर तुरंत केस दर्ज कर लिया था। कार्रवाई करते हुए मामले में आरोपित ब्रिजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा। जल्द ही बाकी आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पुलिस से की कड़ी कार्रवाई की मांग**

वीरवार को अन्नु के शव का सोनीपत के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंपा गया। जिसके बाद स्वजन शव को लेकर सोनीपत डीसीपी कार्यालय के बाहर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस से आरोतिपों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने स्वजन को कार्रवाई का अश्वासन दिया। जिसके बाद वह शव लेकर गांव लौट गए।

**मृतका अनु का मायके में हुआ अंतिम संस्कार**

पुलिस से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद स्वजन अन्नु के शव को गांव बिशनपुरा, जींद ले कर गए। अन्नु डी-फार्मा कर चुकी थी और आगे भी पढ़ाई कर रही थी। उसके पिता सुनील कुमार सरकारी अध्यापक हैं।

# सांदल कला गांव की जरूरतमंद महिला को नहीं मिल रहा मकान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सांदल कला गांव की जरूरतमंद बुजुर्ग महिला विमला देवी अपना मकान बनवाने के लिए प्रशासन से लगातार गुहार लगा रही है, लेकिन अब तक उसे कोई राहत नहीं मिली। प्रशासन की अनदेखी से परेशान होकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में महिला ने प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि प्रशासन गरीबों की कोई सुनवाई नहीं कर रहा। विमला देवी का बिजली बिल अधिक आने के कारण बिजली विभाग ने उसका कनेक्शन काट दिया। महिला ने अधिकारियों से निवेदन किया था कि वह अपनी पेंशन से किस्तों में बिल जमा कर देगी, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। इसके अलावा, उसका बीपीएल कार्ड भी नहीं बना है, जिससे वह सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही। महिला तिरपाल डालकर झोपड़ी में रहने को मजबूर है, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे कोई सहायता नहीं मिली। जिला पार्षद ने आरोप लगाया कि 2019 के बाद नया सर्वे न होने के कारण कई गरीब परिवार योजना से वंचित रह गए हैं। उन्होंने सरकार से जल्द नया सर्वे कराने और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की ताकि जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ मिल सके।



**सहायता**

**सरकार से जल्द नया सर्वे कराने और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की**

# सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

**अनुष्ठान**

**आचार्य शिवम कौशिक, सतबीर शास्त्री गुलयाणा, अमन शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के साथ अनुष्ठान को आरंभ किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** खेड़ी गुज्जर गांव स्थित सतकुंभा तीर्थ में सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज के सानिध्य में महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली, जो गांव की मुख्य गलियों से होते हुए तीर्थ स्थल पर संपन्न हुई। आचार्य अनिल शर्मा के नेतृत्व में 11 वेदपाठियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया। महंत राजेश स्वरूप महाराज ने प्रवचनों में सतकुंभा तीर्थ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारत के 68 प्रमुख तीर्थों में शामिल है और चारों युगों में इसकी महिमा अपरंपार रही है। उन्होंने इसे ऋषियों की तपस्या का फल बताया। वेदपाठियों में हिमाचल, पंजाब व हरियाणा के आचार्य अनिल शर्मा, अजय वशिष्ट, आचार्य विष्णु शर्मा, आचार्य जसप्रीत पुरी, आचार्य शिवम कौशिक, सतबीर शास्त्री गुलयाणा, अमन शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के साथ अनुष्ठान को आरंभ करवाया। शिवेंदु भारद्वाज ने पूजा-अर्चना कर कलश स्थापित कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।



## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ (i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024-2025 दिनांक 19.11.2024 (ii) निविदा संख्या 15245204 13.03.2025 को देय है। 01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नियत तिथि 19.02.2025 से बढ़ाकर 13.03.2025 कर दी गई है। 02. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नया दस्तावेज़ संलग्न किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 590/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07240030F | ड्रा हुक फॉर ड्रा गियर | 710 नग | 02.04.2025 |
| 02 | 09242568 | किट फॉर कांस्टेंट पोल्यूरेथेन साइड बेयरर पैड असेंबली | 1404 सेट | 22.04.2025 |

निविदा शर्ते 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 99/2024-25 दिनांक : 21.02.2025 589/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरिओम पुत्र** लेकराज, **निवासी** बी–64, फेज-II, अमर कॉलोनी, निहाल विहार, दिल्ली ने **FIR. No. 138/21 U/S 33/38 EX. Act थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरिओम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरिओम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 138/21 u/s 33/38 Ex. Act. थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरिओम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कोमल गर्ग
एलडी. जेएमएफसी–03, कमरा नं. 292
डब्ल्यूडी, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2087/OD/2025
(court matter)

# पीएम श्री विद्यालय दातौली की छात्राओं का दल शैक्षिक भ्रमण के लिए हुआ रवाना

**भ्रमण**

**छात्राओं का एक दल दिल्ली स्थित विज्ञान भवन व पीएम संग्रहालय के शैक्षिक भ्रमण पर रवाना हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दातौली के छात्राओं का एक दल बुधवार को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन व पीएम संग्रहालय के शैक्षिक भ्रमण पर रवाना हुआ। प्राचार्य विवेक शर्मा के नेतृत्व में 300 विद्यार्थी भ्रमण के लिए रवाना हुए। जिला सहायक परियोजना समन्वयक डा. अतर सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। जिला सहायक परियोजना समन्वयक डा. अत्तर सिंह ने बताया कि यह शैक्षिक भ्रमण हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस भ्रमण में जिले के 9 पीएम श्री स्कूलों के कुल 3,084 विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रथम फेज के तीन स्कूलों के 1415 और द्वितीय फेज के छह स्कूलों के 1669 विद्यार्थी राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र एवं पीएम संग्रहालय दिल्ली का दौरा करेंगे। परिषद द्वारा प्रति विद्यार्थी 500 रुपये का बजट जारी किया गया, जिसमें यातायात, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे नए विचार विकसित कर सकेंगे। भ्रमण को लेकर विद्यालय प्रशासन ने शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया।




# गन्नौर में बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर शिक्षा विभाग की कार्रवाई

**गन्नौर।** नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रहे निजी विद्यालयों पर शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। तीन स्कूलों को बिना मान्यता पाए संचालित होने के कारण तुरंत बंद करवा दिया गया। कार्यवाहक खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया द्वारा गठित टीम ने पांची जाटान स्थित ग्लूमिंग बर्ड स्कूल, लिटल स्टेप स्कूल और पुरखास स्थित सीएससी बाल विद्यालाय का निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्कूल संचालक मान्यता से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ये विद्यालय अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। कार्यवाहक खंड शिक्षा अधिकारी ने इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की और तीनों स्कूलों को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए।

# आपदा प्रबंधन विषय पर प्रतियोगिता आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में आपदा प्रबंधन विषय से संबंधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा तीसरी से पांचवी के चारों सदन के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डिवाइन सदन ने प्रथम, डिग्निटी सदन ने द्वितीय व प्रेस्टीज और ग्लोरी सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य जय भारत गुप्ता और समन्विका नेहा सिंधू ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता बच्चों को जागरुक करने के साथ ही उन्हें मानसिक रूप से मजबूत और सशक्त बनाती हैं।

**सशक्त**

**आपदा प्रबंधन विषय से संबंधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया**

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं.: 2024/आरएस(ई)/टीएम/1 नई दिल्ली, दिनांक : 20.02.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 2**

**विषय** : 23 अदद 'मल्टी परपज़ टैम्पर (एम पी टी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 17.03.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–TM–1A

विषय निविदा के कुछ नियम और शर्तों को संशोधित और IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखें।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

585/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण अनिवार्य

**गन्नौर ।** खंड कृषि अधिकारी आनंद श्योराण ने बताया कि किसानों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी जमीन और फसल का पंजीकरण अवश्य करवाना होगो। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज की बिक्री और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान करना है। कई किसान इस पोर्टल को लेकर भ्रमित हैं और इसे परिवार पहचान पत्र से जोड़ने की आशंका जता रहे हैं।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अब्दु सामी उर्फ बब्लू, पुत्रः रियाजुद्दीन, पताः म.नं. ए–261/1, भूतल, अफगानी चौक के पास, गली नं. 9, गांव वजीराबाद, दिल्ली–110084** ने **FIR No. 321/2021, U/s 188 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अब्दु सामी उर्फ बब्लू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अब्दु सामी उर्फ बब्लू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 321/2021, U/s 188 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **अब्दु सामी उर्फ बब्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री चतिंदर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
केंद्रीय जिला, कमरा नं. 32
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2168/N/2025

## उत्तर रेलवे

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 61–अम्बाला/2024–25 दिनांक 21/02/2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरने रेलवे स्टेशन पर दूसरे लूप के प्रावधान के संबंध में पी.वे. कार्य। | 53,64,282 | 1,07,300 | 04 महीने | 17/03/2025 |
| 2 | सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अधिकार क्षेत्र में एडीईएन/एसआईआर और एडीईएन/आरपीजे के अधीन विभिन्न स्टेशनों पर आरसीसी ओवर हैड टैंकों का प्रावधान। | 2,74,23,060 | 2,87,100 | 06 महीने | 17/03/2025 |
| 3 | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एम/यूएमबी सेक्शन में यूएमबी यार्ड में एफओबी 298–ए का विघटन। | 39,03,622 | 78,100 | 03 महीने | 17/03/2025 |

नोटः
1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

593/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक्शन मोड में सीएम रेखा गुप्ता

## पीडब्ल्यूडी, जल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक बुलाई, टूटी सड़कों सहित कई मुद्दों पर चर्चा

**वादों पर खरा**

**भाजपा ने दिल्ली में खराब सड़कों से लेकर स्वास्थ्य, यमुना की सफाई तक अपने वादों पर काम करना शुरू कर दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। गुरुवार को रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया। इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया। भाजपा विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। सीएम बनते ही रेखा गुप्ता एक्शन मोड में आ गई हैं। भाजपा ने दिल्ली में खराब सड़कों से लेकर स्वास्थ्य, यमुना की सफाई तक अपने वादों पर काम करना शुरू कर दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को समर्थकों से मुलाकात के दौरान आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी गई, जिसे आम आदमी पार्टी सरकार ने रोक दिया था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों से बातचीत भी की। आज सुबह शालीमार बाग स्थित उनके आवास के बाहर बड़ी संख्या में लोग उन्हें बधाई देने के लिए एकत्र हुए। लोग उन्हें बधाई देने के लिए माला और फूलों के गुलदस्ते लेकर आए। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के नए सीएम ने कहा, "कल कैबिनेट की बैठक में हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे आप ने रोक दिया था। यह योजना जल्द ही सार्वजनिक होगी। आज हमने कैबिनेट के साथ बैठक के लिए पीडब्ल्यूडी और जल बोर्ड के अधिकारियों को बुलाया है। हम सड़कों में गड्ढों के मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे।"

**पूर्व सीएम और मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ की सेवाएं समाप्त**

उधर, दिल्ली की नवगठित सरकार ने आतिशी सरकार के सभी निजी स्टाफ की सेवाएं खत्म कर दीं। पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सभी व्यक्तिगत स्टाफ को नौकरी से हटा दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। दिल्ली सरकार सेवा विभाग ने एक आदेश जारी कर इसकी सूचना दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज दोपहर 12:30 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने जाएंगी। उसके बाद सीएम एक बजे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से और शाम को प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगी।।

**आयुष्मान योजना को दिल्ली में हरी झंडी**

दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार रात आयुष्मान योजना को मंजूरी दे दी। साथ ही, विधानसभा सत्र की पहली बैठक में आप सरकार के कार्यकाल में आई सीएजी की 14 रिपोर्टों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। इसका फैसला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में पहली कैबिनेट बैठक में लिया गया। इसमें महिला सम्मान योजना पर भी चर्चा हुई, लेकिन कोई फैसला नहीं हो सका। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में केंद्र सरकार की लोकप्रिय और जनकल्याणकारी आयुष्मान योजना को लागू किया जाएगा, जिसे आप सरकार ने रोक रखा था। पहली बैठक में कैबिनेट ने इस योजना लागू करने का फैसला किया गया है। इसमें पांच लाख रुपये केंद्र सरकार और पांच लाख रुपये दिल्ली सरकार देगी।

### महिला सम्मान योजना पर चर्चा

**सीएम** ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में महिला सम्मान योजना पर चर्चा हुई। बिना रजिस्ट्रेशन के योजना का फायदा लाभार्थियों तक कैसे पहुंचाया जाए इस पर अभी फैसला नहीं लिया गया है। हमारी सरकार इस योजना के लिए जल्द मानक तय करेगी और रजिस्ट्रेशन कैसे होगा इस बारे में भी फैसला होगा। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी के पहली कैबिनेट में योजना लागू किए जाने से जुड़े सवाल पर रेखा गुप्ता ने कहा कि यह हमारी सरकार है और एजेंडा हमारा है। वह हमें काम करने दें। उन्हें हमें बताने की जरूरत नहीं है। भाजपा ने दिल्ली की जनता से जो भी वादे किए हैं, उन्हें हम एक-एक कर जल्दी पूरा करेंगे।

### आप को हमसे सवाल करने का कोई अधिकार नहीं: सीएम



**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, "15 साल कांग्रेस का राज रहा 13 साल अअढ ने राज किया, अपना कार्यकाल देखें हमें 1 दिन में प्रश्न करने वाले ये कौन लोग हैं? जिन्होंने दिल्ली का सर्वनाश कर दिया, जनता के अधिकारों को हनन किया और काम नहीं किया वे एक दिन में हम पर उंगली उठाएंगे? ये हम हैं जिन्होंने पहले दिन शपथ लेते ही, कैबिनेट की बैठक में आयुष्मान योजना को मंजूरी दी। इन्हें हमसे सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है दिल्ली की चिंता अब हम करेंगे।"

### आतिशी का कैबिनेट बैठक पर तंज

**कैबिनेट** के फैसले पर पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि वह पहली कैबिनेट में महिला सम्मान योजना लागू करेगी। दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही थीं कि 2500 की योजना लागू होगी, लेकिन दुख की बात यह है कि सरकार बनने के पहले दिन भाजपा ने अपने वादे तोड़ने शुरू कर दिए। पहली बैठक में महिला सम्मान योजना पास नहीं हुई। उन्होंने सवाल किया कि पहली बैठक में योजना क्यों लागू नहीं हुई। ऐसा लगता है कि दिल्लीवालों को पहले दिन से धोखा देने का भाजपा ने मन बना रखा है।




'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' के पहले चरण में 1.29 करोड़ से अधिक लोगों का परीक्षण

## हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिमी जिले के किशनगढ़ थाना पुलिस ने 19 फरवरी को दो बदमाशों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित अजय उर्फ सुमित और जान मसीह उर्फ इल्लू के पास से चोरी के दो मोबाइल, एक देसी कट्टा और चार कारतूस बरामद किए हैं। आरोपितों के ऊपर चोरी, झपटमारी के नौ से ज्यादा मामले दर्ज हैं। दक्षिण पश्चिमी जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गुरुवार रात किशनगढ़ थाने की पुलिस टीम मछली वाला पार्क, किशनगढ़ गांव के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने पास में ही झाड़ियों के पास दो व्यक्तियों को संदिग्ध हालत में देखा। दोनों पुलिस को देखकर भागने लगे।

## कहां रहेंगीं दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता?



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यंमत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाल लिया है। अब जो सभी सुविधाएं एक मुख्यमंत्री को मिलती हैं वो रेखा गुप्ता को मिलेंगी। इसमें उनका बंगला, वेतन, गाड़ी, सुरक्षा, लोन और फ्री बिजली समेत अन्य सुविधाएं शामिल हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के लिए तीन जगहों का फैसला हो सकता है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लिए लोक निर्माण विभाग (पीएब्लयूडी) के पास तीन आवासों के विकल्प हैं। दो आवास डीडीयू मार्ग पर हैं, जहां पर दिल्ली भाजपा कार्यालय और भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय है। वहीं एक सिविल लाइंस में है। जहां उपराज्यपाल का राज भवन पास में ही है। तीनों बंगलों को मरम्मत के बाद शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि बाकी है। सीएम रेखा पहले ही 6, फ्लैग स्टाफ रोड बंगले में नहीं रहने के लिए कह चुकी हैं।

**मुख्यमंत्री रेखा को पुलिस ने दी जेड श्रेणी की सुरक्षा**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली पुलिस ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय की येलो बुक की गाइडलाइन के तहत सुरक्षा दी गई है, जिसमें वीआईपी और वीवीआईपी के प्रोटोकॉल का पूरा विवरण है। सीएम के साथ 22 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इनमें पीएसओ, एस्कॉर्ट्स, सर्विलांस स्टाफ आदि जवान होंगे। आतिशी को भी इसी प्रकार की सुरक्षा दी गई थी। इधर, साल 2023 में दिल्ली के विधायकों, मंत्रियों और मुख्यमंत्री के वेतन में वृद्धि की गई थी। सीएम की बेसिक 60 हजार रुपये होगी यानी हर माह वेतन और भत्ते मिलाकर 1.70 लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा 1500 रुपये का दैनिक भत्ता भी मिलेगा। उन्हें सरकारी वाहन की सुविधा भी मिलेगी।

### मुख्यमंत्री को मिलेंगी ये सविधाएं

**रेखा** गुप्ता को सरकारी आवास दिया जाएगा, जबकि सरकारी वाहन के लिए हर माह 700 लीटर फ्री पेट्रोल मिलेगा। अगर सीएम अपने निजी वाहन का इस्तेमाल करेंगी तो उन्हें हर माह 10 हजार रुपये भत्ता मिलेगा। इसके अलावा हर माह पांच हजार यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। अपने कार्यकाल के दौरान वे 12 लाख रुपये तक का लोन भी ले सकती हैं।

## डीएमआरसी ने बेकहॉल डिजिटल के साथ साझेदारी की

**हाई स्पीट नेट**

**मेट्रो कॉरिडोर में हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क स्थापित करने और रखरखाव करेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने शुक्रवार को सभी मेट्रो कॉरिडोर में हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क स्थापित करने और रखरखाव के लिए मेसर्स बेकहॉल डिजिटल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना दिल्ली-एनसीआर मेट्रो नेटवर्क में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। इस पहल के हिस्से के रूप में मेसर्स बेकहॉल डिजिटल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड एयरपोर्ट लाइन सहित सभी मेट्रो लाइनों पर 700 किलोमीटर फाइबर ऑप्टिक केबल बिछाएगी। रोलआउट चरणों में होगा, जिसमें पिंक और मैजेंटा लाइन सबसे पहले लाइव होंगी और बाकी अगले छह महीनों में तैयार होने की उम्मीद है। डीएमआरसी के अनुसार फाइबर नेटवर्क हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करेगा, दूरसंचार कंपनियों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, डेटा केंद्रों और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का समर्थन करेगा।

## क्या अरविंद केजरीवाल की बढ़ेंगी मुश्किलें?

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता शपथ लेने के बाद से एक्शन मोड में हैं। सूत्रों के हवाले खबर है कि दिल्ली की नवगठित भाजपा सरकार ने विधानसभा का सत्र बुलाया है। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 से 27 फरवरी तक चलेगा। इस सत्र में कैग रिपोर्ट को पेश किया जा सकता है। रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया। इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया। भाजपा विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।



**पूर्व सीएम और मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ की सेवाएं समाप्त**

उधर, दिल्ली की नवगठित सरकार ने आतिशी सरकार के सभी निजी स्टाफ की सेवाएं खत्म कर दीं। पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सभी व्यक्तिगत स्टाफ को नौकरी से हटा दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। दिल्ली सरकार सेवा विभाग ने एक आदेश जारी कर इसकी सूचना दी है।

**'विधानसभा की पहली बैठक में सीएजी रिपोर्ट को सदन में रखा जाएगा'**

**कैग रिपोर्ट**

**दिल्ली की नवगठित सरकार ने आतिशी सरकार के सभी निजी स्टाफ की सेवाएं खत्म कर दीं**

दिल्ली सरकार ने गुरुवार रात आयुष्मान योजना को मंजूरी दे दी। साथ ही, विधानसभा सत्र की पहली बैठक में आप सरकार के कार्यकाल में आई सीएजी की 14 रिपोर्टों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में केंद्र सरकार की लोकप्रिय और जनकल्याणकारी आयुष्मान योजना को लागू किया जाएगा, जिसे आप सरकार ने रोक रखा था।

## होली-दिवाली पर मुफ्त, बाकी 10 सिलेंडर 500 रुपये में देने की तैयारी में सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में नई सरकार का गठन हो चुका है और गुरुवार रात को पहली कैबिनेट बैठक भी हो गई। अब भाजपा सरकार के सामने अपने वादों को पूरा करने की चुनौती है। इसको लेकर सरकार में मंथन शुरू हो गया है। इस बीच जानकारी है कि दिल्ली वालों को होली-दिवाली में फ्री सिलेंडर देने की तैयारी करने में सरकार जुट गई है।

**अगले दो दिन में फैसला संभव**

कैबिनेट मंत्री सिरसा ने कहा कि अगले दो दिन में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा। साथ ही साल के अन्य 10 सिलेंडर 500 रुपये की कीमत पर



उपलब्ध कराने का खाका तैयार किया जा रहा है।

**महिला सम्मान निधि अगले महीने**

नई सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही अपनी प्राथमिकता तय कर दी। अगले 30 दिन में दिल्ली के एक लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। इसमें 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग नागरिक भी शामिल हैं। वहीं, महिला सम्मान निधि अगले महीने अलग से बजट मिलने के साथ लागू कर दी जाएगी।

**शहरी विकास : फ्लैट पर भी पीएम आवास का लाभ संभव**

शहरी विकास को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा हुई। राजधानी के लोगों को इस योजना का लाभ देने के लिए इसमें पक्के घर के साथ फ्लैट्स भी शामिल किए हैं। इसके तहत नए फ्लैट लेने पर लाभार्थी को बैंक कर्ज में करीब 2.60 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। हालांकि अंतिम फैसला होना बाकी है।

## दिल्ली पुलिस ने एजेंट को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने डंकी रूट से यात्रियों को अवैध रूप से अमेरिका भेजने वाले एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। अवैध यात्रा को छिपाने के लिए एजेंट यात्री के पासपोर्ट पर नकली वीजा और इमिग्रेशन स्टैम्प की व्यवस्था करते थे। गिरफ्तार एजेंट की पहचान अमित अरोड़ा उर्फ रचित अरोड़ा निवासी वार्ड नंबर 8, बलाचौर, पंजाब के रूप में हुई है। एजेंट पर पंजाब में वीजा और पासपोर्ट धोखाधड़ी के दस मामले दर्ज हैं। एक यात्री के अमेरिका से निर्वासित किए जाने के बाद आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

## लवली होंगे प्रोटेम स्पीकर, 24 से शुरू होगा विस सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा विधायक और पूर्व दिल्ली विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली सदन के प्रोटेम स्पीकर होंगे। गुप्ता ने हुई कैबिनेट बैठक के बारे में कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में इस बात पर चर्चा हुई है कि आगे की कार्यवाही कैसे आगे बढ़ाई जाए।

**कौन होता है प्रोटेम स्पीकर?**

प्रोटेम स्पीकर सदन का एक अस्थायी अध्यक्ष होता है जो सीमित अवधि के लिए और पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव होने तक सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। गुप्ता ने बता करते हुए आगे कहा कि नई सरकार नए उत्साह और नए जुनून



के साथ सत्ता में आई है। बता दें कि वीजेंद्र गुप्ता को नई सरकार में विधानसभा स्पीकर चुना जाएगा।

**24 फरवरी से विधानसभा सत्र**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 24 फरवरी को दिल्ली विधानसभा सत्र की शुरूआत होगी और 25 फरवरी को लंबित 14 सीएजी की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाएगा। सदन का पहला सत्र तीन दिन तक (27 फरवरी) चलेगा। सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी।

**रेखा की टीम में कौन-कौन?**

गुरुवार को रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया। इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया।

**जिम्मेदारी**


**गुप्ता ने गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक के बारे में कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में इस बात पर चर्चा हुई**

## एक रात में दो खून: दारू पीने से किया मना तो नाबालिगों ने घोंपा चाकू

**बेरहमी से हत्या**

**लूटपाट के लिए नाबालिगों के एक समूह ने दो लोगों की चाकू घोंपकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर और न्यू अशोक नगर इलाके में कुछ देर के अंतराल पर लूटपाट के लिए नाबालिगों के एक समूह ने दो लोगों की चाकू घोंपकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतकों की शिनाख्त रमेश (49) और पप्पू (30) के रूप में हुई है। बुधवार देर रात न्यू अशोक नगर इलाके में पहले पप्पू का शव बरामद हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी ही थी कि गाजीपुर पेपर मार्केट से रमेश का शव बरामद हुआ। पुलिस ने सीसीटीवी से मामले की पड़ताल की तो वारदात में एक ही गिरोह का पता चला। बृहस्पतिवार दिनभर चली छापेमारी के बाद टीम ने पांच नाबालिगों को दबोच लिया है। उनसे पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है। पूछताछ के दौरान नाबालिगों ने बताया है कि गाजीपुर पेपर मार्केट में वह जन्मदिन मना रहे थे। वहां खाना-पीना चल रहा था। इस बीच अंडे की रेहड़ी लगाने वाले रमेश ने उनको शराब पीने से मना किया तो आरोपियों ने पर उस चाकू से हमला कर दिया। उससे लूटपाट के बाद वह फरार हो गए। इसी तरह कुछ देर बाद इन लोगों ने लूटपाट के लिए पप्पू की हत्या कर दी। पूर्वी जिला के



पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि बुधवार देर रात उनकी टीम को सूचना मिली कि न्यू अशोक नगर, जलबोर्ड ट्रीटमेंट प्लांट के पास एक युवक खून से लथपथ पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एलबीएस भेजा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अभी मामले की जांच चल ही रही थी कि बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे सन्नी नामक युवक ने कॉल पुलिस को सूचना दी कि उसके पिता की हत्या हो गई है।

**पिता की तलाश करते हुए पहुंचा**

पुलिस प्लॉट नंबर-549 पर पहुंची। वहां सन्नी मिला। सन्नी ने बताया कि उसके पिता यहां अंडे की रेहड़ी लगाते थे। राम को वह घर नहीं पहुंचे तो वह उनको तलाश करते हुए यहां पहुंचा। सन्नी ने बताया कि उनका परिवार घड़ौली, गाजीपुर में रहता है। परिवार में रमेश की पत्नी और दो बच्चे हैं। रमेश का शव देखकर लग रहा था कि उनकी हत्या देर रात को की गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

दो हत्याओं के बाद पुलिस ने फौरन दो थानों के अलावा स्पेशल स्टाफ और नारकोटिक्स की टीम का गठन किया। चार टीमों ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो पता चला कि दोनों हत्याओं में नाबालिगों के एक ही गिरोह का हाथ है। पुलिस ने दिन में ही उनको दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया।

## एमसीडी के ट्रक ने दो को रौंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के ट्रैफिक जाम ने फरीदाबाद निवासी दसवीं कक्षा की छात्रा मायरा राज और शाहीनबाग निवासी जावेद खान के परिवार को जिंदगी भर का न भूला जाने वाला दर्द दे दिया। ओखला एस्टेट रोड पर जाम में फंसने के कारण मायरा परीक्षा के लिए लेट हो रही थी। पिता ने वहां से गुजर रहे मोटरसाइकिल सवार जावेद खान को पास में स्थित ग्रीन फील्ड स्कूल छोड़ने के लिए लिफ्ट मांगी। युवक ने छात्रा को लेकर 50 मीटर ही बाइक चलाई होगी कि एमसीडी के ट्रक ने दोनों को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। खास बात ये है कि जाम के कारण एंबुलेंस घटनास्थल पर पौने घंटे बाद पहुंच पाई, मगर




ट्रैफिक पुलिसकर्मी नहीं पहुंचे। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़ित पिता मनोज कलोसिया फरीदाबाद के सेक्टर-45 के मकान नंबर-775 में रहते हैं। उनकी बेटी मायरा राज दिल्ली के कालकाजी एक्सटेंशन स्थित श्री सत्या साईं विद्या मंदिर में दसवीं कक्षा में पढ़ रही थी। इस दिनों उसकी परीक्षाएं चल रही हैं। छात्रा का परीक्षा सेंटर अलकनंदा स्थित ग्रीन फ्रील्ड स्कूल में पड़ा था। बृहस्पतिवार को साइंस की परीक्षा थी।
पिता मनोज उसे फरीदाबाद से परीक्षा दिलाने दिल्ली के लिए कार से चले थे, मगर ओखला से तारा अपार्टमेंट की तरफ जाने वाले ओखला एस्टेट रोड पर जाम में फंस गए।

# पीएम इंटर्नशिप योजना पर कार्यशाला आयोजित

## वित्त वर्ष 2024-2025 में युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करने के लिए की गई है पी.एम. इंटर्नशिप योजना की घोषणा




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय बजट 2024-2025 में युवाओं के लिए घोषित की गई पीएम इंटर्नशिप योजना की समीक्षा हेतु आज हरियाणा सिविल सचिवालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अतिरिक्त सचिव अनुराधा ठाकुर ने योजना के बारे विस्तृत जानकारी साझा की। इस मौके पर युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विजेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-2025 के बजट भाषण में पी.एम. इंटर्नशिप योजना की घोषणा की गई है, जिसके तहत देश के 500 बड़े प्रतिष्ठानों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। इस दौरान कंपनी द्वारा 5,000 रुपये मासिक स्टाइफण्ड व भारत सरकार द्वारा 6,000 रुपये का एक मुश्त भत्ता दिया जाएगा।

श्रीमती अनुराधा ठाकुर ने बताया कि मंत्रालय ने पी.एम. इंटर्नशिप योजना के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु पोर्टल लॉन्च किया है, जिस पर कंपनी व इच्छुक उम्मीदवार इंटर्नशिप के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते है। इस योजना में 21 से 24 वर्ष के युवा, जो 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, बीए, बीएससी आदि स्नातक योग्यता रखते हैं, आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक युवा इस योजना के द्वितीय चरण में 12 मार्च तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस योजना के तहत द्वितीय चरण में बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए विभिन्न 5646 रिक्तियां उपलब्ध हैं, जिनके प्रति युवा तुरन्त आवेदन कर सकते हैं।

**साझा**

**अतिरिक्त सचिव अनुराधा ठाकुर ने योजना के बारे विस्तृत जानकारी साझा की।**

उन्होंने बताया कि बड़ी कंपनियों में सफलतापूर्वक इंटर्नशिप करने के उपरांत या तो वही कंपनी बेहतरीन उम्मीदवारों को स्थाई नोकरी देने पर विचार कर लेती है अथवा युवा के अन्य कंपनियों में शीघ्रता से नौकरी पाने में कामयाब होने के अवसर बढ़ जाते हैं। कार्यशाला में तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक श्री प्रभजोत सिंह, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक कैप्टन मनोज कुमार, उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक श्री राहुल हुड्डा, सहित अन्य अधिकारी ने भाग लिया।

# 2 मार्च को कमल के निशान पर एक तरफा मतदान करेगी जनता: बड़ौली

**दावा**

**सरकार के पास बजट की कमी नहीं है, ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर धड़ाधड़ विकास के कार्य होंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 2 मार्च को जनता कमल के फूल पर एकतरफा मतदान करेगी और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बजट की कमी नहीं है, ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर धड़ाधड़ विकास के कार्य होंगे।



जुलाना में भाजपा प्रत्याशी डा. संजय जांगड़ा के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे बड़ौली ने कहा कि जनता ने भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा को विजयी बनाने का मन बना लिया है। जनसभा को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए श्री बड़ौली ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजनीति में अपार संभावनाएं हैं, राजनीति में कब क्या हो जाए किसी को कुछ पता नहीं होता। अगर हुड्डा साहब का मन बीजेपी में आने का है तो वे आ सकते हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा चुनाव को उत्सव की मनाती है। भाजपा के कार्यकर्ता जोश और उत्साह से भरे हुए हैं। बीजेपी के लाखों कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में जन आशीर्वाद और कार्यकताओं की मेहनत से ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है।

# एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ आला अधिकारियों की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार और पशुपालन विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया ने आज यहां हरियाणा सिविल सचिवालय में पशु चिकित्सा पशुधन विकास सहायक (वीएलडीए) की मांगों के संबंध में तीन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस मौके पर प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को अपना मांग पत्र भी सौंपा। प्रतिनिधियों की मांगों को सुनते हुए डॉ साकेत कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य सरकार प्रदेश में पशुधन की स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पशुओं के स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने हेतु मोबाइल वैन भी चलाई जा रही है। वीएलडीए निरंतर अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन कर रहे हैं। बैठक में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने वीएलडीए का पदनाम बदलने, वीएलडीए डिप्लोमा के नाम में संशोधन करने, सेवा नियमों में संशोधन करने, ऑनलाइन ट्रांसफर, डिप्लोमा वेटरनरी काउंसिल का गठन करने सहित अन्य मांगों को रखा।

**प्रतिबद्ध**

**मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध**

इस पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने कहा कि उपरोक्त मांगों पर विचार करते हुए जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा।

# पानीपत नगर निगम की वार्ड वाइज मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:**- हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने कहा कि पानीपत नगर निगम की वार्ड वाइज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 19 फरवरी को कर दिया गया है। यह सूची पानीपत जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सम्बंधित मतदाता अपना नाम इस मतदाता सूची में देख सकते हैं। राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जिनका नाम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में है परन्तु नगर निगम की वार्ड वाइज अंतिम प्रकाशित सूची में शामिल नहीं है वह व्यक्ति फार्म क (अ) भरकर रिटर्निंग अधिकारी के पास नामांकन भरने के अंतिम दिन तक यानि 27 फरवरी 2025 तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकता है।

# 4 जिलों में सड़कों की गुणवत्ता व स्थिति में होगा सुधार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के 4 जिलों भिवानी, फतेहाबाद, करनाल और यमुनानगर में लगभग 54.22 करोड़ रुपये की लागत से 886 किलोमीटर लंबाई की 373 सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। सड़क नेटवर्क और कनेक्टिविटी में सुधार होने से जनता को बहुत लाभ मिलेगा व आवागमन में सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला भिवानी में 11 सड़कों की स्पेशल रिपेयर की जाएगी, जिनकी कुल लंबाई 47.7 किलोमीटर है। साथ ही, 18.6 किलोमीटर लंबाई की 4 सड़कों का



सुधारीकरण किया जाएगा। इन पर क्रमशः 8.17 करोड़ रुपये तथा 3.95 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, भिवानी में वार्षिक रिपेयर श्रेणी के तहत 265 किलोमीटर लंबाई की 94 सड़कों की मरम्मत की जाएगी, जिस पर 2.19 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसी प्रकार, जिला फतेहाबाद में वार्षिक रिपेयर श्रेणी के तहत 252 किलोमीटर लंबाई की 109 सड़कों की मरम्मत की जाएगी, जिस पर लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत आएगी। साथ ही, लगभग 12.65 करोड़ रुपये की लागत से 24.3 किलोमीटर लंबाई की 7 सड़कों का सुधारीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला करनाल में 14 सड़कों की स्पेशल रिपेयर की जाएगी, जिनकी कुल

**जनता को लाभ**

**सैनी ने सड़कों के सुदृढीकरण को दी मंजूरी, सड़क नेटवर्क में सुधार होने से जनता को मिलेगा लाभ**

लंबाई 31.36 किलोमीटर है। साथ ही, 21.32 किलोमीटर लंबाई की 9 सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इन पर क्रमशः 6.51 करोड़ रुपये तथा 6.44 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, जिला यमुनानगर में वार्षिक रिपेयर श्रेणी के तहत 185.49 किलोमीटर लंबाई की 112 सड़कों की मरम्मत की जाएगी, जिस पर 1.72 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

# पानीपत नगर निगम के के लिए 27 तक भरे जा सकेंगे नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने कहा कि नगर निगम पानीपत के लिए 21 फरवरी से 27 फरवरी तक (23 फरवरी को रविवार एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि की वजह से घोषित राजपत्रित अवकाश को छोड़कर शेष सभी कार्य दिवसों में)नामांकन पत्र भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उसके बाद जो उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहे वे 1 मार्च को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। एक मार्च को ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों एवं मतदान केन्द्रों की सूची सार्वजनिक स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। इसके बाद 9 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन चुनाव के परिणाम घोषित किये जायेंगे। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए सभी प्रकार की एनओसी देने के लिये जिला स्तर पर सिंगल विंडो स्थापित की गई है।

# पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में भी हरियाणा बना चैंपियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** खेल के क्षेत्र में देशभर में सिरमौर बने हरियाणा के पैरा एथलीटों ने भी चेन्नई में आयोजित 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में अपना जलवा दिखाते हुए "चैंपियनशिप ट्रॉफी"अपने नाम कर ली।

राज्य के पैरा एथलीटों द्वारा चैंपियन ट्रॉफी जीतने पर "पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा" की अध्यक्ष एवं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा है कि हौसलों के आगे कोई भी शारीरिक बाधा आड़े नहीं आती है, यह हमारे खिलाडियों के जोश और जज्बे ने साबित कर दिखाया है। कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि




प्रदेश के खिलाड़ी तो मेहनती हैं ही, प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों को उनके खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। राज्य सरकार की खेल नीति की बदौलत प्रदेश के खिलाड़ी सभी खेलों में अपनी धाक जमा रहे हैं। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के महासचिव ज्योति छाबड़ा ने बताया की इस प्रतियोगिता में हरियाणा के 172 खिलाड़ियों की टीम ने हिस्सा लिया था जिनमें से 113 खिलाड़ियों ने मैडल प्राप्त कर प्रदेश को चैंपियनशिप ट्रॉफी दिलवाने में भागीदारी की। इनमें पुरुष खिलाड़ियों ने 66 मैडल और महिला खिलड़ियों ने 37 मैडल जीते हैं। हरियाणा की टीम ने कुल 53 स्वर्ण पदक, 31 रजत पदक और 29 कॉंस्य पदक प्राप्त किए हैं ' श्री छाबड़ा ने जानकारी दी कि पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के तत्वधान में तमिलनाडु पैरालिंपिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा चैन्नई तमिलनाडु में 23 वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन करवाया जिसमें 25 राज्यों के 1350 दिव्यांग खिलाड़ियों ( पैरा एथलीट्स ) ने हिस्सा लिया ' हरियाणा की टीम मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों में मुख्य रूप से पैरा ओलिम्पियन अर्जुन अवार्डी नवदीप ने जेवलीन थ्रो में गोल्ड मैडल प्राप्त किया जबकि अन्तर्राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी एकता भ्याण , धर्मबीर, रिंकू, अंकुर धामा, टेकचंद , करमज्योति, सुमित, सुमन, मोनू घनघस , प्रीति , उषा, कंचन लखानी ने भी अपने -अपने खेल में मैडल हासिल किए।

# सीएम की सुरक्षा चूक पर सरकार ने पुलिस को आपत्ति दर्ज कराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की सुरक्षा में चूक को लेकर हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ पुलिस के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। सरकार ने कहा कि सीएम सैनी के हरियाणा निवास जाते वक्त मार्ग आवाजाही मुक्त कराना चंडीगढ़ पुलिस की जिम्मेदारी थी। इसके बावजूद जब वे संत कबीर कुटीर से हरियाणा निवास के लिए आए तो पंजाब भवन के बाहर गेट बंद था। इस गेट की चाबी पंजाब सरकार की तरफ से लगाए गार्ड के पास थी। गेट बंद होने से सीएम नायब सैनी का काफिला 15 मिनट तक रोड पर ठहरा रहा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी उनके साथ थे। दोनों नेताओं को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है। इसके बावजूद काफिले को मजबूरीवश रोड पर रहना पड़ा। वहीं सीएम नायब सैनी ने भी इस पर सवाल खड़े किए। हिमाचल के कांगड़ा में सीएम ने कहा कि पंजाब भवन वाला गेट बंद था। वह गेट बंद नहीं होना चाहिए। बता दें कि बुधवार की रात 11 बजे सीएम के काफिले को 15 मिनट तक रोड पर खड़ा रहना पड़ा ।

सीएम का काफिला जहां रोकना पड़ा, वह हाई सिक्योरिटी वाले सेंसिटिव जोन में आता है। 4 साल पहले यहां पानीपत के भाजपा विधायक की गाड़ी को आग लगा दी गई थी।

हालांकि हरियाणा का खुफिया विभाग इस मामले में जांच कर रहा है। चंडीगढ़ पुलिस को भी मार्ग आवाजाही मुक्त न होने को लेकर जांच के लिए कहा गया है। हालांकि मामला सामने आने के बाद सीएम ने इसकी पुष्टि करते हुए प्रतिक्रिया दी है हिमाचल में पत्रकारों ने सीएम नायब सैनी से पूछा- बुधवार )रात को आपके काफिले को चंडीगढ़ में रुकना पड़ा। सिक्योरिटी चूक हुई। इसे कैसे देखते हैं

**जिम्मेदारी**

**सीएम सैनी के हरियाणा निवास जाते वक्त मार्ग आवाजाही मुक्त कराना चंडीगढ़ पुलिस की जिम्मेदारी थी**

इस पर नायब सैनी ने वहां पंजाब भवन है। मुझे बताया गया कि पंजाब भवन की वजह से कोई दिक्कत थी, पुलिस ने आकर उसे देखा है। पंजाब के सीएम भगवंत मान) ने कहा था कि यहां गारद लग जाए। इससे कोई वीआईपी रात को भी आ सकता है। रास्ता बंद होगा तो दिक्कत आ जाती है। रास्ता बंद नहीं होना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर चंडीगढ़ आए हुए थे। वह सीएम नायब सैनी के साथ चंडीगढ़ में ही हरियाणा सके सरकारी आवास संत कबीर कुटीर गए थे। रात करीब 11 बजे खट्टर को हरियाणा निवास लौटना था। इसके बाद सीएम नायब सैनी भी उन्हें छोड़ने के लिए हरियाणा निवास की तरफ रवाना हुए।

# यूजीसी ने राजस्थान की तीन यूनिवर्सिटी से जारी पीएचडी डिग्री की वैधता जारी रखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा कांट्रैक्चुअल कॉलेज टीचर एसोसिएशन ने हरियाणा एक्सटेंशन लेक्चरर्स से जुड़े विवाद पर स्पष्ट किया हैं कि विश्व विद्यालय अनुदान आयोग ने राजस्थान की तीन यूनिवर्सिटी की पी एच डी डिग्री की मान्यता रद्द नहीं की है बल्कि इन यूनिवर्सिटी में वर्ष 2025 से 2030 की अवधि में पी एच डी के लिए प्रवेश रोके है। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि यूजीसी ने जब राजस्थान की तीन यूनिवर्सिटी द्वारा पूर्व में प्रदान की गई पी एच डी डिग्री को किसी भी रूप में विवाद में नहीं रखा है तो इन डिग्री के आधार पर सेवा से बाहर किए गए एक्सटेंशन लेक्चरर्स की सेवाएं




तुरंत बहाल की जाए।

एचसीसीटीए के वरिष्ठ पदाधिकारियों रामपाल सिंह, चरण सिंह ग्रोवर,संदीप कुमार, डॉ सोनू रानी, डॉ नेहा, डॉ राकेश, डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ राहुल, डॉ दीपक व अन्य सदस्यों ने शुक्रवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में कहा कि यूजीसी ने राजस्थान की तीन यूनिवर्सिटी के पी एच डी में 2025 से 2030 की अवधि के लिए प्रवेश रोके हैं। इन यूनिवर्सिटी द्वारा पूर्व में प्रदान की गई पी एच डी डिग्री की वैधता कायम है।

हरियाणा कांट्रैक्चुअल कॉलेज टीचर एसोसिएशन (एचसीसीटीए) के प्रधान रामपाल ने बताया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सीडब्ल्यूपी 26892/2023 की सुनवाई में सही जानकारी पेश नहीं की गई। इससे राज्य के एक्सटेंशन लेक्चरर्स में भय और नौकरी जाने का संकट पैदा हो गया है।

**मान्यता**

**तीन यूनिवर्सिटी द्वारा पूर्व में प्रदान की गई पी एच डी डिग्री को किसी भी रूप में विवाद में नहीं रखा**

उन्होंने कहा कि वे 2011 से सरकारी कॉलेजों में पूरी ईमानदारी और समर्पण से पढ़ा रहे हैं, लेकिन हाल ही में यूजीसी के 16 जनवरी 2025 के आदेश ने उनके भविष्य को संकट में डाल दिया है।

उन्होंने बताया कि यूजीसी ने अपने पत्र में राजस्थान के तीन निजी विश्वविद्यालयों ओपीजेएस, सनराइज और सिंघानिया विश्वविद्यालय को अगले पांच वर्षों तक पीएचडी की डिग्री प्रदान करने से प्रतिबंधित कर दिया है। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि पहले से प्राप्त पीएचडी डिग्रियां अमान्य हैं या अवैध मानी जाएंगी।

इसी आधार पर हरियाणा सरकार ने 160 एक्सटेंशन लेक्चरर्स को 18 फरवरी को नौकरी से निकाल दिया।

# सूरजकुंड मेले में पर्यटकों को लुभा रही भील आर्ट कला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** फरीदाबाद में 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में थीम स्टेट मध्यप्रदेश की पैवेलियन में स्टाल संख्या 1175 पर भील कला की झलक हर पर्यटक पर कला की अमिट छाप छोड़ रही है। यह स्टाल हर मेला विजिटर के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भोपाल के कलाकार अनिल बारिया द्वारा संचालित इस स्टॉल पर पद्मश्री सम्मानित कलाकार भूरी बाई की प्रेरणादायक लोक कला का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। भील समुदाय की पारंपरिक चित्रकला, जिसे भील आर्ट कहा जाता है।

# कांग्रेस ने निकाय चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों में सभी नेताओं को शामिल कर एकजुटता दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कांग्रेस ने हरियाणा में निकाय चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों में सभी नेताओं को शामिल कर एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया है। स्टार प्रचारकों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा है तो कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला भी शामिल है। स्टार प्रचारकों में विधायक विनेश फोगाट को शामिल नहीं किया गया। हुड्डा-सैलजा समेत 30 नेताओं को निकाय चुनाव में प्रचार का जिम्मा सौंपा गया है।अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चेयरमैन अब्दुल गफ्फार कुरेशी और एन एस यू आई चेयरमैन अविनाश यादव को भी स्टार प्रचारक सूची में शामिल किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा समेत 30 नेताओं को प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। लिस्ट में जुलाना से कांग्रेस की विधायक विनेश फोगाट और किसान सेल के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग पूनिया को शामिल नहीं किया गया है। पिछले दिनों विनेश फोगाट ने जुलाना में रोहतक से कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र हुड्डा के कार्यक्रम से दूरी बनाई थी। इस कार्यक्रम में विनेश फोगाट का नाम विशेष आमंत्रित अतिथि के बतौर था। उधर, कांग्रेस ने रादौर से पूर्व विधायक बिशन लाल सैनी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि विशाल सैनी को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि दोनों नेता पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। हालांकि, बिशन लाल सैनी को 6 दिन पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यमुनानगर में भाजपा में शामिल कर चुके थे। बिशन लाल सैनी 2016 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने 9 साल तक पार्टी को सेवाएं दीं। सैनी ने कांग्रेस के टिकट पर रादौर विधानसभा से 2 बार चुनाव लड़ा, जिसमें से एक में जीत और दूसरे में हार मिली थी।

# पर्यटन की दृष्टि से सन, सैंड एंड सी तक सीमित नहीं रहा गोवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** गोवा के विधायक एवं गोवा टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन डॉ. गणेश गावकर ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रसिद्ध गोवा राज्य अब केवल सन, सैंड और सी तक ही सीमित नहीं रहा है। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पुरातन सांस्कृतिक धरोहर और जंगल सफारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। गोवा पवेलियन का अवलोकन करते हुए डॉ. गणेश गावकर ने बताया कि इस साल सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के माध्यम से गोवा में टूरिज्म को प्रोत्साहन देने के लिए यह पवेलियन लगाई गई है। उन्होंने बताया कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत व पर्यटन मंत्री डॉ. रोहन



खाउंते के प्रयास से गोवा पर्यटन को नया स्वरूप प्रदान किया गया है। अब गोवा का पर्यटन केवल समुद्र के बीच, सूरज की धूप और रेत तक ही सीमित नहीं है। समुद्र से दूर गोवा के आंतरिक क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक किलों, भगवान शिव व देवियों के प्राचीन मंदिरों, बायो डायवर्सिटी पार्क, मेडिसिनल प्लांट्स गार्डन, जल प्रपात, यूनेस्को हेरिटेज साइट्स को विकसित कर पर्यटन का विस्तार किया जा रहा है। डॉ. गणेश गावकर ने बताया कि करोड़ों रुपयों की राशि खर्च कर गोवा के 25 प्राचीन मंदिरों का काशी, उज्जैन की तरह पुनरोद्धार किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 25 फरवरी को यहां सांकरोडे के महादेव मंदिर में विशाल शिव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां आकर पर्यटक नेचुरल फूड और जैविक कला शिल्प की सुंदरता देख सकते हैं। इसके अलावा गोवा के घरों में पर्यटक होम स्टे कर कोंकणी कल्चर को नजदीक से देख सकते हैं।

**अवलोकन**

**प्राचीन मंदिरों तथा जंगल सफारी का भी आनंद ले सकते हैं पर्यटक, गोवा पर्यटन निगम के चेयरमैन डॉ. गणेश गावकर ने किया गोवा पवेलियन का अवलोकन**

**मेले के माध्यम से संस्कृति हो रही है सांझी - डॉ.सुनील**

इस अवसर पर उपस्थित हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि गोवा और हरियाणा राज्य सूरजकुंड मेले के माध्यम से अपनी कला संस्कृति को साझा कर रहे हैं। भविष्य में भी ये दोनों राज्य पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। गोवा के कलाकारों ने यहां आकर अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। बड़ी चौपाल पर कोंकणी संस्कृति के पारंपरिक नृत्यों की इन कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। गोवा पर्यटन निगम के निदेशक केदार नाइक भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# निकाय चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी व ऐतिहासिक जीत सोनीपत से होगी : राजीव

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने शुक्रवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान आयोजित सभाओं में कहा कि प्रदेश में हो रहे निकाय चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी व ऐतिहासिक जीत सोनीपत से होगी।

उन्होंने कहा कि आज मेरे साथ सोनीपत नगर निगम की जनता विकास के लिए मेयर का उप चुनाव लड़ रही है । जनसंपर्क अभियान में लोगों का जबरदस्त सहयोग व समर्थन मिल रहा है । आम जनता का यह प्यार-प्रेम और आशीर्वाद एक दिन की नहीं मेरी 38 सालों की कमाई है। इतने सालों में हमने मिलकर पांच चुनाव लड़ा, कभी हारा कभी जीता, लेकिन सोनीपत की जनता ने हमेशा अपने दिल से समर्थन दिया है । राजीव जैन ने मुरथल रोड मार्केट, दिल्ली कैंप, ओल्ड डीसी रोड, रेलवे रोड, सेक्टर- 14 कम्युनिटी सेंटर, गांव शाहपुर, गांव शामाबाद, कैलाश कॉलोनी, शास्त्री पार्क, सरदारों वाली गली, वाल्मीकि बस्ती सुभाष नगर, कच्चे क्वार्टर आदि जगहों पर आयोजित सभा में सोनीपत की जनता से आशीर्वाद मांगा और आने वाली 2 मार्च को भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में मतदान की अपील की । इस सभाओं में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का फूल मालाओं से अभूतपूर्व स्वागत किया।

मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने चुनावी सभाओं में भावुक होते हुए कहा कि पिछले चार दशक से आप लोग मेरे साथ हैं। आप लोगों ने न तो मुझे छोड़ा है और न मैंने आप लोगों को छोड़ा है। इतने लंबे समय तक हम यहां हैं इसका श्रेय सोनीपत की जनता को जाता है। सोनीपत की जनता ने अपना मन बना लिया। प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर पूरा भरोसा है। निकाय चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों की रिकार्डतोड़ जीत होगी । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और विकास की गति तेज होगी । जनसम्पर्क अभियान के दौरान राजीव जैन ने नगर निगम क्षेत्र के विकास को लेकर भावी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सोनीपत के विकास को लेकर रोडमैप तैयार है। मेयर चुनाव संपन्न होते ही जनता के सहयोग व उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप इस रोडमैप व विकास के मॉडल को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस मौके पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। चाहे ढांचागत विकास की बात हो, सामाजिक व आर्थिक परिदृश्य की बात हो, आज हर क्षेत्र में हरियाणा प्रगति कर रहा है। भाजपा निकाय चुनाव में सबका साथ, सबका विकास की नीति को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रही है। पार्टी का पूरा फोकस स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने पर है। एक सवाल के जवाब में भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि मैंने अपने राजनीतिक जीवन में कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा नहीं देखी जैसी आज बनी हुई है। यह सब कांग्रेस के कुकर्मों का फल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन की जरूरत है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कविता जैन, डॉक्टर ओमप्रकाश अत्रे, अशोक अरोड़ा, सुरेश भारद्वाज, अनिल ठक्कर, योगेश पाल अरोड़ा, तरुण देवीदास, गौरव भोला, सुरेंद्र मदान, मुकेश बत्रा, प्रदीप खन्ना, अनिल सैनी, रवि राणा, संजय मलिक, राजेंद्र गर्ग, कृष्ण मित्तल, अधिवक्ता अरविन्द मित्तल, विकास परुथी, जय किशन शर्मा, अधिवक्ता राहुल खत्री, मोहन नासा, वेद सैनी, राज सिंह, ब्रह्म प्रकाश, सुनील चावरिया, अनिल शर्मा, अशोक अरोड़ा सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



### जनता लड़ रही है उप चुनाव: जैन

- भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा जनता का यह प्यार-प्रेम और आशीर्वाद एक दिन की नहीं मेरी 38 सालों की है कमाई
- सोनीपत की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर है पूरा भरोसा

## भाजपा उम्मीदवार पर दोहरी वोटिंग का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** असंध नगर पालिका उपचुनाव में राजनीतिक पारा तेजी से चढ़ रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सोनिया बोहत ने भाजपा प्रत्याशी सुनीता रानी पर चुनावी प्रक्रिया में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। सोनिया बोहत का दावा है कि सुनीता रानी ने नामांकन दाखिल करते समय कुछ महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ने आरोप लगाया है कि सुनीता रानी का नाम एक ही समय में दो अलग-अलग जगहों की वोटर लिस्ट में दर्ज है। पहला नाम अरडाना गांव की विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज है, जहां उन्होंने अपना वोट भी डाला है। दूसरा नाम असंध नगर पालिका के वार्ड 16 की मतदाता सूची में दर्ज है। सोनिया बोहत ने कहा कि चुनाव आयोग के नियमानुसार किसी भी व्यक्ति का नाम एक ही जगह की मतदाता सूची में होना चाहिए। ऐसे में उन्होंने सुनीता रानी का नामांकन रद्द करने की मांग की है।

# स्थानीय निकाय चुनावों के दृष्टिगत पीओ तथा एपीओ का हुआ प्रशिक्षण: संजय

### प्रशिक्षण

- नोडल अधिकारी जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संजय टांक की अध्यक्षता में दिया गया।

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** स्थानीय निकाय चुनावों के दृष्टिगत शुक्रवार को स्थानीय डॉ. मंगलसेन सभागार में पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण चुनाव प्रक्रिया ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संजय टांक की अध्यक्षता में दिया गया। डीडीपीओ संजय टांक ने बताया कि आगामी 2 मार्च को नगर निगम के मेयर पद का और नगर निगम के पार्षदों का चुनाव होना है तथा 12 मार्च को मतगणना होनी है। नगर निकाय के चुनावों को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से पीओ तथा एपीओ को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के कार्यों के दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने पीओ तथा एपीओ को बताया कि वे अपने स्तर पर मतदान केंद्र के निर्धारित स्थान में बदलाव नहीं कर सकते। उन्हें मतदान से एक दिन पहले बूथ पर पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम को मतदान केंद्र की खिडकी के पास नहीं रखा जाना चाहिये। यदि किसी बूथ के बाहर निर्धारित समय के बाद भी मतदाताओं की लाईन लगी हो तो सभी के वोट डलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने चुनाव के दौरान ईवीएम खराब होने की स्थिति में उठाये जाने वाले कदमों की जानकारी दी। ईवीएम में किसी भी प्रकार की खराबी के बारे में अविलम्ब एआरओ को सूचित करें। यदि मतदान के दौरान बीयू-सीयू खराब होता है तो पूरा सेट बदलना जरूरी है। फिर नई मशीन से पुनः मॉक पोल प्रक्रिया पूरी करें। नेत्रहीन मतदाता पोलिंग बूथ तक अपने साथ सहयोगी को ला सकते हैं।



# भाजपा किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती: योगेन्द्र

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** भाजपा नगर निगम चुनाव कार्यालय अग्रवाल धर्मशाला में असंध विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें नगर निगम चुनाव संचालन समिति की घोषणा की गई। इस मौके पर उनके जन्मदिन एवं शादी की साल गिरोह पर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य तौर पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता, भाजपा कार्यकारिणी सदस्य यशपाल ठाकुर, अशोक भंडारी, अमरनाथ सौदा, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, जिला महामंत्री सुनील गोयल, वरिष्ठ नेता सरदार तिरलोचन सिंह, अशोक खुराना जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार सहित सभी प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य, सभी मंडल अध्यक्षों सहित सभी प्रमुख लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने सभी से अधिक से अधिक मतदान करवाने की अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव आप लड़ रहे हैं और इसमें होने वाली जीत भी आपकी ही होगी। बैठक के दौरान अपने सम्बोधन में विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि चुनावों में जिन भी कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी मिली है, उसे बखूबी निभाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी किसी भी चुनाव चाहे वह छोटा है या चुनाव बड़ा है, उसे हल्के में नहीं लेती।




### समिति

- योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें नगर निगम चुनाव संचालन समिति की घोषणा की गई

# वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस के उपलक्ष्य में वर्कर्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस के उपलक्ष्य में रेडक्रॉस सोसाइटी में वर्कर्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के रेड क्रॉस सोसाइटी में पहुंचने पर सचिव कुलबीर मलिक ने उनका स्वागत किया।

सीजेएम डॉ. इरम हसन ने उपस्थित वर्कर्स से बातचीत की और उन्हें उनके अधिकारों से अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित वर्कर्स को कैम्पेन स्वच्छता सखी बारे जानकारी देते हुए महिलाओं को मासिक धर्म संबधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करने बारे प्रेरित किया।

**राजकीय महाविद्यालय करनाल में लगाया गया शिविर:** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डा. सुभाष चन्द्र शर्मा ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया व आभार प्रकट किया।

डा.इरम हसन ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को कैम्पेन स्वच्छता सखी बारे जानकारी देते हुए महिलाओं को मासिक धर्म संबधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सेनेटरी नैपकिन का प्रयोग करने व संबंधित सूचना का महिलाओं के हित में प्रसार करने का आग्रह किया। उन्होंने कुछ महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन प्रदान कर सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया और जिला कार्यकारी अधिकारी के सौजन्य से संबंधित जानकारी हेतु पैम्पलेट भी प्रदान किए। इसके अलावा उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन शोषण से बचाव हेतु गठित आंतरिक कमेटी एवं जिला स्थानीय कमेटी बारे भी जानकारी दी।

**8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन : सीजेएम**
सीजेएम डा. इरम हसन ने बताया कि 8 मार्च को जिला न्यायालय की अदालतों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें कोई भी व्यक्ति अदालतों में लंबित मुकदमों का निपटारा आपसी समझौते के जरिए कर सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे स्थाई लोक अदालत में रखकर उनका निपटारा कर सकते हैं।




### जागरूक किया

- मासिक धर्म संबधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए नैपकिन का प्रयोग करने बारे प्रेरित किया

# पानी बचाना हर व्यक्ति की जिम्मेदार : डा. अरशिंदर सिंह



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** एचएपी मधुबन के निदेशक डा. अरशिंदर सिंह चावला ने कहा है कि पानी का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। भावी पीढ़ियों के लिये पानी बचाना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। खुद से शुरूआत करके दूसरों को भी पानी बचाने के लिये प्रेरित करना होगा।

डा. चावला आज मधुबन पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम हॉल में भावी पीढ़ी के लिए भू-जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यशाला का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की स्थानीय भूमि एवं जल संरक्षण शाखा द्वारा किया गया। उन्होंने रंगरूटों से अपील की कि वे खुद भी पानी का वाजिब इस्तेमाल करें और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। पानी के बिना जीवन का अस्तित्व नहीं है। पानी का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। सरकार तो अपने स्तर पर जल संरक्षण के लिये कदम उठा ही रही है पर इसके लिये जनभागीदारी भी जरूरी है। पानी बचाने से आंतरिक संतुष्टि भी प्राप्त होगी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पंचायत विभाग के पूर्व महानिदेशक बीएस मलिक ने कहा कि जल संचयन में प्लास्टिक थैलियां एक बड़ी बाधा हैं। दुर्भाग्य की बात है कि पाबंदी के बावजूद प्लास्टिक की थैलियां धड़ल्ले से बिक रही हैं। प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिये लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि कहा जा रहा है कि अगला विश्व युद्ध पानी को लेकर होगा।

### आह्वान

- खुद से शुरूआत करके दूसरों को भी पानी बचाने के लिये प्रेरित करना होगा: निदेशक डा. अरशिंदर

# टोल फ्री कराने पर दो युवक गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** मधुबन पुलिस ने बस्ताड़ा टोल प्लाजा पर उत्पात मचाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक मोहित निवासी कालारम और दूसरा रवि निवासी करनाल सदर बाजार है। मोहित पर पहले से ही 5-6 मामले दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बुधवार को बस्ताड़ा टोल प्लाजा पर कुछ युवकों ने हंगामा किया और टोल लेन के बैरिकेड्स हटाकर कई वाहनों को टोल से मुफ्त में गुजरने दिया, जिससे टोल कंपनी को करीब 80 से 85 हजार का नुकसान हुआ। आरोपियों ने अपनी करतूत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। टोल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# बाल मजदूरी करवाने के खिलाफ भी कार्रवाई करे अधिकारी:सोनू

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में किसी भी कार्य स्थल पर बाल मजदूर नजर नहीं आने चाहिए। अगर चेकिंग के दौरान कहीं भी बाल मजदूर पाए गए तो संबंधित प्रतिष्ठान मालिक के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। एडीसी सोनू भट्ट शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में बाल मजदूरी को रोकने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों को संचालकों और अधिकारियों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले लेबर विभाग के अस्टिेंट लेबर कमिश्नर दलबीर सिंह ने विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की और सरकार द्वारा निर्धारित नियमों की विस्तार से जानकारी भी दी है। इसके अलावा पिछले एक माह में विभिन्न जगहों से पकड़े गए बाल मजदूरों के बारे में भी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक बाल मजदूरी के बारे में टोल फ्री नंबर 112 और हेल्पलाइन नंबर 1098 पर भी जानकारी दे सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा गठित टास्क फोर्स के सदस्य नियमित रूप से दुकानों, फैक्ट्रियों, ईंटों के भट्ठों के साथ-साथ अन्य प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से चैकिंग करे और नागरिकों को जागरूक भी करे कि बाल मजदूरी करना और करवाना नियमों की उल्लंघना है। उन्होंने कहा कि ईंटों के भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों को विशेष रूप से बाल मजदूरी के नियमों के बारे में जानकारी दी जाए। इस मौके पर लेबर विभाग से अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर दलबीर सिंह, डीएसपी रोहताश कुमार, डीएफएससी सुरेंदर सैनी, शिक्षा विभाग से विनोद, रणवीर सिंह इंस्पेक्टर, सुरेश कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण पांचाल, हरि सिंह, दयानंद महिला महाविद्यालय कॉलेज से डॉ रीतू, मानव तस्करी निरोध की इकाई से इंचार्ज सिंदर कौर और सुमन, एमडीडी ऑफ इंडिया कि जिला संयोजक रीतू रानी और सह संयोजक रामलाल, डीआरओ विभाग से रीडर ईशम सिंह आदि उपस्थित थे।



# सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर लगाएं पार्टी का ध्वज: भारत भूषण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** भाजपा नगर निगम चुनाव कार्यालय अग्रवाल धर्मशाला में असंध विधायक एवं भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें नगर निगम चुनाव संचालन समिति की घोषणा की गई।

जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने चुनाव समिति की घोषणा करते हुए सभी कार्यकताओं को अपनी जिम्मेदारी से अवगत कराया। इस मौके पर संगठन व प्रत्याशी के बीच आपसी तालमेल बनाने के लिए वार्ड स्तर पर वरिष्ठ कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई गई।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनावी माहौल बनाने के लिए अपने व वार्ड में रहने वाले अपने समर्थकों व सभी कार्यकताओं के घरों पर पार्टी का झंडा अवश्य लगाएं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 25 फरवरी को मुख्यमंत्री नायब सैनी करनाल में चुनावों को लेकर बड़ी जनसभाओं को संबोधित करने वाले हैं। बैठक में मुख्य तौर पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता, पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मैहता, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री सुनील गोयल सहित सभी प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य, सभी मंडल अध्यक्षों सहित सभी प्रमुख लोग मौजूद रहे।



# प्रतियोगिताओं से प्रतिभा में आता निखार, मिलता प्रोत्साहन : डॉ. गुरनाम

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** इंद्री स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के परिसर में खंड स्तरीय पढ़े भारत बढ़े भारत व स्पैल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीआरपी धर्मेन्द्र चौधरी, कविता रानी व रविन्द्र कुमार के संयोजन में पठन वर्धन मास के तहत आयोजित हिन्दी व अंग्रेजी भाषा की विभिन्न प्रतियोगिताओं में खंड के विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढ़ाण ने किया। कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, प्रवेश कुमार, परमोहन, प्रेमपाल, सरोज बाला, नीलम, अंग्रेजी प्राध्यापक जितेन्द्र भाटिया, विनोद कुमार, राजेश नागपाल, सतीश कुमार, मनीष कुमार, श्याम लाल, वर्षा देवी ने निर्णायक मंडल के सदस्य की भूमिका निभाई।

बीईओ डॉ. गुरनाम सिंह मंढ़ाण ने कहा कि विद्यार्थियों को मंच प्रदान करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है और उन्हें प्रोत्साहन भी मिलता है। उन्होंने कहा कि गांव हो या शहर सभी स्थानों पर सरकारी स्कूलों के बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कलात्मक ढ़ंग से कहानी व कविता लिख सकें, वाद-विवाद में आत्मविश्वास से अपनी बात रख पाएं, अपनी भाषा को निखार सकें, इस दृष्टि से आज आयोजित की गई प्रतियोगिताएं काफी महत्वपूर्ण हैं। धर्मेन्द्र चौधरी, कविता रानी व प्राध्यापक अरुण कैहरबा ने बताया कि खंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले विद्यार्थी 25 फरवरी को करनाल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

**प्रतियोगिताओं के छठी से आठवीं कक्षा में यह रहे प्रथम:** कक्षा छह से आठ वर्ग में वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा छठी में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्याना के पार्थ, सातवीं कक्षा में इसी स्कूल के मनप्रीत, आठवीं कक्षा में पटहेड़ा स्कूल की यशिका ने पहला स्थान पाया। हिन्दी वर्तनी प्रतियोगिता में छठी कक्षा में ब्याना स्कूल की चारू, सातवीं में पटहेड़ा स्कूल की दीपांशी, आठवीं में ब्याना स्कूल की अंशिका ने पहला स्थान पाया।

कहानी लेखन प्रतियोगिता में छठी कक्षा में राजकीय कन्या स्कूल इन्द्री की छाया, सातवीं कक्षा में ब्याना स्कूल की वंशिका, आठवीं में पटहेड़ा स्कूल सुरभि ने पहला स्थान पाया। अंग्रेजी स्पेल बी में छठी कक्षा में गढ़ी गुजरान स्कूल की गुंजन, सातवीं में ब्याना स्कूल की मानसी, आठवीं में ब्याना स्कूल के जिज्ञांश ने पहला स्थान प्राप्त किया।



## संपादकीय

# संस्कार विहीन शिक्षा निरर्थक एवं संवेदनहीन

**किसी भी राष्ट्र के** विकास के लिए शिक्षा जितनी आवश्यक है उतनें ही आवश्यक संस्कार तथा संस्कृति भी है' देश की आने वाली पीढ़ी को केवल शिक्षित करने तक ही सीमित नहीं रखना होगा उन्हें भारतीय संस्कार,संस्कृत की शिक्षा से भी अवगत कराना होगा अन्यथा विदेशी शिक्षा की तरह नौजवान शिक्षित तो होगा किंतु भावना हीन होकर एक निरंकुश नौकरशाह बनकर रह जाएगा। भावनाओं के बगैर संवेदनाओं के बगैर जीवन अधूरा एवं असंतुष्ट होता है। और इसके लिए शिक्षा एवं संस्कार के अंतर के महत्व को समझना होगा यह तो सर्वविदित है कि केवल संस्कारों से ही जीवन यापन नहीं किया जा सकता इसी तरह केवल संस्कार विहीन शिक्षा से इंसान अच्छा एवं संवेदनशील परिपक्व एवं सफल व्यक्तित्व नहीं बन पाता है।

स्कूल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हर वर्ष लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार बनाने के लिए डिग्रियां वितरित कर रही है,जबकि आवश्यकता मूल रूप से बुनियादी शिक्षा में व्यवसायीकरण की है, बुनियादी शिक्षा से ही ऐसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएं जो परिणाम मूलक हो और युवाओं को रोजगार देने हेतु सक्षम हो।

स्कूल के सिलेबस में ही व्यावसायिक शिक्षा को महत्व दिया जाना चाहिए जिससे आगे चलकर युवा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें बल्कि अपने कई साथी बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह सक्षम बने। बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है' शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं 'जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक, लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी।

# जघन्य अपराधियों की न सुनी जाये पैरोल की अर्जी?

-डॉ. सत्यवान सौरभ

> "सरकार को जेलों में भीड़भाड़ के बारे में चिंतित होना चाहिए और उन्हें तुरंत इस पर गौर करना चाहिए। भयानक अपराधों के लिए पैरोल को सीमित करते समय न्याय, निवारण और पुनर्वास सभी पर विचार किया जाना चाहिए। सख्त न्यायिक निगरानी के साथ पारदर्शी, योग्यता-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करके व्यापक प्रतिबंधों के बिना सार्वजनिक सुरक्षा और नैतिक निष्पक्षता की गारंटी दी जा सकती है। पैरोल एक ऐसी चीज है जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती, जैसा कि स्पष्ट है"

**कैदियों की** समय से पहले रिहाई से समाज को खतरा हो सकता है, खासकर तब जब वे बार-बार अपराध करते हों। हाल के वर्षों में, इस विचार में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है क्योंकि अमीर और शक्तिशाली वर्ग ने जेल में समय बिताने से बचने के लिए पैरोल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, लाखों अन्य कैदी, जिनके पैरोल के अनुरोधों को अनदेखा किया जाता है, उनके पास प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए संसाधनों की कमी होती है, या उन्हें कमजोर आधारों के आधार पर गलत तरीके से लाभ से वंचित किया जाता है क्योंकि वे गरीब और शक्तिहीन हैं।

पैरोल सुधार और पुनः एकीकरण पर आधारित है, लेकिन जब इसका उपयोग गंभीर अपराधों के लिए किया जाता है, तो यह नैतिक और कानूनी दुविधाएँ पैदा करता है। मानवाधिकारों और पुनर्वास के सिद्धांतों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, भले ही न्याय दंड और रोकथाम की मांग करता हो। आपराधिक न्याय प्रणाली में एक महत्त्वपूर्ण कदम पैरोल है। यह कैदियों को समाज में पुनः एकीकृत करने में सहायता करने के लिए दिया जाने वाला एक प्रकार का विचार है।

यह कैदी की सामाजिक पुनर्प्राप्ति के लिए एक उपकरण से अधिक कुछ नहीं है। हालाँकि, हाल के वर्षों में, इस विचार में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है क्योंकि अमीर और शक्तिशाली वर्ग ने जेल में समय बिताने से बचने के लिए पैरोल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, लाखों अन्य कैदी, जिनके पैरोल के अनुरोधों को अनदेखा किया जाता है, उनके पास प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए संसाधनों की कमी होती है, या उन्हें कमजोर आधारों के आधार पर गलत तरीके से लाभ से वंचित किया जाता है क्योंकि वे गरीब और शक्तिहीन हैं। चूँकि हमारी जेलें अहिंसक अपराधियों से सचमुच भरी हुई हैं, इसलिए पैरोल से जेल में बंद लोगों को अपने प्रियजनों के साथ अपनी सजा के बचे हुए हिस्से को पूरा करने का मौका मिलता है, जबकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों की उन पर कड़ी नजर रहती है। यह हर दिन लाखों रुपयों की टैक्स



बचत करता है और पूरे समाज के लिए एक बेहतरीन व्यवस्था है। बहुत कम बार आप किसी हिंसक अपराधी के बारे में सुनते हैं जो पैरोल पर रिहा हुआ और फिर एक और हिंसक अपराध करने लगा। ज्यादातर हिंसक अपराधी किसी भी मामले में अपनी सजा का कम से कम 85% हिस्सा पूरा करते हैं। लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं है कि पैरोल से पीड़ितों और उनके परिवारों की न्याय की भावना कमजोर हो सकती है।

आतंकवाद, बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों के खिलाफ मजबूत रोकथाम होनी चाहिए। रोकथाम बनाए रखने के लिए, 2012 के निर्भया मामले के दोषियों को पैरोल नहीं दी गई। कैदियों की समय से पहले रिहाई से समाज को खतरा हो सकता है, खासकर तब जब वे बार-बार अपराध करते हों। बार-बार अपराध करने के कारण, 2013 के शक्ति मिल्स सामूहिक बलात्कार मामले के दोषियों को पैरोल नहीं दी गई। राजनीतिक प्रभाव से न्याय में विश्वास को नुकसान हो सकता है जिसके परिणामस्वरूप पैरोल की मंजूरी मिलती है जो वारंटेड नहीं होती है। टी. पी. चंद्रशेखरन हत्या मामले में पैरोल कथित तौर पर राजनीतिक दबाव के कारण दी गई थी। इन अपराधों में शामिल क्रूरता और पूर्व-योजना के कारण, सुधार चुनौतीपूर्ण है। 2018 के कठुआ बलात्कार मामले ने स्पष्ट कर दिया कि दया से रहित कठोर दंड की आवश्यकता है। भारतीय न्यायालयों के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत पैरोल पर रिहा किए गए लोगों को संतानोत्पत्ति और विवाह के अपने अधिकारों का प्रयोग करने की अनुमति है। हालाँकि, चूँकि विवाह के अधिकार को कानून द्वारा मान्यता नहीं दी गई है, इसलिए इस आधार पर पैरोल देने से समलैंगिक कैदियों के समानता के अधिकार से समझौता होता है। सभी कैदियों के लिए समानता और समावेशिता की गारंटी देने के लिए, न्यायालय अनुच्छेद 21 के तहत अंतरंगता के अधिक सामान्य अधिकार से पैरोल को जोड़ सकते हैं। नेल्सन मंडेला नियम (2015), कैदियों के उपचार के लिए संयुक्त राष्ट्र मानक न्यूनतम नियम, का एक प्रमुख घटक सुधार है।

पैरोल एक अधिकार है, न कि विशेषाधिकार, जैसा कि न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर ने कई फैसलों में जोर दिया है। सामान्य प्रतिबंध होने के बजाय, व्यवहार मूल्यांकन के आधार पर पैरोल दी जानी चाहिए। आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों के पुनर्वास के परिणामस्वरूप 2023 में महाराष्ट्र में पुनरावृत्ति में कमी आई। पैरोल अनुरोधों का मूल्यांकन न्यायालयों द्वारा पहले से ही योग्यता के आधार पर किया जाता है, जिससे सुरक्षा और न्याय की गारंटी मिलती है। हरियाणा राज्य बनाम जय सिंह (2003) में, सर्वोच्च न्यायालय ने पुष्टि की कि पैरोल निष्पक्ष मानकों के अनुसार दी जानी चाहिए। अनुच्छेद 21 (सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार) का उल्लंघन पैरोल की संभावना के बिना जेल में आजीवन कारावास द्वारा किया जा सकता है, यदि सुधार प्रदर्शित किया जाता है। श्रीहरन (2015) के अनुसार, किसी को पैरोल से पूरी तरह से वंचित करना असंवैधानिक है। नॉर्वे जैसे देशों में धीरे-धीरे पुनः एकीकरण पर जोर देकर, यहाँ तक कि जघन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए लोगों के लिए भी पुनः अपराध दर कम हो गई है। पुनर्वास न्याय के अपने मॉडल की बदौलत नॉर्वे में दुनिया में पुनरावृत्ति की सबसे कम दरें हैं। जैसा कि आमतौर पर जाना जाता है, मजबूत प्रशासनिक और राजनीतिक दबाव से पैरोल प्रशासन की प्रभावशीलता बाधित हुई है। कार्यक्रम के लक्ष्य से नियमित रूप से समझौता किया जाता है और कई अनुचित अपराधियों को प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में पैरोल दी जाती है। पैरोल के सम्बंध में, एक अच्छी तरह से परिभाषित न्यायिक नीति आवश्यक है और किए गए कार्यकारी कर्तव्यों की अदालतों द्वारा समीक्षा की जानी चाहिए। हमारे कानून निमार्ताओं के लिए हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक बदलाव करने का समय आ गया है। इन बदलावों में कैदियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रगतिशील तरीके से पर्यवेक्षित रिहाई प्रणाली को लागू करने के लिए मजबूत दिशा-निर्देश बनाना, लगातार पैरोल कानून बनाकर यह साबित करना कि यह पुनर्वास के लिए एक प्रभावी उपकरण है और भारत में पैरोल के दुरुपयोग को रोकने के लिए जाँच और संतुलन स्थापित करना शामिल होना चाहिए।

सरकार को जेलों में भीड़भाड़ के बारे में चिंतित होना चाहिए और उन्हें तुरंत इस पर गौर करना चाहिए। भयानक अपराधों के लिए पैरोल को सीमित करते समय न्याय, निवारण और पुनर्वास सभी पर विचार किया जाना चाहिए। सख्त न्यायिक निगरानी के साथ पारदर्शी, योग्यता-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करके व्यापक प्रतिबंधों के बिना सार्वजनिक सुरक्षा और नैतिक निष्पक्षता की गारंटी दी जा सकती है। पैरोल एक ऐसी चीज है जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती, जैसा कि स्पष्ट है।

## कविता

आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुम'

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से कई,दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राहों में अकेला,न छोड़ जाना तुम।

संजीव

## प्रयागराज में अस्मिता की नीलामी

**राकेश अचल**

**आस्था के** महाकुम्भ को एक ' ईवेंट' में बदलते वक्त उत्तरप्रदेश सरकार ने सोचा भी नहीं होगा कि उनका लालच हिन्दुस्तान की अस्मिता को नीलाम करने की मंडी में तब्दील हो जाएगा। महाकुम्भ को ईवेंट बनाकर जहां यूपी सरकार ने अपनी तिजोरियां भर लीं वहीं अब संगम में स्नान करती निर्दोष सनातनी महिलाओं की अर्धनग्न तस्वीरें भी लोगों की कमाई का जरिया बन गयीं हैं। इस सबके लिए जिम्मेदार लोगों को क्या माफ किया जा सकता है ?प्रयागराज में ही नहीं बल्कि हरिद्वार,नासिक और उज्जैन में न जाने कब से कुम्भ लगता आ रहा है ,आगे भी लगता रहेगा ,लेकिन इस धार्मिक आस्था के आयोजन में ' महा ' शब्द जोड़ा उत्तर प्रदेश की धर्मभीरु किन्तु लालची सरकार ने। सरकार ने कुम्भ में लोगों को आमंत्रित करने के लिए सारे स्वांग किया । ज्योतिषियों की मदद ली ,तकनीक की मदद ली और नतीजा ये है कि देश के सनातनियों में ऐसा धार्मिक उन्माद पैदा हुआ की आधा देश प्रयागराज की और कूच कर गया।। लोगों को लगा कि - अभी नहीं तो कभी नहीं '। फिर ऐसा कुम्भ न जाने फिर कभी आएगा, जिसमें स्नान करने से मोक्ष और पापमुक्ति की सौ फीसदी गारंटी मिल रही है।

किस्सा ये है कि प्रयागराज के कुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने गयी युवतियों और महिलाओं की अधनंगी तस्वीरें अब इंटरनेट पर नीलाम हो रहीं है। बाकायदा इनकी रेटलिस्ट जारी हो चुकी है। आप अपनी जेब खाली कर 'राम तेरी गंगा मैली हो गयी की अभिनेत्री मन्दाकिनी के जैसे उत्तेजक और अर्धनग्न दृश्य खरीद सकते हैं अपने मनोरंजन के लिये। धंधक धोरियों ने इसके लिए ' ओपन बाथ ' और 'हिडन बाथ ' ग्रुप बनाये हैं। इन समूहों की सदस्यता 1999 रुपए से लेकर 3000 हजार रुपए तक है। जिन महिलाओं और युवतियों की अस्मिता नीलाम हो रही हैं उन्हें इसका पता ही नहीं है।

महाकुम्भ से यूपी की सरकार तो पहले ही 3 लाख हजार करोड़ कमा चुकी है। आसपास अयोध्या और बनारस के मंदिरों ने भी धर्मभीरु जनता की जेबें खाली करने में कोई कसर नहीं छोड़ी । अकेले अयोध्या में साल बाहर पहले प्रतिष्ठित हुए रामलला मंदिर ने कमाई के नए कीर्तिमान बना डाले। कुम्भ के महाकुम्भ बनाये जाने से अकेले सरकार ने ही नहीं बल्कि पर्यटन, होटल , आव ास सेवाएं, फूड, पेय पदार्थ उद्योग, परिवहन , लॉजिस्टिक्स पूजा सामग्री, धार्मिक वस्त्र ,हस्तशिल, पहेल्थकेयर , वेलनेस सेवाएं, मीडिया, विज्ञापन , मनोरंजन उद्योग, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी-टेलीकॉम और एआई आधारित सेवाओं से भी अकूत कमाई की गयी। श्रृद्धालुओं को भनक ही नहीं लगी कि किस तरह उनकी आस्था के बहाने प्रयागराज और आसपास एक बड़ा धर्म का कारोबार खड़ा कर दिया गया है।

## विचार

# मिथिला : सुपरफूड मखाना की 85% जरूरत पूरी करने वाला इलाका

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

**मिथिला** नाम सुन कर तुरंत याद आ जाता है कि कथाओं के अनुसार महाज्ञानी जनकराज जिस राज्य के राजा थे, उसका नाम था मिथिलानगरी। सीताजी जिस भूमि से प्रकट हुई थीं, वह पवित्र स्थल यानी मिथिला। भगवान राम ने शिवजी के धनुष को जहां तोड़ा था, वह भूमि यानी मिथिला। राम-सीता के विवाहमंडप का स्थल यानी मिथिला। आज भी इस इलाके के लोकगीतों में रामायण की अलग कथा सुनने मिलती है। उनमें सीताजी को विदा नहीं किया जाता, बल्कि भगवान राम को घरजमाई बताया जाता है। मिथिलावासी प्रेमपूर्वक दलील करते हैं कि सीताजी की विदाई करेंगे तो उन्हें वनवास जाना होगा, वे नहीं चाहते कि मिथिला की बेटी को वन जाना पड़े। इस तरह के प्रेमवाला हृदय यानी मिथिला। कहा जाता है कि इस समय उत्तर बिहार के दरभंगा और उसके आसपास के इलाके में मिथिलानगरी थी। बिहार का पूरा उत्तरी इलाका मिथिला से जाना जाता है। तमाम विद्वान तो यहां तक दावा करते हैं कि राजा जनक की मिथिलानगरी का इलाका आज के बिहार-झारखंड से लेकर हिमालय के रेंज में काफी दूर तक था और उसमें आज का नेपाल भी शामिल था। एक समय आध्यात्मज्ञान के कारण भारत वर्ष में विख्यात मिथिला की मूल पहचान धीरेधीरे फीकी पड़ती गई। जिस मिथिला का उल्लेख प्राचीन कथाओं में बहुत अदब से लिया जाता है। यह इलाका बाद में अलग-अलग प्रांतों का हिस्सा बन कर रह गया। एक समय बंगाल प्रेसीडेंसी का हिस्सा बना यह इलाका बाद में बिहार राज्य का हिस्सा बन गया। मिथिला की लोककलाएं, लोकगीत और संस्कृति में इसका असर रहा। परंतु ये मेहनती मिथिलावासियों ने मार्डन समय में जो नई पहचान बनाई है, उसका फल यानी मखाना। उत्तर बिहार या मिथिला इलाका यानी दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, सहरसा, कटिहार ये आठ जिला। अधिक से अधिक इसमें मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी को जोड़ा जा सकता है। इस इलाके में किसान मखाना की खेती करते हैं। मखाना की खेती - इस शब्द का उपयोग टेक्निकली सही नहीं है। खेती होती है एक तरह से कमल की। उसके लंबे प्रोसेस के बाद मखाना मिलता है। मखाना की फसल लेने के लिए इसकी बुआई सामान्य रूप से दिसंबर से फरवरी या मार्च तक की जाती है। अगस्त से अक्टूबर के दौरान इसका बीज पकता है। इसकी फसल लेने की पद्धति अन्य फसलों की अपेक्षा काफी अलग है। पहली नजर में तालाब लगे इस तरह पांच से सात फुट खोद कर खास मखाना की फसल लेने के लिए तैयार किया जाता है। इसमें हमेशा पानी भरा रहता है। इन खेतों में कमल खिलता है और यही कमल के फूल पकते हैं तो बीज बनता है। यही मखाना का रफ मटीरियल है। कमर तक पानी में खेती करने वाले किसान पानी से बीज इकट्ठा करते हैं और तीन-चार बाल धो कर सुखाते हैं। लंबी और मेहनत लेने वाली इस प्रक्रिया के बाद बीज को गरम कर के फोड़ा जाता है। फोड़ने के बाद जो थोड़ा सफेद और लाल रंग का पदार्थ मिलता है, वही मखाना होता है। देश में मखाना के कुल उत्पादन में 80-85 प्रतिशत हिस्सा बिहार के इन सीमांचल जिलों का है। देश में मखाना की खेती 13,000 हेक्टेयर में होती थी, जो अब बढ़ कर 35,000 हेक्टेयर में होने लगी है। सरकार ने उत्तम मखाना के उत्पादन के लिए 15,000 किलोग्राम बीज किसानों को दिया है। दुनिया में मखाना की डिमांड लगातार बढ़ रही है। भारत ने उत्तम गुणवत्ता के निर्यात को बढ़ाने का लक्ष्य बना रखा है। इसमें ग्लोबल डिमांड का 90 प्रतिशत भारत पूरी करता है। भारत के अलावा चीन, जापान, आस्ट्रेलिया जैसे देशों में मखाना की खेती होती है। देश में मखाना का कुल उत्पादन 1000-1200 करोड़ रुपए का है। अंदाजा है 2023 तक यह उत्पादन 9 से 10 प्रतिशत बढ़ कर 1800-2000 करोड़ रुपए का हो जाएगा। 2023-24 के साल में 2500 करोड़ मैट्रिक टन मखाना निर्यात किया गया था। जबकि सरकार के एक्सपोर्ट के और कुल बाजार के आंकड़े में विरोधाभास नजर आता है। निर्यात की कीमत बहुत कम हो तो भी 2500 मैट्रिक टन की कीमत 1000 करोड़ रुपए हो सकती है।

सुपरफूड मखाना का पुराना से पुराना सबूत लगभग आठ साल पुराना मिलता है। यानी की मनुष्य के अस्तित्व के पहले से पृथ्वी पर कमल की अनेक जातियां थीं। इतिहासकार मानते हैं कि मनुष्य ने 10 हजार साल पहले इन्हें खाना शुरू किया होगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हाई स्किल्ड पेशेवर तैयार करने की चुनौती

**विजय गर्ग**

**यकीनन इस समय** जहां नए डिजिटल दौर में देश की नई हाई स्किल्ड पीढ़ी के लिए भारत में ही नहीं, दुनियाभर में नए दौर की नौकरियों में अवसर बढ़ रहे हैं, वहीं करोड़ों युवाओं को नए दौर की इन नौकरियों के लिए शिक्षित-प्रशिक्षित करने की बड़ी चुनौती भी सामने है। खासतौर से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में यह चुनौती और अधिक है।

हाल ही में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट ह्यभविष्य की नौकरियोंह्ल में कहा कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक 17 करोड़ नई हाई स्किल्ड नौकरियां पैदा होंगी, जबकि 9.2 करोड़ परंपरागत नौकरियां समाप्त होने का अनुमान है। इसके परिणामस्वरूप 7.8 करोड़ अधिक नई नौकरियां पैदा होंगी। तकनीकी उन्नति, जनसांख्यिकीय बदलाव, भू-आर्थिक तनाव और आर्थिक दबाव आदि परिवर्तनों के कारण नई हाई स्किल्ड नौकरियों को रफ्तार मिलेगी और इससे दुनियाभर में उद्योगों-व्यवसायों को नया रूप मिलता दिखाई देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां भारत में नियोक्ताओं का मानना है कि सेमीकंडक्टर और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों को अपनाने से उनके परिचालन में बदलाव आएगा, वहीं क्वांटम और एन्क्रिप्शन प्रौद्योगिकियों को अपनाने से भी परिचालन में परिवर्तन होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, विश्व स्तर पर एआई कौशल की मांग में तेजी आई है, जिसके क्षेत्र में भारत और अमेरिका अग्रणी नजर आते हैं। ऐसे में सबसे तेजी से बढ़ती जिन नौकरियों की भूमिकाएं होंगी, उनमें एआई, बिग डेटा, मशीन लर्निंग और साइबर सुरक्षा प्रबंधन के विशेषज्ञ शामिल हैं। ये सभी नौकरियां वैश्विक रुझानों के साथ निकटता से जुड़ी हैं। इसी के चलते भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्किल्ड वर्कफोर्स वाले देशों में शामिल है। अगले दशक में भारत दुनिया की एक चौथाई नई हाई स्किल्ड वर्कफोर्स का हब भी बनता दिखाई दे सकता है।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करते हुए कहा कि यद्यपि दुनिया में यह आशंका है कि एआई की वजह से नौकरियां खत्म होंगी।

## मोबाइल-ए-मोहब्बत

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**गाँव में दीनानाथ की चर्चा हर जगह थी, और** इसका कारण था उनका एक अनोखा प्यार—मोबाइल फोन! उनकी पत्नी, ममता, अब इस मोहब्बत से तंग आ चुकी थी। एक दिन उसने ठान लिया, "बस करो, दीनानाथ! यह मोबाइल तुम्हें क्या दे रहा है? क्या तुम्हें मेरी बातों में कोई दिलचस्पी नहीं?" ममता ने दीनानाथ से विदुषी की तरह कहा, जैसे वो कोई महान विचारक हों। दीनानाथ ने मोबाइल से आँखें हटाकर पत्नी की ओर देखा और बोले, तुम क्या समझती हो, ममता? तुम्हारा प्यार क्या मेरी तृप्ति कर सकता है? ये मोबाइल तो मुझे दुनिया के सारे ज्ञान और मनोरंजन का दरवाजा खोलता है! तुम समझ नहीं रही हो! ममता ने सोचा, "वाह, मेरे पति तो ज्ञान के समुंदर में तैर रहे हैं। शायद यह समझाने का सही समय है!" उसने कहा, क्या तुम्हें याद है, जब हम गाँव के मेले में घूमते थे? उस समय तुम मुझसे बातें करते थे, हँसते थे। अब तुम तो बस अपने फोन में ही खोए रहते हो।" दीनानाथ की समझ में नहीं आ रहा था, क्या मेरी पत्नी मुझसे ज्यादा स्मार्ट है? ये तो अकल्पनीय है! इसलिए उन्होंने जवाब दिया, ह्लेकिन मोबाइल फोन ने मुझे असीमित ज्ञान और मनोरंजन दिया है। तुम अपनी पुरानी बातों में उलझी हुई हो। अब दीनानाथ का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने मोबाइल को जोर से फेंका, जैसे वो किसी दुश्मन को मारने के लिए तैयार हों। तुमने मेरा मोबाइल छुआ! यह मेरा अस्तित्व है! उन्होंने गुस्से में चिल्लाते हुए कहा। जैसे ही मोबाइल हवा में उड़ा, दीनानाथ ने सोचा, "अब ममता का मन बदल जाएगा।" लेकिन ममता ने तो मोबाइल को पकड़ लिया और कहा, ह्लअब यह तुम्हारा नहीं रहा! तुमने इसे मुझसे छीनने की कोशिश की, तो अब मैं इसे अपने पास रखूँगी! दीनानाथ की आँखें आश्चर्य से फैल गईं। क्या मेरी पत्नी ने इतनी हिम्मत की? लेकिन गाँव में उस रात एक अजीब घटना हुई। ममता ने मोबाइल उठाया और देखा उसमें एक संदेश आयाः आपका पति दीनानाथ अब मोक्ष की ओर बढ़ चुके हैं। यह पढ़कर ममता के पैरों तले जमीन खिसक गई। क्या? वह क्या कर रहे हैं?

## न्यूज फ्लैश

### बुजुर्ग महिला ने बेटे पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में 91 वर्षीय विधवा के साथ 31 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बुजुर्ग मां ने अपने ही बेटे पर इस धोखाधड़ी का आरोप लगाया है और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि उनके बेटे ने उन्हें बिना बताए बैंक खातों से लाखों रुपए निकाल लिए, जिसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। बुजुर्ग महिला जीवन लता के पति की कुछ साल पहले मौत हो गई थी। अपनी मौत से पहले उन्होंने अपनी पत्नी के बैंक खातों में अच्छी खासी रकम जमा कर दी थी, ताकि उनका बुढ़ापा आराम से गुजर सके। बुजुर्ग मां का आरोप है कि उनके बेटे अरविंद ने चुपचाप बैंक खातों से 31 लाख रुपए निकाल लिए और उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं दी। बुजुर्ग मां के बड़े बेटे अनिल का कहना है कि उनकी मां पहले अरविंद के पास रह रही थी, लेकिन वहां धूप तक नहीं आती थी। ऐसे में मां ने उनके पास (अनिल) रहने का फैसला किया, लेकिन अरविंद ने उन्हें वहां भी नहीं रहने दिया। अरविंद और उसकी पत्नी शालिनी ने मां पर लड़कियों के पास जाकर रहने का दबाव बनाया, लेकिन बुजुर्ग मां ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद अरविंद ने उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाया और अनिल के घर के बाहर छोडकर चला गया। बुजुर्ग मां को अपनी पेंशन को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने जब अरविंद से इस बारे में पूछा तो उसने कहा कि उनकी पेंशन बंद हो चुकी है। साथ ही यह भी कहा कि अगर पैसों की जरूरत हो तो वह उसे दो-चार हजार रुपए दे देगा, लेकिन पेंशन का जिक्र कभी न करे। मां ने अपने बैंक खातों की जानकारी मांगी तो अरविंद और उसकी पत्नी शालिनी उन पर चिल्लाने लगे और उन्हें घर से निकाल दिया। इसके बाद अनिल अपनी मां को लेकर बैंक पहुंचे, जहां पता चला कि अरविंद ने दो अलग-अलग खातों से 15-15 लाख रुपए निकाल लिए थे। इसके अलावा ढाई लाख रुपए निकालकर आईसीआईसीआई बैंक में एफडी करवा दी थी। जब बुजुर्ग मां को इस बात का पता चला तो उन्होंने इंसाफ की मांग की। अनिल ने इस मामले की शिकायत एसपी से की, जिसके बाद मामला आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। अनिल ने कहा कि अरविंद ने पहले पिता को लूटा, फिर उन्हें और अब मां को भी लूट लिया। उन्होंने मांग की है कि मां के बैंक खातों से निकाले गए पूरे पैसे वापस किए जाएं, ताकि उनकी तबीयत बिगडे पर इलाज के लिए वह रकम काम आ सके। इस मामले के सामने आने के बाद परिवार में विवाद बढ़ गया है। बुजुर्ग मां की हालत को देखते हुए अनिल ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी मां के साथ हुए इस अन्याय पर कड़ी कार्रवाई हो और जो पैसे उनके बेटे ने निकाल लिए हैं, वह जल्द से जल्द वापस दिलाए जाएं।

### अचानक ब्रेक लगाने से टैंकर से टकराया कैंटर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में गढ़ी मुल्तान चौक के पास फ्लाईओवर एक कैंटर टैंकर से टकरा गया। हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान यमुनानगर जिले के पिलखन वाला गांव के 23 वर्षीय आशिक खान के रूप में हुई है। आगे चल रहे टैंकर ने अचानक ब्रेक लगाए और पीछे आ रहा कैंटर उससे टकरा गया। हादसा इतना भयानक था कि ड्राइवर को पूरा केबिन तोडकर बाहर निकाला गया। ड्राइवर हिमाचल प्रदेश के काला आंब से दिल्ली जा रहा था और ट्रक में आटा लोड था। बीती रात गढ़ी मल्तान चौक के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने बने फ्लाईओवर पर हादसा हुआ। आशिक के ताऊ के बेटे वाजिद खान ने पुलिस को बताया कि उसे उसके मौसेरा भाई यमुनानगर के डाहरपुर निवासी जाकिर खान ने फोन कर हादसे की जानकारी दी। सूचना के मुताबिक टैंकर चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे पीछे से आ रही आशिक की कैंटर गाड़ी सीधे टैंकर के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और आशिक खान केबिन में बुरी तरह फंस गया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने तुरंत क्रेन और एम्बुलेंस मंगाई। क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को फ्लाईओवर से नीचे उतारा गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से आशिक खान के शव को बड़ी मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाला गया। इसके बाद शव को सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कैंटर मालिक प्रवीन कुमार ने बताया कि आशिक करीब तीन साल से कंपनी में ड्राइवर का काम कर रहा था। उसकी दो साल पहले शादी हुई थी और उसका एक साल का बेटा भी है। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक आशिक खान के चचेरे भाई वाजिद खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि टैंकर चालक की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# समाधान शिविर में पहुंची विभिन्न विभागों से जुड़ी 85 समस्याएं: उपायुक्त

## निश्चित समय अवधि में होगा हर समस्या का समाधान, पुलिस, पैंशन, क्रीड से जुड़ी समस्याएं पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के प्रयासों से प्रदेश को नई पहचान मिलती जा रही है। कम समय में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य प्रदेश में करवाने पर उनका ध्यान केंद्रित है। उनके द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों से हर वर्ग का व्यक्ति खुश है। हर व्यक्ति उनके द्वारा करवाये जा रहे कार्यों को लेकर उनकी प्रशंसा करता हुआ नजर आता है। प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ है जो इतने बड़े स्तर पर समाधान शिविर का निंरतर आयोजन हो रहा है।
उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि जिन पुलिस थानों से संबंधित शिकायतें अगर दोबारा समाधान



शिविर में आती है तो उन थानों के एसएचओ को जनता समाधान शिविर में बुलाकर पूछा जाएगा।
उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली समस्याओं का कम से कम समय में निदान करके जनता को शिविर का महत्व दिखाने का प्रयास करें। सर्वजन के हित में ये समाधान शिविर लगाये जा रहे है।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि ये समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के निदान के गवाह बन रहे है। सभी अधिकारियों को अपने आप पर पूर्ण भरोसा होना चाहिए। अधिकारियों द्वारा किये गए प्रयासों को जनता लंबे समय तक याद रखेगी। इस धारणा को ध्यान में रखते हुए हमें जनता की प्रति अपनी कर्तव्य का निवर्हन करना है।
प्रार्थी सुनीता वासी उरलाना कलां ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उनके पास न कोई कृषि योग्य भूमि है और न ही कमाई का कोई अन्य जरिया है। मेरा जीवन मुश्किलों से भरा है। उन्होंने उपायुक्त से मकान बनवाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने सीईओ को निर्देश दिए कि इस मामले में अगर किसी नियम के तहत मदद की जा सकती है तो इस पर विचार करें।
एक अन्य मामले में प्रार्थी संतोष वासी उरलाना कलां ने प्रशासन से प्रार्थना की कि मैं कैंसर की तीसरी स्टेज पर हूं। मेरे इलाज में बहुत पैसा खर्च हो रहा है। अगर मुझे आर्थिक सहायता मिल जाएं तो मेरा आगे के जीवन में बढ़ोतरी हो सकती है।

### आदित्य ने जीता अंडर-14 आयु वर्ग का एकल खिताब



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी आदित्य मलिक ने भगत हंसराज टेनिस अकादमी, गोहाना में आयोजित एआईटीए टेनिस टूर्नामेंट के अंडर-14 आयु वर्ग के एकल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। उसने अपने दमदार व सधे हुए खेल से सभी को प्रभावित किया। स्कूल पहुंचने पर टेनिस खिलाड़ी आदित्य मलिक का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।
डायरेक्टर ध्रुव जैन ने कहा कि छठी कक्षा का छात्र आदित्य मलिक पढाई के साथ खेलों में भी पूरे दमखम के साथ हिस्सा लेता है। उसने कड़ी मेहनत व लगन की बदौलत लान टेनिस में लगातार सफलता हासिल की है। आदित्य मलिक के कोच व अभिभावकों को भी बधाई दी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों आदित्य मलिक ने ओपन स्टेट विंटर कप टेनिस टूर्नामेंट के अंडर-12 आयु वर्ग के एकल मुकाबले का खिताब भी जीता था।

### निर्मल कुटिया के पास बने पार्क में मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के सेक्टर-13 स्थित निर्मल कुटिया के पास बने पार्क में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला है। बुजुर्ग दो दिन से पार्क में था। आसपास के लोगों ने जब उसके शरीर में कोई हलचल नहीं देखी तो उन्होंने मामले की जानकारी निर्मल कुटिया के सेवादार को दी। लोगों ने उसे संभाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। निर्मल कुटिया के सेवादार ने बताया कि यह बुजुर्ग व्यक्ति अक्सर कुटिया में लंगर खाने के लिए आता था। दो दिनों से वह लौटा नहीं था। जब कुछ लोग उसके पास पहुंचे तो उसे मृत अवस्था में पाया गया।

## जिला कोर्ट का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह द्वारा शुक्रवार को जिला माननीय न्यायालय व सचिवालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान न्यायालय व सचिवालय परिसर के सभी गेट का भ्रमण कर गेटों पर लगे डीएफएमडी की सक्रियता एवं एचएचएडी से की जाने वाली चेकिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरा कहा कहा लगा है, बंदी किस रास्ते से आते हैं इसकी भी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह इस दौरान माननीय न्यायालय में स्थापित सीसीटीवी कैमरा कट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरों की



सक्रियता व गुणवता को जांचा और संचालन की स्थिति को देखा। इसके साथ ही गार्द रूम व परिसर में कैदियों के लिए बनाए हवालात का निरीक्षण किया और तैनात पुलिसकर्मियों को कैदियों की पेशी के दौरान सावधानियां व सतर्कता बरतने सहित विभिन्न प्रकार का अभ्यास कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देष दिए। कहा संज्ञेय अपराध से संबंधित अभियुक्तों की पेशी के लिए विशेष रूप से सावधानी बरती जाए।
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि माननीय न्यायालय व जिला सचिवालय परिसर की सुरक्षा प्राथमिकता है। गेट पर सतर्क व अलर्ट होकर निगरानी रखें, सभी की स्केनिंग व चेकिंग करें। इसके बाद ही परिसर में प्रवेश दिया जाए।
स्केनिंग के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु बरामद होती है तो जब्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। छोटी मोटी खामियों को जल्द पूरा करें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि वे आगे भी समय समय पर औचक निरीक्षण करेंगे।

**दिशा निर्देश**

चेकिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

### टेबिल टैनिस व क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से 20 मार्च तक

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा टेबिल टैनिस व क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के टेबिल टैनिंस व क्रिकेट प्रतियोगिता की पुरूष व महिला खिलाड़ी भाग लेंगे।
उपायुक्त ने बताया कि टेबिल टैनिंस प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 मार्च को होगा। इसके लिए 5 मार्च तक इंट्री होगी। यह आयोजन त्यागराज स्टेडियम, आईएनए में होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 24 मार्च तक भारत नगर क्रिकेट ग्राउंड अशोक विहार में होगा। इसमें 5 मार्च तक इंट्री की जा सकती है।
जिला खेल अधिकारी ने बताया कि धरेन्द्र सिंह ने बताया कि क्रिकेट के लिए 2 मार्च को खिलाडिों का चयन झज्जर में व टेबिल टैनिंस का चयन करनाल में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों को चयन स्पर्धा में उपरोक्त दर्शाई गई तिथि को प्रातः 10 बजे तक निर्धारित स्थान पर भाग लेने के लिए भेजना सुनिश्चित करें।
जिला खेल अधिकारी ने बताया कि संबंधित विभाग यह भी प्रमाण पत्र दे कि ये अमुक विभाग कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी है।

## विदेश भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा क्षेत्र के एक युवक से आयरलैंड भेजने के नाम पर 30 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर संपर्क के बाद आरोपियों ने उसको 35 दिन में वीजा लगवाने का भरोसा दिलाया। दस्तावेज और पासपोर्ट लेकर फर्जी ऑफर लेटर, वीजा और टिकट भेजे गए। कई खातों में पैसे ट्रांसफर करवाने के बाद टिकट कैंसिल करने का बहाना बनाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।
अराईपुरा गांव के रहने वाले निखिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि यह पूरी साजिश सोशल मीडिया से शुरू हुई थी। मार्च 2024 में उसकी बातचीत सुखजिंद्र नामक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को विदेश भेजने का एजेंट बताया। बातचीत के दौरान सुखजिंद्र ने भरोसा दिलाया कि वह आयरलैंड और फिनलैंड का वीजा आसानी से लगवा सकता है। कुछ दिन बाद सुखजिंद्र ने निखिल की बातचीत गुरविन्द्र और उसकी पत्नी रूपिन्दर कौर से करवाई।
इस दौरान पीड़ित को भरोसा दिलाया गया कि वे विदेश भेजने में पूरी मदद करेंगे। आरोपियों ने दावा किया कि 35 दिन में वीजा लग जाएगा और इसके लिए कुल 30 लाख रुपए का खर्च आएगा। इसके अलावा टिकट और डॉलर का खर्च अलग से बताया गया। आरोपियों ने पहली बार मिलने पर ही 2 लाख रुपए नकद ले लिए और यह कहकर बात खत्म की कि अब वे काम शुरू कर देंगे। इसके बाद सुखजिंद्र ने पीड़ित से जरूरी दस्तावेज मंगवाए।

## दो बदमाश दुकान से सोने की अंगूठी लेकर हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव ब्याना में एक सुनार की दुकान से दो अज्ञात बदमाश सोने की अंगूठी चोरी कर फरार हो गए। घटना दिनदहाड़े हुई, जब एक बदमाश ग्राहक बनकर दुकान में घुसा और आभूषण देखने के बहाने सुनार को झांसा देकर 6 ग्राम सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गया। उसका साथी दुकान के बाहर मोटरसाइकिल स्टार्ट करके खड़ा था, जो तुरंत मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया।
पीड़ित नंदलाल पुत्र हुकमचंद पिछले 30 वर्षों से गांव ब्याना में रामलीला ग्राउंड के पास सुनार की दुकान चला रहा है। उसने पुलिस को बताया कि कल शाम करीब 4 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर आया। उसने सबसे पहले एक चांदी की अंगूठी खरीदी और 100 रुपए देकर कहा कि वह छोटी सोने की बालियां देखना चाहता है।

### मानसिक रूप से युवक ने खुद को मारी गोली


**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** शहर के थाना कला मार्ग पर एक युवक ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बिधलान गाँव निवासी मनीष के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उसे पीजीआई, रोहतक ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मनीष की माँ मीना ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को बेटे के साथ खरखौदा आई थी और गाँव के ही सुधीर के मकान पर गई थी। घर लौटने के बाद मनीष दोबारा सुधीर के पास जाने की बात कहकर निकला और रात में गोली मारने की सूचना मिली।

## खरखौदा में डीटीपी की बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत** जिला नगर योजनाकार विभाग की तरफ से बृहस्पतिवार को खरखौदा क्षेत्र में अपनी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध रूप से काटी जा रही कालोनियों में निर्माण को गिराया गया। इस दौरान हुई कार्रवाई में करीब 80 एकड़ में फैले अवैध ढांचों को गिराने की कार्रवाई हुइ। एटीपी मनदीप के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। सोनीपत जिला नगर योजनाकार विभाग की और से की गई कार्रवाई के दौरान आइएमटी खरखौदा के साथ लगते गोपालपुर -सोहटी मार्ग पर ढाई एकड़ में



बनाई जा रही अवैध कालोनी में अवैध निर्माण को गिराने के बाद बरोण गाँव में आइएमटी के नजदीक 19 एकड़ से भी अवैध निर्माण का हटाया गया। जिसमें 2 प्रोपर्टी डिलर के कार्यालय भी गिराए गए। इसके बाद टीम पहलादपुर गाँव में करीब 56 एकड़ में बसाई जा रही अवैध कालोनी पर कार्रवाई करने क लिए पहुँची। जहाँ पर कच्चे रास्ते उखाड़ने के साथ ही किए गए अन्य अवैध निर्माण को उखाड़ा गया। टीम ने इसके बाद सोहटी गाँव में 12 एकड़ में भी जगह-जगह भरी गई नींव व अन्य निर्माण को गिराने का काम किया। एटीपी का कहना है कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा।

## 12वीं के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिह )**

**जौरासी रोड स्थित गीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आस्था, रेनू, मानषि, वंश ने तिलक लगाकर प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, प्रधानाचार्या व विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता एजुकेशन सोसाइटी के चैयरमैन राधेश्याम जांगड़ा, अनुराधा, स्वाति, नैन्सी, प्रधानाचार्या डां अभिलाषा, प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम, प्राध्यापक पवन गुलिया, अजीत व अन्य अध्यापकगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। तदुपरांत कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में छात्रा शिवानी, रेनू, रचना, इशिता, गीता व



साक्षी ने ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। छात्र अंकित द्वारा शानदार एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में फन गेम भी करवाए गए और विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षकों व सहायक कर्मियों को टाइटल देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रैंप वॉक किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को अलग-अलग खिताब से सम्मानित किया गया, जिनमें मिस्टर फेयरवैल चिराग, मिस फेयरवैल समिक्षा, मिस्टर मूनलाइट पारस, मिस मूनलाइट प्रीति, बेस्ट परफॉर्मेंस खिताब अंकित व राखी को दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रा प्राची, रिद्धिमा प्राध्यापिका रवि शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से बाहरवीं तक अपनी विद्यालयी शिक्षा पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों, दसवीं कक्षा में मेरिट लेने वाले विद्यार्थियों, गत वर्ष 12वीं कक्षा आर्ट संकाय से अंशिका, कॉमर्स संकाय से सीमा, साइंस संकाय से तमन्ना को टॉप करने पर गणमान्य अतिथियों द्वारा सभी विद्यार्थियों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए।
इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने सभी छात्रों को सद्मार्ग पर चलने अनुशासित ढंग से रहने व उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**कामना**

तमन्ना को टॉप करने पर गणमान्य अतिथियों द्वारा सभी विद्यार्थियों के अच्छे भविष्य की कामना की

## कानून की महत्ता एवं प्रयोगात्मक जानकारी छात्रों के लिए लाभदायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विधि संस्थान द्वारा आपराधिक कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला देवी चौहान ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट राजेंद्र जुनेजा का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। एडवोकेट राजेन्द्र जुनेजा ने आपराधिक कानून की बारीकियों एवं अपने अनुभवों का व्याख्यान किया और साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट के बारे में गहनता से विचार विमर्श किया। कार्यशाला की संयोजिका डॉ. कृष्णा




अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कानून की महत्वता के साथ-साथ प्रयोगात्मक जानकारी से भी अवगत करवाया। संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुमित ने सभी का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।
इस अवसर पर कार्यशाला के सह-संयोजक डॉ. संतलाल, उप-निदेशक डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. तृप्ति चौधरी, डॉ. मनजिंदर गुलियानी, डॉ. जयकिशन भारद्वाज, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. शालू अग्रवाल, डॉ. मोनिका, डॉ. अमित कंबोज, डॉ. जापान, डॉ. जतिन, डॉ. सुरेंद्र, कर्मदीप, बसंत मौजूद रहे।

## बर्दाश्त नहीं की जाएंगी अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि गांव मुरथल में जी.टी. रोड़ से मुरथल रोड़ पर ओशो धाम के पास लगभग 4.5 एकड़. भूमि में कच्चा रोड़ नेटवर्क बनाकर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा हटा दिया गया। यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। तोड़फोड़ की कार्यवाही ड्यूटि मजिस्ट्रेट एवं ईन्फोरसमैन्ट स्टाफ व पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई।
उपायुक्त ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में विकसित नहीं होने दिया जाएगा। नियमित तौर पर जिला के सभी क्षेत्रों में मोनिटरिंग टीमों द्वारा इस पर निगरानी की जा रही है और अवैध कॉलोनी विकसित करने की सूचना प्राप्त होते ही इस पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि अवैध कॉलोनियों में कोई भी प्लॉट न खरीदे और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करें। जिससे आम जनता की पूंजी बरबाद होने से बच सके। कोई भी निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया, बोलियों से रूबरू कराया

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखाः** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में एप्लाइड साइंसेज एवं ह्यूमेनिटी विभाग ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया। विभिन्न भाषाओं की समृद्धि, सांस्कृतिक धरोहर और मातृभाषा के महत्व से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ.विनय खत्री ने मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शैक्षणिक और सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डीन डॉ. बीबी शर्मा ने मातृभाषा को हमारी पहचान और आत्मा



का प्रतीक बताया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति की जड़ है। इसे संजोकर रखना हमारा कर्तव्य है। अपनी भाषा से जुड़े रहें और इसकी समृद्धि को बनाए रखें। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य राजीव तायल व शुभम तायल ने भी विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि पंकज शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, ज्योति एवं श्वेता तायल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। छात्रों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए, जो आकर्षण का केंद्र बने।

## न्यूज फ्लैश

### पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल का प्रयोग करते हुए नशे से दूर रहने का देते हैं संदेश उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा पर्यावरण संरक्षण के लिए वर्ष 2014 से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 2014 में पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जोड़कर प्रेरणा समिति हरियाणा का गठन किया था जिसका एक ही लक्ष्य था प्रदूषण मुक्त प्रदेश। इस कड़ी में पौधारोपण किया गया जिसमें 17500 से अधिक पौधे रोपित किए गए तथा साथ ही साइकिल के साधन का प्रयोग करने पर बल दिया गया। तब से ही उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का स्वयं भी प्रयोग करते हैं और अन्य लोगों को भी साइकिल के साधन का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वे सदैव साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गाँव गाँव और शहर शहर जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। वर्ष 2020 से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नशे के विरुद्ध अभियान चलाये हुए हैं। साइकिल पर चलने का कारण पूछने पर वो बताते हैं कि छोड़ो अब शमार्ना यदि अच्छा स्वास्थ्य चाहिए है तो साइकिल से करो आना जाना। हमारे पूर्वजों को नहीं होता था कोई रोग क्योंकि वे करते थे प्रायः साइकिल का प्रयोग। आओ छोटे बड़े सफर साइकिल से तय करें, ईंधन बचाएं और पर्यावरण स्वच्छ करें। वे कहते हैं कि साइकिल की सवारी सबसे प्यारी और न्यारी है। सड़कों पर बढ़ रही गाड़ियों की संख्या पर वे चिंतन करते हुए कहते हैं कि आज सड़कों का विस्तारीकरण दिन प्रतिदिन हो रहा है लेकिन सड़कें कम पड़ रही हैं। इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार चलाओ तब गाड़ी में सवारी पूरी हो अब। आज के प्रदूषित वातावरण के साथ साथ ग्लोबल वार्मिंग चिंता का विषय है। उन्होंने नशे पर प्रहार करते हुए कहा कि नशे को समूल नष्ट करने के लिए सबको एक साथ प्रयास करने होंगे। प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान के साथ जुड़कर अपने जीवन से नशे को बाहर करने का संकल्प ले और अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोड़ कर नशा मुक्त भारत का सपना साकार करें।

### विकल्प फाउंडेशन द्वारा संचालित मिशन बुनियाद स्तर -2 का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : आज शिक्षा विभाग हरियाणा ने विकल्प फाउंडेशन द्वारा संचालित मिशन बुनियाद स्तर -2 का परीक्षा परिणाम घोषित किया । जिसमें जिला कुरुक्षेत्र के उत्तीर्ण 283 विद्यार्थियों में से 142 लड़कियां और 141 लड़के सफल हुए । जिला कुरुक्षेत्र से राजकीय माध्यमिक विद्यालय समसीपुर के छात्र-पूर्व सुपुत्र श्री बलजिंदर सिंह 151 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे व राजकीय माध्यमिक विद्यालय जिंजरपुर की स्नेहा सुपुत्री श्री मखन सिंह 89 अंक लेकर द्वितीय और नवजोत कौर सुपुत्री श्री अवतार सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय जलालुद्दीन माजरा ने 80 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही।

# गांव भड़ोग में ब्रह्माकुमारीज द्वारा कार्यक्रम आयोजित

गांव भड़ोग में ब्रह्माकुमारीज द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**सतयुग**

▶▶ इन देवताओं को सूर्यवंशी कहा जाता था। इस युग की आयु थी 1250 वर्ष थी। ये थी सतयुग की बात



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गांव भड़ोग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने भारत की अनोखी व अनसुनी 5000 वर्ष की कहानी सुनाते हुए कहा कि एक समय था जब हमारा भारत देश सुख-समृद्धि से संपन्न था। चारों ओर खुशहाली और निःस्वार्थ प्रेम का वातावरण था। यहां रहने वाले हर एक मनुष्य दैवी गुणों से संपन्न, संपूर्ण निर्विकारी व 16 कला संपूर्ण थे। यहां रहने वाले मनुष्य देवी व देवता कहलाते थे, जिनकी आयु 150 वर्ष की होती थी और 8 जन्म होते थे। इन देवताओं को सूर्यवंशी कहा जाता था। इस युग की आयु थी 1250 वर्ष थी। ये थी सतयुग की बात। लेकिन सृष्टि का नियम है कि कोई भी चीज सदा नई नहीं रहती है, वह पुरानी जरूर होती है, चाहे मकान हो या दुनिया। हमारा भारत देश भी समय के साथ थोड़ा पुराना होता गया अर्थात? सतयुग से आया त्रेता युग। इस युग में आत्माओं की 2 कला कम हो 14 कला रह गई। उनकी आयु भी घटकर 100 वर्ष हो गयी। यहां 12 जन्म हुए और देवताएं सुर्यवंशी से बदलकर चंद्रवंशी कहलाए। इस युग की आयु भी 1250 वर्ष थी। इन्हीं दो युगों को एक साथ ह्स्वर्ग' कहा जाता था। ये दोनों ही युग अथाह सुख-शांति व समृद्धि से भरपूर थे, 2500 वर्ष पूर्ण हुए, तब आया द्वापर युग। जब द्वापर युग आया तब आत्मा की क्वालिटी 16 कला से घटकर 8 कला रह गई। मैं आत्मा हूं - यह भूल सभी अपने को देह समझने लगे, जिस कारण आत्मा के अंदर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार रूपी पांच विकारों का प्रवेश हुआ। देह अभिमान के कारण वे विभिन्?न दुःखों व रोगों से ग्रस्त होने लगे और तब सर्वप्रथम आत्माओं ने भगवान को याद किया, जो आत्माओं के परमपिता हैं। पहले-पहले तो केवल शिव के मंदिर बने किंतु बाद में वे अपने ही पूर्वज देवता स्वरूप के बड़े-बड़े मंदिर बनाकर पूजा करने लगे, फिर प्रकृति और मनुष्यों को भी पूजने लगे। इस तरह हमारा भारत जो एक धर्म पर टिका हुआ था, वो अनेक धर्म में बंट गया। द्वापर में 21 जन्म हुए जिसमें आयु और कम हो गयी। जितना-जितना जन्म बढ़ता गया, उतनी-उतनी आयु घटती रही और फिर हम पहुंचे कलियुग में, जहां 42 जन्म है। नीचे उतरते उतरते आत्मा की कला भी समाप्त हो शून्य कला रह गई। साथ ही इंसान के अंदर इंसानियत समाप्त हो गई। ये थी हम भारतवासियों के 84 जन्म की अनसुनी कहानी, जो एक सीढ़ी की तरह है।

## प्रीजाईडिंग ऑफिसर व पोलिंग ऑफिसर के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** जिले में निकाय चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर मुरलीधर डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अम्बाला शहर मे प्रीजाईडिंग ऑफिसर, सहायक प्रीजाईडिंग ऑफिसर व पोलिंग ऑफिसर के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर श्रीराम गुप्ता व अन्य ट्रैनरों द्वारा चुनाव से जुड़े कार्यो बारे व आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत तमाम कार्यो की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन से सम्बधित प्रक्रिया के बारे में भी तमाम जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 2 मार्च को जिले में निकाय चुनाव होने हैं। चुनाव डयूटी से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने का मुख्य मकसद यहीं है कि कर्मचारियों को चुनाव से सम्बधित कार्यो बारे तमाम जानकारी हो ताकि उन्हें चुनाव डयूटी के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों को पहले से ही निर्देश है कि चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए सभी कार्यो को समय रहते करवाना हैं। इस मौके पर मास्टर ट्रैनर श्रीराम गुप्ता व अन्य ट्रेनरों ने बैच अनुसार प्रीजाईडिंग ऑफिसर, सहायक प्रीजाईडिंग ऑफिसर व पोलिंग ऑफिसर को प्रशिक्षण देते हुए तमाम कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने मतदान वाले दिन मतदान से पहले होने वाली मॉकपोल बारे भी आवश्यक जानकारी दी।

## रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर मेघराज बंसल व भाजपा नेताओं ने दी बधाई

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद रेखा गुप्ता को भाजपा द्वारा दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। उनकी इस नियुक्ति पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन कुरुक्षेत्र के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व जिला सह संयोजक मेघराज बंसल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है साथ ही सभी का एक मत है कि भाजपा ही



एक मात्र ऐसे पार्टी है जहां सभी कार्यकर्ता समान है। सभी को संगठन द्वारा तवज्जो दी जाती है। यहाँ पंक्ति के आखिरी में खड़े होने वाला व्यक्ति भी अपनी कार्यशैली कुशलता और संगठन के प्रति समर्पण के चलते बड़े पद पर आसीन हो सकता है। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व जिला सह संयोजक मेघराज बंसल ने बधाई देते हुए कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली के लिए सही नेता को चुना है।

## जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को दी स्वच्छता से सम्बन्धित जानकारी

**मार्गदर्शन**

▶▶ सभी बच्चो को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए उन्होने कहा की स्वस्थ शरीर मे ही भगवान का वास होता है



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा आज कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2 में सुन्दरपुर, देवीदासपूरा, रतगल व आसपास झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को स्वच्छता से सम्बन्धित समान वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी अमित कालड़ा ने की। पवन मित्तल द्वारा वहां उपस्थित सभी बच्चो को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए उन्होने कहा की स्वस्थ शरीर मे ही भगवान का वास होता है इसलिए हम सभी स्वच्छता को अपनाकर खुद भी स्वस्थ रह सकते है और समाज को भी स्वस्थ रख सकते है हमे हर रोज स्नान करना चाहिए, हर रोज सुबह दांत साफ करने चाहिए, अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। इस अवसर पर करीबन 100 जरूरमंद बच्चों अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से स्वच्छता से सम्बन्धित उनकी जरूरत का समान जैसे नहाने की साबुन, टूथपेस्ट , नारियल पानी वितरित किए गए।

समाजसेवी मास्टर अमित कालड़ा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है और जो लोग धर्म के इस कार्य में समय समय पर अपनी आहुति डालते रहते है भगवान की उन पर हमेशा कृपया बनी रहती है। उन्होंने ने कहा कि हम सबको इस प्रकार के सामाजिक कार्य में बढ चढ कर भाग लेना चाहिए उन्होंने सभी बच्चो को स्वच्छता से सम्बन्धित शपथ दिलाई की सभी बच्चे खुद भी स्वच्छ रहेगे और अपने आसपास भी स्वच्छता रखेंगे। इस अवसर पर कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने कहा की इन बच्चों के साथ खुशीयां बाँटने मे सेवा ट्रस्ट संस्था हमेशा आगे रहती है स्वच्छता से सम्बन्धित आज जो समान इन बच्चो को उपलब्ध करवाया है उसके लिए सभी बच्चो की तरफ से सेवा ट्रस्ट का धन्यवाद करती हूँ।

# निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत का तृतीय चरण 23 को

टीम एक्शन इंडिया
समालखा 21 फरवरी, ( कुलदीप सिंह )

संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 23 फरवरी को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन




सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ., दिल्ली पर किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। संत निरंकारी मिशन ने

**स्नान**

▶▶ राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ., दिल्ली पर किया जाएगा

बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से इस प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की।

## जन सहयोग रसोई स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर संपन्न

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र शहर की सुप्रसिद्ध संस्था जन सहयोग कुरुक्षेत्र के सार्थक प्रयासों से हरियाणा सरकार की बागवानी टीम कुरुक्षेत्र की ओर से 18से 21 फरवरी तक चार दिवसीय महिला रसोई प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का समापन किया गया जिसमें ट्रेनर टीम और प्रशिक्षण ले रही 20 कामकाजी महिलाओं ने भाग लिया इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को टमाटर की चटनी,हरी मिर्च के आचार,चटनी,गाजर की बर्फी,टमाटर का सूप,कैच



अप,मशरूम का अचार,जैम,पेठा की बर्फी,घीया की चटनी इत्यादि बनाना सिखाया गया प्रतिदिन सबके लिए भोजन की व्यवस्था की गई। संस्था के रक्त मंत्री भाई मिथुन समाना ने बताया कि हरियाणा सरकार समय-समय पर घरेलू महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रशिक्षित करती रहती है। रक्त मंत्री ने बागवानी विभाग की खाद्य टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपके सहयोग से संस्था भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करती रहेगी।

## जींद में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

**जींद।** जींद व आसपास के इलाकों में गुरुवार की रात मौसम परिवर्तनशीलता के चलते तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बिछा दिया। शुक्रवार को किसान खेतों में पहुंचे ओर फसलों को संभाला। रात को जींद के 20 से ज्यादा गांवों में ओले पड़े। 20 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली हवाओं के कारण गेहूं की फसल बिछ गई। ओलावृष्टि से गेहूं के साथ-साथ सरसों की फसल को भी नुकसान हुआ है। गुरुवार शाम को छह बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाएं चलने लगीं।

## लेवल-3 की परीक्षा के लिए 283 विद्यार्थी चयनित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** मिशन बुनियाद के अंतर्गत बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा के लिए 283 विद्यार्थियों को चयनित किया है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कुरुक्षेत्र जिला से बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा में 1031 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें से 283 विद्यार्थियों को बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम के लिए चयनित किया है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा में राजकीय माध्यमिक विद्यालय समसीपुर के छात्र पूर्व ने 151 अंक प्राप्त कर



कुरुक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय झिनझरपुर की छात्रा स्नेहा ने 89 अंक प्राप्त कर कुरुक्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय जलालुद्दीन माजरा की छात्रा नवजोत कौर ने 80 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**परीक्षा संपन्न**

▶▶ कुरुक्षेत्र जिला से बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा में 1031 विद्यार्थियों ने भाग लिया

जिला कुरुक्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर के सर्वाधिक 9 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा के लिए हुआ है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रतापगढ़, राजकीय माध्यमिक विद्यालय आलमपुर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भेटेरी के 6-6 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद लेवल 3 परीक्षा के लिए हुआ तथा इन विद्यालयों ने कुरुक्षेत्र जिला में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिर्जापुर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल के 5-5 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद लेवल 3 परीक्षा के लिए हुआ तथा इन विद्यालयों ने कुरुक्षेत्र जिला में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा के लिए, शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है

## निकाय चुनावः एक्शन मोड में रहना होगा अधिकारियों को-प्रदीप कुमार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** नगर निकाय चुनाव के सामान्य आब्जर्वर आईएएस प्रदीप कुमार ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को सभी अधिकारी लोकसभा और विधानसभा की तरह गंभीरता से लेंगे। इन चुनावों में अधिकारियों को हमेशा एक्शन मोड में रहना होगा। इन चुनावों में शराब, पैसा या अन्य किसी भी तरह के प्रलोभन की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित क्षेत्र के अधिकारी को तुरंत एक्शन लेना होगा। अहम पहलू यह है कि इन नगर निकाय चुनावों में आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी।

सामान्य आब्जर्वर प्रदीप कुमार शुक्रवार को देर सायं लघु सचिवालय के सभागार में नगर निकाय चुनावों को लेकर आरओ, एआरओ व नोडल अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने थानेसर नगर परिषद के सामान्य चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि थानेसर नगर परिषद में पार्षद पद के लिए



32 वार्डो में से 30 वार्डों में चुनाव होने है, यहां पर 2 वार्डो में सर्वसम्मति बनी है। इसी तरह लाडवा के वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए भी सर्व सम्मति बनी है और इस्माइलाबाद नगर पालिका में प्रधान पद के लिए उपचुनाव होने है और यहां पर 13 वार्ड बनाए गए है। इन चुनावों को सफल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए डीएमसी सतेन्द्र सिवाच को आरओ, इस्माइलाबाद उप चुनाव के लिए, एमडी शुगर मिल विरेन्द्र चौधरी को आरओ नियुक्त किया गया है। सामान्य पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को आपसी तालमेल के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाना है, इसके लिए अधिकारियों को किसी भी

**दिशा-निर्देश**

▶▶ किसी भी तरह के प्रलोभन की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित क्षेत्र के अधिकारी को तुरंत एक्शन लेना होगा

स्तर पर मिलने वाली शिकायत पर तुरंत कार्रवाई अमल में लानी है और शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना है। सभी अधिकारियों को हमेशा एक्टिव मोड में रहकर अपनी डयूटी का निर्वहन करना होगा। इन चुनावों की नियमित रूप से रिपोर्ट आरओ और आला अधिकारियों को भिजवानी सुनिश्चित करनी होगी। इन चुनावों के लिए नियुक्त किए गए डयूटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी निरंतर फील्ड में रहकर नजर रखेंगे। जहां कहीं भी एमसीसी के आदेशों की अवहेलना नजर आए उसी समय नियमानुसार कार्रवाई अमल में लानी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की तरफ से शहर में 30 से ज्यादा जगहों पर नाकाबंदी की गई है।

## निकाय चुनाव के मद्देनजर शस्त्र लाइसेंस धारक समय से अपने हथियार जमा करवाएं: वरुण सिंगला

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** निकाय चुनावो के मद्देनजर कुरुक्षेत्र पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है । एडवाइजरी जारी करते हुए अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस धारक अपने लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा करवायें । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि आगामी 2 मार्च को जिला में निकाय चुनाव है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के



उद्देश्य से शस्त्र लाइसेंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराएं। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आपके क्षेत्र में जिन लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाने या प्राधिकृत गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति थाना के अलावा प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास अपने हथियार जमा करवा सकता है परंतु हथियार जमा करवाने की रसीद को संबंधी थाने में दिखाना अनिवार्य है। चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वह अशांति फैलाने में शामिल पाए गए तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# अद्भुत, अतुलनीय, अनुपम भारत का भाषा परिवार: डॉ. वीरेन्द्र पाल

## हरियाणवी बोली का इतिहास हजारो साल पुराना: डॉ. महासिंह पूनिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा कि भारत का भाषा परिवार जितना वैज्ञानिक है, उसका मुकाबला संसार की कोई भाषा नहीं कर सकती। सभी भाषाएं अपनी जगह महत्त्वपूर्ण है, लेकिन भारत में हिंदी और उसकी जननी संस्कृत को प्राचीन भारत के मनीषियों ने इतने वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया कि यह अद्भुत, अतुलनीय व अनुपम कहलाई। वह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।



उन्होंने बताया कि किस प्रकार हिंदी एक धवनांतरण भाषा है, यानी जैसे बोली जाती है, वैसे ही लिखी जाती है, और इसी कारण इसके उच्चारण औ अभिव्यक्ति में दोहरे अर्थ उपजने का संकट ही पैदा नहीं होता। इसी प्रकार संस्कृत हर शब्द अपने आप में पूर्ण है, और उच्चारण इतना वैज्ञानिक है कि अस्पष्टता उत्पन्न हो ही नहीं सकती। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि संसार के विभिन्न देशों में भाषा के शिक्षण से जुड़े अपने अनुभव विद्यार्थियों से सांझा करते हुए मातृभाषा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आप संसार की चाहे कितनी भाषाएं सीखो लेकिन अपनी मातृभाषा और अपनी स्थानीय बोलियों से दूरी न बनाएं क्योंकि वो आपकी वास्तविक अभिव्यक्ति है, उसमें आपका मूल छिपा है। संस्थान के निदेशक डॉ महासिंह पूनिया ने कहा कि मातृभाषा और स्थानीय बोलियो की महिमा का कितना गुणगान करें, जितना करेंगे वो कम पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणवी बोली का इतिहास हजारो साल पुराना है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने विभिन्न देशों में भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति की वास्तविक शक्ति, उसकी सच्ची वाणी, उसकी मातृभाषा होती है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि हरियाणवी बोली है, लेकिन पुष्ट प्रमाण सिद्ध करते हैं कि यह बोली नहीं यह भरी पूरी भाषा है। उन्होंने भारतीय वैदिक साहित्य से लेकर, अरबी, फारसी व अन्य बहुत-सी भाषाओं में हरियाणवी शब्दों के समानार्थक शब्दों का वर्णन कर विद्यार्थियों को हरियाणवी के संदर्भ में रोचक तथ्य बताए। इस अवसर पर संस्थान शिक्षिका डॉ. मधुदीप ने बड़े रोचक अंदाज में विभिन्न आंचलिक भाषाओं में अभिवादन का उच्चारण किया।

**आंचलिक**

**संस्थान शिक्षिका डॉ. मधुदीप ने बड़े रोचक अंदाज में विभिन्न आंचलिक भाषाओं में अभिवादन का उच्चारण किया**

# गांव बहादुरपुरा में नवीन संकल्प शिविर का किया गया आयोजन

**शिविर**

**नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** 21 फरवरी। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर के गांव बहादुरपुरा में आयोजित नवीन संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। थानेसर हल्के के गांव बहादुरपुरा में आयोजित इस संकल्प शिविर में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके।उन्होंने बताया कि आज थानेसर हल्के के गांव बहादुरपुरा के नवीन संकल्प शिविर में 29 लोगों को परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 7 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए। आज के नवीन संकल्प शिविरों में 25 लोगों की समस्याओं का समाधान और 5 लोगों को छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। इन दोनों नवीन संकल्प शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सीमा रानी सरपंच, राजेश कुमार सरपंच प्रतिनिधि, अशोक सैनी पंच, मदनलाल पंच राजकुमार वाल्मीकि, पालाराम सैनी, रामसरूप सेन, अशोक कुमार सेन,सोनू सेन, पप्पू वाल्मीकि और गांव के लोगों ने सांसद नवीन जिन्दल की टीम का सहयोग किया।

# निगम चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक ने ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**निगम** चुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक मनीता मलिक ने शुक्रवार को उपायुक्त कैम्प कार्यालय में निगम चुनाव से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि चुनाव को लेकर कोई भी अधिकारी कौताही ना बरते। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और स्वतंत्र रूप से चुनाव सम्पन्न करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी चुनाव डयूटी में निभाई जाने वाली भूमिका पर विशेष ध्यान दें, यदि कोई अधिकारी और कर्मचारी चुनाव डयूटी में कौताही बरतता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि जिला में निगम चुनाव को लेकर रैली स्थल और पोस्टर बैनर इत्यादि लगाने के स्थान चिन्हित किए जाएं। संवेदनशील बूथों पर सभी सम्बंधित अधिकारी व्यक्तिगत दौरा करें। यही नहीं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष चौकसी भी बरती जाए।
मनीता मलिक ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से जो भी दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं उन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। सभी अधिकारी और कर्मचारी आपसी तालमेल से काम करें। चुनाव के दौरान यदि किसी भी अधिकारी को दिक्कत आती है तो वह रिर्टनिंग अधिकारी से सम्पर्क करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि चुनाव डयूटी में लगे सभी अधिकारी ईमानदारी से चुनाव सम्पन्न करवाएं।

**जिम्मेदारी**

**निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और स्वतंत्र रूप से चुनाव सम्पन्न करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है : मलिक**

# दो दिवसीय सांस्कृतिक उमंग महोत्सव का हुआ आगाज

**महोत्सव**

**गायत्री ने पहला बा फर्स्ट ईयर की महक ने दूसरा व सपना ने तीसरा स्थान हासिल किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में दो दिवसीय बसंत सांस्कृतिक महोत्सव उमंग का आज रंगारंग आगाज हुआ । इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है । कार्यवाहक प्राचार्य डॉ मीनाक्षी ने दीप प्रज्वलित करके




महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि संस्कृति के आयोजन हमारा मनोरंजन जीवन में नए रंग भरते हैं। इससे हमारे व्यक्तित्व विकास को गति मिलती है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार ने बताया की महोत्सव के पहले दिन गीतिकाव्य काव्य नाटय, लोकगीत जैसे हरियाणवी पंजाबी हिमाचली गायन व वाद्य यंत्र आदि की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज के नवोदित कलाकारों ने बढ़ चढ़कर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और कलाकारों की सृजनात्मक और रचनात्मकता को विकसित करना है। काव्य नाटय में महक व वर्षा की टीम ने प्रथम स्थान हिमानी की टीम ने दूसरा व नेहा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

हरियाणवी लोक गायन बीए फर्स्ट ईयर यशविनी ने पहला बीकॉम फर्स्ट ईयर की अर्चिता ने दूसरा व भावना ने तीसरा स्थान हासिल किया। अन्य क्षेत्रीय लोकगायन इवेंट में बीए सेकंड ईयर की गायत्री ने पहला बा फर्स्ट ईयर की महक ने दूसरा व सपना ने तीसरा स्थान हासिल किया। मिमिक्री में एम.ए हिंदी की मिली ने प्रथम एम.ए इतिहास की आरजू ने द्वितीय व स्वाति ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# 23 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का होगा आयोजन

**तैयारी**

**रोल नम्बर नहीं लिए है वे आज शनिवार 22 फरवरी तक अपने रोल नम्बर विद्यालय से आकर ले लें**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

आरोही मॉडल सी0 से0 स्कूल, छाजपुर कलाँ में छठी, नौंवी व ग्याहवीं में प्रवेश के लिए 23 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य हेमलता बाल्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार 23 फरवरी को प्रातः 9:30 से 12:30 बजे तक किया जाएगा। सभी परीक्षार्थी परीक्षा से आधा घण्टा पहले आरोही विद्यालय मे पहुँचे। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक अपने रोल नम्बर नहीं लिए है वे आज शनिवार 22 फरवरी तक अपने रोल नम्बर विद्यालय से आकर ले लें।
उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए लगभग 600 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 8 मार्च 2025 को घोषित कर दिया जाएगा।

# किसान बीमित फसल के लिए 72 घंटे के अंदर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है: उपनिदेशक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. आत्माराम गोदारा ने बताया कि किसी किसान की बीमित फसल ओला वृष्टिद्द, जल भराव व आसमानी बिजली द्वारा खराब हो जाती है तो किसान विभाग की वेबसाइट एग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन या करोप लॉस मोबाइल एपलिकेशन के माध्यम से 72 घंटे के अंदर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। किसान टोल फ्री नम्बर 14447 पर भी बीमित किसान फसल में हुए नुकसान की सूचना फसल बीमा के लिए दे सकते है। उपनिदेशक ने बताया कि गठित कमेटी द्वारा खराब फसल का सर्वे करके संबंधित बीमा कंपनी को मुआवजा देने हेतु भेज दिया जाएगा। अगर किसी किसान को ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या आती है तो वह अपने क्षेत्र के खंड कृषि अधिकारी व संबंधित बीमा कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक मृगांक द्विवेदी मोबाइल नम्बर 7007294401 या अमित कुमार मोबाइल नम्बर 9899004654 पर सम्पर्क कर सकते है।
सहायक सांख्यिकी अधिकारी हरबंस सिंहमार ने बताया कि किसान द्वारा खराब फसल के मुआवजे के लिए आवेदन करना अनिवार्य है।

# मातृभाषा किसी भी व्यक्ति की सामाजिक और भाषाई पहचान होती है - डा. श्रीप्रकाश

**विचार**

**मातृभाषा अर्थात जिस भाषा में मां सपने देखती है या विचार करती है, वही भाषा उस बच्चे की मातृभाषा होती है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जन्म लेने के बाद मनुष्य जो प्रथम भाषा सीखता है, उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं। मातृभाषा किसी भी व्यक्ति की सामाजिक और भाषाई पहचान होती है। मातृभाषा अर्थात जिस भाषा में मां सपने देखती है या विचार करती है, वही भाषा उस बच्चे की मातृभाषा होती है। भारत में सैकड़ों तरह की मातृभाषाएं बोली जाती है, जो हमारे देश की विविधता में एकता और अनूठी संस्कृति को दर्शाती है। दुनिया भर में अलग-अलग जातियों, धर्मों, संप्रदायों और अलग अलग जगहों पर अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं। इन मतभेदों के पीछे एकता और समानता है जो सभी को एक साथ बांधती है।
यह उदगार अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में समाज के असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए समर्पित मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित मातृभाषा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों के मध्य एक संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संभाषण प्रतियोगिता में छठवीं के कार्तिक प्रथम। आठवीं के नकुल द्वितीय, सातवीं के हनी सिंह तृतीय एवं पांचवी के मंदीप ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
सभी विद्यार्थियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यर्थियों को मातृभाषा का महत्व बताते हुए कहा भाषा वह दर्पण है जिसमें व्यक्ति की संस्कृति और सभ्यता झलकती है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस सांस्कृतिक विविधता और विभिन्न भाषाओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, ताकि लोगों में न केवल अपनी और दूसरों की भाषाओं के प्रति प्रेम विकसित हो बल्कि विभिन्न मातृभाषाओं के बारे में भी ज्ञान प्राप्त हो सके। विभिन्न भाषाएँ विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ती हैं। जिससे संचार करने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है।भाषा और संस्कृति के लिए बंगाली लोगों के संघर्ष को मान्यता देते हुए, नवंबर 1999 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के महाधिवेशन ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2002 के प्रस्ताव में मान्यता दी।

# पंजाबी अध्यापक मांगों को लेकर मौलिक शिक्षा अधिकारी से मिले

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी अध्यापक एवं भाषा प्रचार प्रसार सोसाइटी हरियाणा की राज्य कार्यकारणी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार हरियाणा प्रदेश के विद्यालयों में आगामी सत्र 2025-26 त्रिभाषा सूत्र को लागू करने सहित अन्य माँगों को लेकर सोसाइटी की जिला इकाई कुरुक्षेत्र की तरफ से जिला प्रधान जगदीप सिंह की अगुवाई में पंजाबी अध्यापकों व पंजाबी प्रवक्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में इकट्ठे हो के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक के माध्यम से




मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार, शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार व अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला प्रधान जगदीप सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित दिशानिर्देश अनुसार प्रदेश में आगामी सत्र 2025-26 से त्रिभाषा सूत्र लागू करने की माँग की गई ताकि छात्र हिन्दी, अंग्रेजी सहित पंजाबी, संस्कृत, उर्दू, फ्रेंच इत्यादि भाषाओं में से तीन भाषाओं का अध्ययन कर सकें इससे एक तो बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होगा और उनके लिए देश विदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़ सकें। उन्होंने ने कहा भाषा का विकल्प भाषा ही होना चाहिए, कौशल विषयों को भाषा का विकल्प न बनाकर अलग से पढ़ाया जाना चाहिए। इस मौके उपस्थित राज्य प्रधान डा. हरजीत सिंह गिल ने माँग की कि लगभग सभी विषयों के अद्यापकों के प्रवक्ता पद पर प्रोमोशन किए जा चुके हैं लेकिन पंजाबी अध्यापक लम्बे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें योग्यता अनुसार शीघ्र पदोन्नति दी जाए और आगामी सत्र से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के विद्यालयों में नोवीं से बाहरवीं कक्षा में सी. बी.एस. ई. का पाठ्यक्रम लागू किया जाए क्योंकि यह पाठ्यक्रम सटीक व विद्यार्थियों की रुचि के अनुकूल है। सत्र आरम्भ होने से पहले सभी राजकीय विद्यालयों में पंजाबी विषय की पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं। सोसाइटी के उप-प्रधान गुरनाम सिंह ने कहा कि पंजाबी भाषा को राज्य में वर्ष 2010 से दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त है लेकिन इसे अभी तक राज्य में बनता मान-सम्मान नहीं मिल रहा है।

**मांग**

**भाषा का विकल्प भाषा ही होना चाहिए, विषयों को भाषा का विकल्प न बनाकर अलग से पढ़ाया जाना चाहिए**

# 5 मार्च को होगा इग्नू का 38वां दीक्षांत समारोह: डॉ धर्म पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्मपाल ने बताया इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के 38वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 05 मार्च 2025 को इग्नू मुख्यालय एवं पुरे देश भर के 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर होने जा रहा है। उनमें से क्षेत्रीय केन्द्र करनाल भी शामिल है। इग्नू के 38वें दीक्षांत समारोह में मुख्यालय नई दिल्ली पर माननीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा मंत्री, भारत सरकार अपनी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। डॉ.धर्म पाल ने बताया कि जो



विद्यार्थी सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2023 एवं जून 2024 में अपना कार्यक्रम पूर्ण कर चुके है वें 38वें दीक्षांत समारोह के लिए अपना पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल पर रु 600/- देकर 25 फरवरी तक करवा सकते है। उन्होंने बताया की लगभग 313770 (तीन लाख तेरह हजार सात सौ सत्तर) प्रतिभागियों को उपाधि ( डिग्री/ सर्टिफिकेट) प्रदान की जाएगी। जिसमें क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत लगभग 22262( बाईस हजार दौ सौ बासठ) प्रतिभागि उपाधि (डिग्री/ सर्टिफिकेट) लेने के लिए पात्र है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल पर आयोजित समारोह में डॉ राजेश गोयल, सचिव, हरियाणा बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, पंचकूला बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे क्षेत्रीय केंद्र पर आयोजित समारोह में केवल 300 विद्यार्थियों को डिग्री देने के लिए बुलाया जायेगा बाकि सभी विद्यार्थियों को डिग्री डाक द्वारा उनके पते पर भेजी जाएगी।

# श्रीराम कथा श्रवण करने मात्र से होते हैं पाप और कष्ट दूर: विजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव मे श्रीराम कथा करते हुए ब्यास पीठ पर विराजमान आचार्य विजय कौशल महाराज ने सातवा दिन श्रीराम कथा करते हुए माता शबरी के प्रसंग से शुरू की ओर राम सुग्रीव मिलन, बाली वध से लेकर माता सीता की खोज मे हनुमान को लंका जाने तक की कथा सुनाई। आचार्य विजय कौशल महाराज ने सीताजी की खोज हो जाने पर श्रीराम ने असंख्य वानरों के साथ लंका-कूच की तैयारी कर ली। सेना का समुद्र पार करना असंभव था, इसलिए श्रीराम समुद्र तट पर कुशा बिछाकर लेटे और समुद्र की अनुनय-विनय शुरू की। उन्होंने निश्चय किया, 'आज या तो मैं




समुद्र के पार जाऊंगा या मेरे द्वारा समुद्र का संहार होगा।' हालांकि इसी प्रकार उपासना करते 3 रातें बीत गईं, लेकिन समुद्र ने अपने आधिदैविक रूप का दर्शन उन्हें नहीं कराया। तब श्रीराम ने अपना धनुष लिया और उस पर प्रत्यञ्चा चढ़ा दी. उसके बाद बाण को ब्रह्मास्त्र से अभिमन्त्रित किया। इससे समुद्र में हलचल मचने लगी। वहां धुआं उठने लगा, बड़ी-बड़ी लहरें चक्कर काटने लगीं। शंख और सीपियां पानी के ऊपर छा गईं। पर्वत डगमगाने लगे। आकाश में सैकड़ों उल्काएं प्रज्वलित हो उठीं, भारी गड़गड़ाहट के साथ वज्रपात होने लगा। वह ब्रह्मास्त्र छोड़ने ही वाले थे कि तभी समुद्र स्वयं मूर्तिमान् होकर प्रकट हुआ। उससे त्राहि माम्, त्राहि माम्... शोर गूंजा। समुद्र ने श्रीराम को प्रणा किया और फिर हाथ जोड़कर कहा- 'हे भगवन्! मेरा ये स्वभाव तो आपका ही दिया है। सौम्य रघुनन्दन ! पृथ्वी, वायु, आकाश, जल और तेज- ये सर्वदा अपने स्वभाव में स्थित रहते हैं और अपनी मयार्दा के आश्रित ही रहते हैं। मैं अगाध और अथाह हूं- कोई मेरे पार नहीं जा सकता। यदि मैं खुद किसी को रास्ता दूं तो इससे सृष्टि में विकार उत्पन्न हो जाएगा।
भगवन्!
मैं अभी ऐसा उपाय बताता हूं कि अपनी समस्त सेना सहित आप मेरे पार चले जायंगे। मैं आसानी से सब सह लूंगा। आपकी सेना में जो वानर नल है, वो साक्षात विश्वकर्मा का पुत्र है। ये मुझ पर सेतु बांधें।' ये कहकर समुद्र अदृश्य हो गया। कथा मे सातवे दिन यजमान जिया लाल गोयल सोनू जैन प्रविण मितल अमित गर्ग पकज गोयल सावन अग्रवाल ओम प्रकाश सहरावत लेख राज गर्ग केलास शर्मा मोहीत गोयल सोरभ बसंल मुकेश गोयल यजमान रहे।

**कथा सुनाई**

**बाली वध से लेकर माता सीता की खोज मे हनुमान को लंका जाने तक की कथा सुनाई**

# केशवपुरम जोन में वार्ड समिति की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम के केशवपुरम जोन की वार्ड समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता केशवपुरम जोन के चेयरमैन योगेश वर्मा ने की। इस बैठक में उपायुक्त संदीप गहलोत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी के अलावा कई निगम पार्षदगण उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई और निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

**अतिक्रमण के खिलाफ करवाई:** सभी निगम पार्षदों को अपने-अपने वार्ड से पांच-पांच प्राथमिक बिंदु देने होंगे, जिन पर निगम अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनधिकृत अतिक्रमण दोबारा न हो।





**आवारा पशुओं पर नियंत्रण:** आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए तीन-तीन वार्डों का एक समूह बनाया जाएगा। इन समूहों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में लगातार एक सप्ताह तक कार्रवाई की जाएगी और आवारा पशुओं को हटाया जाएगा।

**शौचालयों की सफाई व्यवस्था:** शौचालयों की स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए सफाई अधिकारी को प्रतिदिन सुबह-सुबह शौचालयों की तस्वीर भेजनी होगी, जिससे उनकी नियमित सफाई की पुष्टि हो सके।

**सार्वजनिक स्थलों की सफाई:** जब भी किसी स्थान पर भंडारे का आयोजन होगा, सफाई अधीक्षक आयोजकों से संपर्क कर उन्हें सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा डस्टबिन लगाने के लिए प्रेरित करेंगे और एक शपथ पत्र भी देंगे कि वह भंडारे के पश्चात वह स्थान स्वच्छ हो इसको सुनिश्चित करेंगे।

**सख्त निगरानी एवं अनुपालन:** नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर इन सभी उपायों को प्रभावी रूप से लागू करें और निगरानी सुनिश्चित करें।

इस मौके पर जोन चेयरमैन योगेश वर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता को स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान करना प्राथमिकता है। इस दौरान सभी निगम पार्षदों और अधिकारियों को इस दिशा में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया गया।




दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बधाई देते हुए आदर्श नगर वार्ड से पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा।

## वजीरपुरः सभी को करना चाहिए पौधारोपणः विष्णु चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी व भाजपा नेता विष्णु चौहान ने कहा कि हम सभी को उचित स्थान देखकर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। जहां एक ओर पेड़-पौधों से क्षेत्र में हरियाली बनी रहती है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार के फल, फूल और औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम अधिक-अधिक पौधे लगाये। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। जिससे की पौधे की पूर्ण रूप से सुरक्षा हो सके।



## शालीमार बागः कई दिनों से नहीं हो रही है नाले की सफाई : सत्यपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शालीमार बाग के निगम प्राथमिक विद्यालय बीके-2 के सामने नाले की सफाई न होने से गंदा पानी बदबू दे रहा है। उक्त बातें जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने आगे बताया कि कई बार यह देखा गया है कि नाले का गंदा पानी रोड़ पर भी आ जाता है। जिससे स्कूली बच्चों को परेशान होना पड़ता है। उन्होंने आगे बताया कि जगह-जगह से नाले की दिवार टूटी हुई है। जिससे छोटे बच्चों के नाले में गिरने का डर भी बना रहता है। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल शर्मा ने संबंधित विभाग से मांग की है कि अविलम्ब ही नाले की सफाई करवाई जाये और अन्य मरम्मत के कार्य भी जल्द से जल्द करवाये जाये।



## ज्ञान आधार वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों के लिए लगाया डेंटल कैंप, 69 बच्चों ने करवाई दांतों की जांच








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ज्ञान आधार वेलफेयर सोसाइटी ने दिल्ली स्थित रजापुर के सेक्टर-3 में चल रहे शिक्षा केन्द्र में बच्चों के दांतों के परीक्षण हेतु एक डेंटल कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प डॉ ममता देशवाल और डॉ अंकित देशवाल द्वारा दांतों को स्वस्थ और रोग मुक्त रखने की मुहिम के तहत लगाया गया। डॉ ममता ने दांतों के महत्व को समझाते हुए कहा कि खाना चबाने के लिए दांतों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। डॉ ममता ने यह भी कहा कि दांतों को साफ करने के लिए बच्चों को छोटा ब्रश लेना चाहिए। थोड़ा सा पेस्ट लगा कर दांतों पर गोल-गोल घुमाते हुए ब्रश करना चाहिए। ब्रश सुबह-सवेरे उठते ही और रात को सोते समय अवश्य ही करना चाहिए। डॉ ममता की टीम में ज्योति और प्राची भी सहयोगी रूप में सम्मिलित थी। जिन्होंने रिकार्ड तैयार करने में सहायता की। शिक्षा केन्द्र में उपस्थित लगभग सभी 69 बच्चों ने बिना डरे दांतों का परीक्षण कराया और डॉ ममता और डॉ अंकित देशवाल ने भी एक-एक बच्चे का पूरे मनोयोग से परीक्षण किया। जिन बच्चों के दांत ठीक थे उनकी स्लिप पर स्टार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। दन्त परीक्षण के समय किरण मैडम, जागृति मैडम, अनीता ने दन्त परीक्षण का कार्य सुचारू रूप से चलाने में भरपूर सहयोग दिया।

शिक्षण केंद्र में आने वाले इनटर्न पूजा, रिद्धि मिश्रा और हर्षदीप कौर ने भी बच्चों से विभिन्न तरह के प्रश्न पूछकर उनका मनोबल बनाए रखा ताकि वह परीक्षण कराते हुए भयभीत न हो। दन्त परीक्षण के उपरांत डॉ अंकित देशवाल द्वारा बच्चों को माउथ वाश और टूथ पेस्ट भी प्रदान किए गए। डॉ ममता ने हिदायत दी कि माउथ वाश करते हुए पानी से कुल्ला नहीं करना है। पेस्ट और माउथ वाश दोनों का एक साथ भी प्रयोग नहीं करना है।

## निगम से सेवानिवृत कर्मचारियों से हो रहा है सौतेला व्यवहारः दलीप कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी शासित नगर निगम से सेवामुक्त होने वाले कर्मचारियों को काफी लंबे समय से अपने ऊपर हो रहे सौतेले व्यवहार के दंश से दो चार होना पड रहा है। राष्ट्र हितेषी मजदूर परिषद और दिल्ली नगर निगम संयुक्त मोर्चा नरेला के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने बताया कि पूर्व में निगम से जो भी कर्मचारी रिटायर्ड होता था, चाहे वो डी ग्रेड कर्मचारी हो या कोई आईएएस अधिकारी हो उनको मुख्यालय बुलाकर जोरो से विदाई देते हुए उनका सम्मान किया जाता था, लेकिन अब सफाई कर्मचारियों के साथ दोमूहा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवामुक्त कर्मचारियों के लिए बडा कार्यक्रम करना तो दूर की बात है क्षेत्रीय स्तर पर भी सरकार की ओर से विदाई समारोह तक नहीं किया जाता है। बरवाला ने आरोप लगाते हुए कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी के विदाई समारोह की पूरी तैयारी साथी कर्मचारी अपने पैसे से करते है बरवाला ने यह भी कहा कि वैसे सेवामुक्त हो रहे कर्मचारी साथी पैसे एकत्र कर विदाई समारोह का आयोजन करते है, वहीं ऐसे कार्यक्रम में स्वच्छता अधीक्षक और सहायक आयुक्त शामिल होने में कतराते है, क्योंकि सफाई कर्मियों के विदाई कार्यक्रम में शामिल होना उनके खिलाफ है। बरवाला ने कहा कि पिछलें दिनों में कंझावला वार्ड से कई सफाई कर्मचारी सेवामुक्त हुए थे तो उनके मान-सम्मान में न तो क्षेत्रीय कार्यालय में कोई कार्यक्रम रखा गया था और न ही हाजिरी पॉइंट पर कोई अधिकारी पहुंचा।



## निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने चलाया क्षेत्र में स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को अमलीजामा पहनाते हुए बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर 8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पार्षद गुलाब सिंह राठौर मौके पर सफाई कर्मचारियों के साथ खड़े दिखे।

राठौर ने बताया कि वैसे तो क्षेत्र की सफाई रखने का कार्य सरकार व उनके कर्मचारी कर ही रहे है, लेकिन सफाई को लेकर जितना दायित्व सरकार व सफाई कर्मियों का है उतनी ही जिम्मेदारी हम सभी की भी बनती है। राठौर ने बताया कि क्षेत्र के कुछ लोगों ने गलियों की नालियां तक चौक कर दी थी जिसके चलते वहां रह रहे लोगों को खासा परेशानियां होने लगी थी। जिस रूकावटों को दूर करते हुए पुनः सुचारू रूप से चालू किया गया। राठौर ने कहा कि जैसे हम लोग हमारे घरों की साफ सफाई रखते है, ठीक उसी प्रकार से हमे हमारे क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था बनाएं रखने में निगम के सफाई कर्मचारियों की मदद करनी चाहिए। क्योंकि हमारा गली मोहल्ला व क्षेत्र भी तो हमारा ही घर है, क्योंकि जहां हम रहते है व काम करते है वो भी हमारा ही घर होता है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा निरंतर रूप से क्षेत्र में दौरा लगाया जाता रहता है और समय-समय पर विशेष सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूं।





## मातृभाषाओं का सम्मान हमारा कर्तव्यः प्रोफेसर अंजू श्रीवास्तव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषाओं में अध्ययन अध्यापन का संकल्प है जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है।

मातृभाषा में पढ़ना और सीखना अधिक बोधगम्य है जो हमारी क्षमताओं को और अधिक पढ़ाएगा।

हिंदू कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो अंजू श्रीवास्तव ने कहा कि साहित्य के साथ-साथ विज्ञान और सामाजिकी में भी मातृभाषाओं के अधिकाधिक व्यवहार की जरूरत है। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को मातृभाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि मातृभाषाओं का सम्मान हम सबका सामूहिक कर्त्तव्य है। संगोष्ठी में उप प्राचार्य प्रो रीना जैन ने कहा कि घर में बोली जाने वाली भाषा वृहद ज्ञान, कौशल और अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके इसके लिए उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू कालेज में ही देश भर में बोली जाने वाली अनेक भाषाओं के विद्यार्थी हैं जो मिलकर इस संकल्प को पूरा कर सकते हैं। भौतिक विज्ञान के प्रो सांताक्रुस सिंह ने भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में बोली जाने वाली अनेक भाषाओं का परिचय दिया। प्रो. सिंह ने बताया कि अकेले मणिपुर में ही अनेक आदिवासी भाषाएं हैं जिनमें देशज ज्ञान का भंडार है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लव ने इस अवसर पर बताया कि महाविद्यालय की इकाई ने देश की अनेक भाषाओं को बोलने जानने वाले विद्यार्थियों को आपस में इन भाषाओं को सीखने और अधिकाधिक व्यवहार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया है।

महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष डॉ वरुणेन्द्र रावत, संस्कृत शिक्षक प्रो राजेंद्र कुमार, डॉ पूरणमल वर्मा, हिन्दी विभाग प्रभारी प्रो बिमलेंदु तीर्थंकर सहित अन्य शिक्षकों ने भी संगोष्ठी में विचार व्यक्त किए। इससे पहले राष्ट्रीय सेवा योजना अध्यक्ष नेहा यादव और सचिव आदित्य राज भट्ट ने सभी का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।




## यमुना स्वच्छ अभियान पर उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री का धन्यवादः पंचायत संघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना व दिल्ली सरकार की मुखिया रेखा गुप्ता का यमुना स्वच्छ व अविरल बनाने के लिए कार्य शुरू करवाने पर आभार व्यक्त किया। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा दी गई यमुना स्वच्छ कराने की गारंटी पूर्ण होने की शुरूआत पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया है।

दिल्ली पंचायत संघ लगातार इस पर आवाज उठाता रहा था। लेकिन पिछले दो दशकों से इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया था। यमुना अविरल व निर्मल स्वच्छ अभियान और साहिबी भी अतिक्रमण मुक्त हो, यमुना पर घाटों का निर्माण होने, जहां दिल्ली वासी आस्था की डूबी लगा सकें। ऐसी अब संभावना पूर्ण होती नजर आ रही है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि अब हमें दिल्ली देहात व गांव ग्रामीणों की मांगों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा दी गई गारंटी जल्द पूरी होने की उम्मीद जगी है और इसके साथ ही मांग करते है की गांवो के ज्वलंत मुद्दों। गांवो को हाउस टैक्स मुक्त करने। गांवों को लाल डोरा व विस्तारित लाल डोरा से मुक्त कर मालिकाना हक देने। सभी मुद्दो के समाधान के लिए गांवों मे 'ग्राम सेवा केंद्र' खोलने पर भी जल्द कार्रवाई हो। दिल्ली पंचायत संघ ने प्रधानमंत्री व दिल्ली के उपराज्यपाल ओर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद किया।



# वसूली पर खामोशी का मतलब तलाश रहे ग्रामीण

## विद्युत विभाग में करीब दो महीने चली ओटीएस को नहीं मिली है अपेक्षित सफलता

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। मार्च** का महीना चल रहा है। सभी विभाग वसूली में जुटे हैं। वहीं विद्युत विभाग में खामोशी हैं। कार्यवाही थम सी गई है। दो महीने तक चली विद्युत विभाग की ओटीएस योजना में विभाग को अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं पर भारी भरकम विभाग का बकाया चल रहा है। विभाग की यह खामोशी बकायेदार उपभोक्ताओं की बेचैनी बढा रही है। निजीकरण के होहल्ला के बीच संभावनाओं को भांपते हुए किसान संगठन सक्रिय हो गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन से जुडे इस मुद्दो पर किसान संगठनों को भी राजनीति का अखाड़ा तैयार दिखाई दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में बडी संख्या में एसे बकायेदार हैं जो किसी भी



कीमत पर विद्युत विभाग का बिल चुकता करने की स्थिति में नहीं हैं। विभाग की बकाये पर भारी भरकम ब्याज और दूसरे देयों को जोड कर यह लगातार बढता जा रहा हैं। ऐसी स्थिति में आरसी जारी करने के बाद कुर्की ही एकमात्र विभाग के पास वसूली का रास्ता बचता है। ऐसे में तमाम बकायेदार ऐसे हैं जिनके पर सिर्फ मकान है। तो तमाम उपभोक्ता अब तक सरकारी या ग्राम समाज की जमीन पर मकान बना कर रह रहे थे, अभी तक उनकी आरसी जारी करने और वसूली करने का विभाग के पास उपचार नहीं था। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है कि घरोनी और फैमिली कार्ड बनने के बाद इनसे भी वसूली संभव हो

**अपेक्षित**

**▶▶ दो महीने तक चली विद्युत विभाग की ओटीएस योजना में विभाग को अपेक्षित सफलता नहीं मिली है**

सकेगी। देनदारियों की भारी भरकम धनराशि और उपभोक्ताओं के जर्जर हालात ने राजनीतिक दलों के साथ ही किसान संगठनों को भी राजनीति के लिए तैयार अखाडे के शगुन ला दिये हैं। कांगेस, सपा जैसे राजनीतिक दल लगातार विद्युत बिल की जबरिया वसूली को मद्दा बनाने की कोशिश करते रहे हैं। मथुरा जैसे जनपद में किसानों की राजनीति व्यापक रही है। राष्ट्रीय लोकदल के सत्ता का हिस्सा बन जाने के बाद किसान संगठनों के लिए व्यापक फैलाव वाला यह क्षेत्र राजनीतिक राहें मुफीद बना रहा है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैति के आगरा मंडल अध्यक्ष और अलीगढ मंडल प्रभारी राजकुमार तौमर ने मंडलायुक्त आगरा को पत्र लिख परिस्थितियों से अवगत कराया है। पत्र में घरेलू कनेक्शन पर वसूली और अन्य सरकारी देयों की वसूली रोकने अथवा स्थिगित करने की मांग की है। इसके पीछे संगठन ने तर्क दिया है कि मौसम अनुकूल नहीं होने के चलते इस बार गेहूं जैसी फसलों में उत्पादन प्रभावित होने की देखते हुए कर्ज माफी और वसूली स्थगित करने जैसे कदम उठाए जाने की संगठन की ओर से मांग की गई है।

# विकास और इनोवेशन की संभावनाओं को सामने रियल एस्टेस कॉनक्लेव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। न्यूज18 लोकमत** ने हाल ही में नवी मुंबई में एक रियल एस्टेस कॉनक्लेव का आयोजन किया। इस कॉनक्लेव में रियल एस्टेस से जुड़े नीति-निमार्ता, इस इंडस्ट्री से जुड़े दिग्गज और विशेषज्ञ शामिल हुए, ताकि वे नवी मुंबई और रायगढ़ क्षेत्र के रियल एस्टेट क्षेत्र की उभरती संभावनाओं पर चर्चा कर सकें। इस कॉनक्लेव ने रियल एस्टेट से जुड़े अहम मसलों, संभावनाओं और नीतिगत मामलों पर चर्चा के लिए एक शानदार मंच उपलब्ध कराया। कॉनक्लेव में अर्बन डेवलपमेंट विभाग के प्रमुख सचिव श्री असीम गुप्ता विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने नवी मुंबई और रायगढ़ में शहरी विकास और रियल एस्टेट के विकास के लिए सरकार के दृष्टिकोण और




प्रयासों के बारे में सभी को जानकारी दी। अपने उद्बोधन में आपने बदलती जरूरतों के हिसाब से और टिकाऊ शहरी विकास के लिए रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े सभी भागीदारों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। कॉनक्लेव में नवी मुंबई और रायगढ़ क्षेत्र के रियल एस्टेट को आकार देने वाली अहम जरूरतों पर केंद्रित तीन पैनल चर्चा भी हुईं। पहली पैनल चर्चा तीसरी मुंबई-टीपीएस/एनएआईएनए/एमएमआरडीए में नवी मुंबई और रायगढ़ में विकास की असीम संभावना पर बात हुई। श्री विजय सिंघल (एमडी, सिडको); श्री प्रकाश बाविस्कर (सीएमडी, बाविस्कर ग्रुप) और श्री देवांग त्रिवेदी (एमडी, प्रोग्रेसिव ग्रुप) सहित इंडस्ट्री के दिग्गजों ने इस विषय पर अहम जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स की लॉन्चिंग की घोषणा की

नई दिल्ली : भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी में से एक बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स (जीआईईए) की लॉन्चिंग की घोषणा की, जिसका उद्देश्य एशिया, मिडल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीका में जनरल इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस के एडवाइजर्स के उत्कृष्ट योगदान को सराहना और सम्मानित करना है. इंडस्ट्री में विश्वसनीय नाम और इस इवेंट में पार्टनर, एशिया इंश्योरेंस रिव्यू (एआईआर), वर्ष 2025 के अवॉर्ड्स की देखरेख और संचालन करेगी, जिससे इवेंट की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ गई है और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता भी जुड़ गई है. बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस द्वारा आयोजित इस इवेंट में भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर की इंश्योरेंस इंडस्ट्री के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एडवाइजर्स को ग्यारह अलग-अलग अवॉर्ड कैटेगरी में सम्मानित किया जाएगा. अवॉर्ड्स का मूल्यांकन इंटरनेशनल इंश्योरेंस इंडस्ट्री विशेषज्ञ के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया जाएगा, जिनके नाम इस प्रकार हैं :

**इंश्योरेंस एडवाइजरी में उत्कृष्टता को सम्मान**

जीआईईए अवॉर्ड्स 2025 में, इंडस्ट्री की वास्तविक रीढ़ के रूप में इंश्योरेंस एडवाइजर्स के असाधारण समर्पण, जुनून और कठोर परिश्रम को सम्मानित किया जाएगा. जीआईईए अवॉर्ड्स के लिए, जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर के एडवाइजर्स को विभिन्न अवॉर्ड कैटेगरी में खुद को नामांकित करने, अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है. इन अवॉर्ड्स का उद्देश्य इंश्योरेंस सेक्टर में उनके शानदार योगदान को सम्मानित करना है, जो नागरिकों के साथ उनके सबसे चुनौतीपूर्ण समय में खड़े होकर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. जीआईईए अवॉर्ड्स इंश्योरेंस एडवाइजर के परिवर्तनकारी प्रभाव को दशार्ते हैं, जो सबसे अधिक जरूरी समय पर सच में बदलाव लाते हैं.

### वोको ने पेश किया प्रीमियम वर्कस्पेस

**गुरुग्राम।** बुटीक वर्कस्पेस डेवलपमेंट कंपनी, वोको (वर्ल्ड ऑफ कूल ऑफिसेस) ने प्रीमियम कमर्शियल स्पेस लॉन्च कर ऑफिस लीजिंग में नए मानक स्थापित किए हैं। इस लॉन्च के साथ कंपनी ने रियल एस्टेट सेक्टर में कदम रखा है, जहाँ यह व्यवसायों के लिए एक प्रतिष्ठित और ऑफिसेस में उच्च स्तर का माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगा। 'स्मार्ट, स्टाइलिश और सस्टेनेबल' डिजाइन के अपने मुख्य दृष्टिकोण के तहत वोको अत्याधुनिक तकनीक, बेहतरीन



आर्किटेक्चर और पर्यावरण अनुकूलता का समावेश कर वर्कस्पेस को नया रूप देता है। इसका नवीनतम प्रोजेक्ट 'वोको वन' इसी दृष्टिकोण पर आधारित है। यह एक आइकॉनिक ग्रेड ए कमर्शियल बिल्डिंग है, जो विश्वस्तरीय सुविधाओं को सस्टेनेबल सॉल्यूशंस के साथ बेहतरीन रूप से जोड़ती है। शानदार उत्पादकता और कार्य के बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य लिए डिजाइन की गई यह बिल्डिंग आराम, सुविधा और कुशलता पर विशेष जोर देती है, जिससे ऑफिस में आधुनिक माहौल के नए मानक स्थापित होते हैं। प्रधान एनएच-8 चौराहे पर स्थित, वोको वन गुरुग्राम के प्रमुख होटलों, ट्रांजिट हब और कमर्शियल सेंटर्स से बेहतरीन कनेक्टिविटी रखता है, जिससे यह व्यवसायों के लिए एक रणनीतिक स्थान बन जाता है। इस अवसर पर वोको के फाउंडर, अंगद सिंह पसरीचा ने कहा, "नई बिल्डिंग का उद्घाटन वोको के लिए एक नई शुरूआत है। लक्जरी वर्कस्पेस को अगले स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से, हम ऐसे स्थान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ भव्यता, नवीनता, कार्यक्षमता और सस्टेनेबिलिटी सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो। हमारा उद्देश्य है कि हम वास्तुकला में एक विशिष्ट पहचान बनाएँ और यह नया प्रोजेक्ट उसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।" सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए, इस बिल्डिंग को प्रतिष्ठित आईजीबीसी प्लेटिनम रेटिंग प्राप्त हुई है। इसमें स्मार्ट बिल्डिंग टेक्नोलॉजी और पर्यावरण अनुकूल डिजाइन को अपनाया गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी का अधिकतम उपयोग, ऊर्जा कुशल वेंटिलेशन और हाई-परफॉर्मेंस वीआरवी सिस्टम शामिल हैं। 45 किलोवाट की सोलर पॉवर क्षमता, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की व्यवस्था और समर्पित ईवी चार्जिंग स्टेशंस के साथ, वोको वन सिर्फ पर्यावरण के प्रभावों को ही कम नहीं करता है, बल्कि संचालन की दक्षता को भी बढ़ाता है।

### राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चयन के लिए साक्षात्कार सम्पन्न

**मथुरा।** नेहरू युवा केंद्र (मेरा युवा भारत) मथुरा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक साक्षात्कार आज दिनांक २० फरवरी 2025 को राजीव भवन मथुरा में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा श्री मनीष मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। साक्षात्कार समिति में डा. ललित मोहन शर्मा प्राचार्य बीएसए डिग्री कालेज मथुरा, यतेन्द्र सिंह जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र मथुरा, डा. अशोक कुमार कौशिक कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस केआर डिग्री कालेज मथुरा व शांतनु कुमार कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस बीएसए डिग्री कालेज मथुरा चयन समिति के सदस्य रहे।

# एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने बुढेरा जलाशय का पुनरुद्धार किया

## हरित भविष्य के लिए लगाए 500 पेड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम। एक्सिस** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड जिसे पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने सीएसआरबॉक्स के साथ मिलकर अपने ह्यपहल इनीशिएटिवह्ण के तहत गुरुग्राम में 3.5 एकड़ में बुढेरा जलाशय का सफलतापूर्वक पुनरुद्धार किया है। सीएसआरबॉक्स कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाला एक अग्रणी संस्थान है। कंपनी ने वृक्षारोपण अभियान भी चलाया और स्थानीय जैव विविधता में सहयोग करने




और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए करीब 500 पेड़ लगाए.इस प्रयास के तहत कचरे को एकत्र करने, खरपतवार हटाने, डिस्टिलिंग करने, तट का निर्माण करने और पानी के बहाव को नियमित करने समेत कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया गया, जिससे तालाब अपने वास्तविक स्वरूप में आ सका। इस पहल में एक्सिस मैक्स लाइफ के कर्मचारियों और बुढेरा ग्राम पंचायत के सदस्यों समेत 50 से ज्यादा वॉलंटियर्स ने हिस्सा लिया। एक्सिस मैक्स लाइफ के जनरल काउंसल एवं चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर अनुराग चौहान ने कहा, ह्यजलाशय का पुनरुद्धार करने और पौधारोपण का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और समाज को साथ लेकर चलने व विकास के रास्ते पर बढ़ने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। प्रमुख जल स्रोतों को रीस्टोर करते हुए और ग्रीन कवर बढ़ाते हुए हमारा लक्ष्य हवा की गुणवत्ता को बेहतर करना, भूजल स्तर बढ़ाना और सभी के लिए ज्यादा स्वास्थ्यप्रद वातावरण बनाना है। इस पहल से न केवल कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे शहरी एवं ग्रामीण समुदाय ज्यादा निकट आएंगे। तथा साझेदारी एवं साझा जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी।

# बोर्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी को समझें अधिकारी: डीएम


**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः 24** फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें। परीक्षा केंद्रों पर आने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कंट्रोल रूम में होने वाली हर गतिविधियों चौबीस घंटे सातों दिन संबंधित अधिकारी पर ध्यान दें। रात्रि दस बजे के बाद लाउड स्पीकर न बजने दिया जाए। यह बातें शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कही। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को चुन्नीगंज स्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज में बनाए गए जनपद के 123 परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कंट्रोल रूम तथा राजकीय इण्टर कालेज में बनाए गए स्ट्रांग का जायजा लिया। 24 फरवरी 2025 से हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ होगी। जो 12 मार्च को समाप्त होती कुल 12 दिनों में बोर्ड परीक्षा सम्पन्न होगी। बोर्ड परीक्षा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 हेतु जनपद कानपुर नगर में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग हेतु राजकीय बालिका इण्टर कालेज, चुन्नीगंज कानपुर नगर में ऑनलाइन मॉनिटरिंग कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिससे शिफ्टवार चौबीस घंटे सातों दिन परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 हेतु जनपद कानपुर नगर में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों के प्रश्नपत्रों को राजकीय इण्टर कालेज, चुन्नीगंज कानपुर नगर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जनपद में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों में पुलिस अभिरक्षा में प्रश्नपत्र प्रेषित किए जाएंगे। परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी जिम्मेदारी केंद्र पर मौजूद संबंधित अधिकारियों की होगी।

### अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में उतरे वकील

**बिजनौरः केंद्र** सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया`एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह तथा महामंत्री विशाल अग्रवाल के नेतृत्व में वकील जिला कलेक्ट्रेट में पहुंचे जहां उन्होंने जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा` राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित संशोधन बिल अधिवक्ताओं की एकता व अखंडता को खंडित करने वाला है। जिला बार एसोसिएशन इस संशोधन बिल की निंदा करती है।

# मुरादाबाद नगर निगम राजस्व वसूली में उत्तर प्रदेश



**मुरादाबाद**

**नगर** निगम मुरादाबाद ने राजस्व वसूली के मामले में प्रदेश के अन्य नगर निगमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगर निगम ने जनवरी-2025 में गतवर्ष के सापेक्ष 179 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3.82 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 10.66 करोड़ रुपये की वसूली कर यह सफलता अर्जित की है। मुरादाबाद नगर निगम ने 8200 संपत्तियों को सीवरेज नेटवर्क सुविधा प्रदान की है। जिसमें से 69 प्रतिशत संपत्तियों से सीवर कर वसूली की गई जो प्रदेश में सर्वाधिक है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शुक्रवार को बताया कि गृहकर वसूली में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 63 प्रतिशत के प्रभावशाली लक्ष्य को हासिल किया है, जो अन्य नगर निगमों की तुलना में सर्वोच्च है। नगर आयुक्त ने कहा कि गत वर्ष यूजर चार्ज वसूली शून्य थी, जबकि इस वर्ष 69.91 लाख रुपये की प्रभावशाली वसूली

**वसूली**

**▶▶ मुरादाबाद नगर निगम ने 8200 संपत्तियों को सीवरेज नेटवर्क सुविधा प्रदान की है**

कर निगम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसी तरह जलकर वसूली में 62 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की है। नगर आयुक्त ने दावा किया कि वित्तीय अनुशासन और कुशल रणनीति के चलते नगर निगम ने जनवरी माह तक निर्धारित 94 करोड़ रुपये के लक्ष्य का 70 प्रतिशत 63.27 करोड़ रुपये वसूल कर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। पिछले साल इस अवधि में 37.19 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। निगम की इस उपलब्धि पर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में नगर निगम मुरादाबाद की सराहना की गई।

# नड्डा पहुंचे वाराणसी, बाबतपुर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

## श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद काशी तमिल संगमम में शामिल होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार अपरान्ह में वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तर राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर केन्द्रीय मंत्री नड्डा का भाजपा पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ महेन्द्रनाथ पांडेय,भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल, काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, राज्यमंत्री स्वतंत्र



प्रभार रविंद्र जायसवाल,आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी,विधायक सौरभ श्रीवास्तव ,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ,सुरेश सिंह, नवीन कपूर,शैलेष पांडेय आदि शामिल रहे। एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच भाजपा अध्यक्ष शहर के लिए रवाना हो गए।

भाजपा अध्यक्ष सर्किट हाउस में लगभग ढाई घंटे पार्टी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। इसके बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने जाएंगे। मंदिर से नमो घाट पर आयोजित काशी-तमिल संगमम् में हिस्सा लेंगे। सांस्कृतिक संध्या में शिरकत करने के बाद देर शाम बाबतपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

# महावन में चला बुलडोजर, तोड़ी खीर मोहन बनाने की भट्टियां

## सड़क पर वाहन खंडे कर खरीददारी करने वालों के काटे चालान

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** महावन में प्रवेश करते ही जाम की स्थिति बन जाती है महावन बलदेव रोड़ पर दुकानदारों ने सड़क पर तख्त लगा रखे हैं जिससे आवागमन प्रभावित होता है। एसडीएम महावन आदेश कुमार ने अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पंचायत द्वारा दुकानदारों को नोटिस जारी भी करा दिये गये लेकिन समस्या वहीं बनी रही कस्बा में सड़क किनारे बने मकान मालिकों को नोटिस जारी किए जाने को निर्देशित किया गया है। एसडीएम ने नायब तहसीलदार साबिका शर्मा के



साथ टीम गठित कर महावन कस्बा में वायु प्रदूषण कर रही खीर मोहन की भट्टियों को तोड़ा गया दोपहर एसडीएम मौके पर पहुंचे उन्होंने सड़क पर लगे टीन सेट खोकाओं को हटाया। बुलडोजर चलते ही कस्बा में खलबली मच गई दुकानदार बाहर रखे सामान को उठाने लगे। महावन कस्बा में खीर मोहन विक्रेताओं की दुकान सड़क किनारे ही हैं खीर मोहन खरीदने वाले लोगों सड़क पर वाहनों को खड़ा कर खरीददारी करते हैं जिससे सड़क पर लम्बी लम्बी वाहनों की कतार लग जाती हैं दुकानदारों को निर्देशित किया कि दुकान के सामने कोई वाहन खड़ा नहीं किया जाय सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों के पुलिस द्वारा चालन कराये गये। कस्बा में खीर मोहन बनाने के लिए भट्टी में कंडे का प्रयोग किया जाता है पिछले माह प्रदूषण नियंत्रण अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे कि खीर मोहन बनाने के लिए गैस भट्टी का इस्तेमाल करें जिससे वायु प्रदुषण पर नियंत्रण रखा जाय लेकिन खीर मोहन बनाने वाले कंडे का ही इस्तेमाल कर रहे हैं प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी के के सारस्वत,नायब तहसीलदार साबिका शर्मा की मौजूदगी में लगभग साठ खीर मोहन बनाने वाली भट्टियों को ध्वस्त कर दिया गया। एसडीएम महावन आदेश कुमार ने कहा सड़क पर अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाया गया सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया साथ ही सड़क के किनारे बने मकान मालिकों को नोटिस जारी किए जायेंगे जिससे सड़क का चौड़ीकरण हो सके।

# खोआ, पनीर एवं घी के नमूने जांच को भेजे

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। आगामी** त्योहार शिवरात्रि एवं होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को स्वच्छ व गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा गिरधरपुर रोड, निकट गोवर्धन चौराहे पर संचालित डेयरी एवं किराना स्टोर पर विशेष अभियान चलाकर सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान गिरधरपुर रोड स्थित बालाजी डेयरी से मिलावट का संदेह होने पर खोआ, पनीर एवं घी के एक एक नमूने कुल तीन नमूने संग्रहित कर जांच



के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सचल दल में अरूण कुमार, भरत सिंह एवं मोहर सिंह कुशवाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। समस्त खाद्य कारोबारकताओं को निर्देशित किया जाता है कि शिवरात्रि व होली पर्व के दौरान मिठाईयों के निर्माण में शुद्ध व गुणवत्तायुक्त खोआ व अन्य गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का प्रयोग करें। चिप्स, पापड़ व नमकीन निर्माण में

**फास्ट न्यूज**

## उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में झारखंड: डीजीपी

**रांची।** रांची के टेंडर ग्राम स्थित कैंप में झारखंड जगुआर का 17वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर डीजीपी अनुराग गुप्ता शामिल हुए। इस मौके पर डीजीपी गुप्ता ने कहा कि एसटीएफ ने राज्य में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए पिछले 17 साल में एक नई बुलंदी हासिल की है। इन 17 वर्षों के सफर में कई वीर जवानों को खोया है। उन्होंने राज्य में शांति और उन्नति के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आईजी अनुप बिरथरे ने कहा कि झारखंड जगुआर के विगत 17 सालों में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे पारसनाथ की ऊंची पहाड़ियां हो या सारंडा के घने जंगल, चाहे बूढ़ा पहाड़ का दुरूह इलाका हो अथवा पारसनाथ पहाड़ का दुर्गम क्षेत्र, झारखंड जगुआर ने अपनी शौर्यपूर्ण उपस्थिति सभी जगह दर्ज कराई है। पिछले 17 वर्षों में इस बल ने अनेक अभियानों में सफलता हासिल की है। इसमें झारखंड जगुआर के विभिन्न वर्गों द्वारा 297 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है और विभिन्न अभियानों के दौरान 34 दुर्दान्त उग्रवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के इस अवसर पर झारखंड जगुआर के 23 शहीद पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के शहादत को नमन करते हुए उनके गृह जिला जाकर उनके परिवारों को सम्मानित किया गया।

## डीजीपी ने की सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडों की समीक्षा

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडो की समीक्षा की। डीजीपी ने एडीजी सुमन गुप्ता, आईजी असीम विक्रांत मिंज समेत अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपराध अनुसंधान विभाग के जरिये सहारा ग्रुप से संबंधित कांडों का किये जा रहे अनुसंधान के मद्देनजर व्यापक रूप से समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में डीजीपी द्वारा सहारा ग्रुप से संबंधित लंबित कांडों में त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का सार्थक प्रयास करने, अनुसंधान के क्रम में अनुसंधानकर्ता को आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण उपकरणों का प्रयोग करने, काण्डों के पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये साक्ष्य का गहराई से विश्लेषण कर दोषियों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# यूपी 2029 तक 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा: योगी

**विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान सीएम योगी ने दिए सवालों के जवाब,**

**विकास**

**▸▸ यूपी की ग्रोथ रेट आज देश में सबसे बेहतर है, तेजी से हो रहा विकास: सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र के** चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है और 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा।

**तेजी से बढ़ रही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था- सीएम योगी**
सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर की मासिक समीक्षा की जाती है और मुख्यमंत्री स्वयं तिमाही समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जा चुका है। कई उद्योगों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इस निवेश से 60 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। सीएम योगी ने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था। आज यह 60 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है। यह दशार्ता है कि उत्तर प्रदेश का पैसा आज उत्तर प्रदेश में लग रहा है। यह रिजर्व बैंक की ही रिपोर्ट है कि पिछले पंच वर्षीय योजना के अंदर उत्तर प्रदेश देश का वो पहला राज्य है जिसने बैंको से

### उत्तर प्रदेश बनेगा देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था- सीएम

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को स्वावलंबन के दिशा में जो कार्य हुए हैं उसमें अकेले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में 20% भार्ती अनिवार्य रूप से की गई है। हर एक सेक्टर में उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आप लोगों लगता है कि यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य नहीं हासिल कर पाएगा तो यह आपकी दुर्भावना हो सकती है, लेकिन सरकार की सद्भावना है कि उत्तर प्रदेश 5 वर्ष में इस टारगेट को अचीव करेगा। संसाधनों से भरपूर उत्तर प्रदेश को प्रकृति और परमात्मा की कृपा से ओतप्रोत इस उत्तर प्रदेश को जिसको आप लोगों ने समाजवादी पार्टी की सरकार ने और विपक्षी दलों की सरकार ने देश के बीमारू राज्यों की श्रेणी में लाकर के खड़ा कर दिया था, यह देश की छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा किया था, इन संसाधनों का हम भरपूर उपयोग कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था से उभरकर देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

### कृषि और किसानों के लिए अभूतपूर्व योजनाएं संचालित कर रही सरकार

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों की हालत 2017 से पहले बेहद खराब थी, लेकिन आज किसान आत्महत्या नहीं कर रहा, बल्कि अपनी उपज का डेढ़ गुना मूल्य पा रहा है। उन्होंने बताया कि धान की खेती में किसानों को प्रति क्विंटल 2300 रुपये मिल रहे हैं, जबकि लागत 1100 रुपये आती है। इसी तरह गेहूं पर भी सरकार किसानों को दोगुना मूल्य दे रही है। गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों को एक सप्ताह के भीतर भुगतान मिल रहा है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य बन चुका है और एथेनॉल उत्पादन में भी शीर्ष स्थान पर है। किसानों की आमदनी में वृद्धि हो रही है। मुझे यह कहते हुए की पहली बार उन किसानों को सम्मान मिला है राजनीति अपनी जगह है लेकिन प्रोक्योरमेंट सेंटर के माध्यम से सीधे डीबीटी के माध्यम से किस के खाते में पैसा जा रहा है।

# किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे: सीएम धामी

**सब्सिडी**

**▸▸ कृषि उपकरण खरीदने एवं एप्पल मिशन के अंतर्गत सेब के बागान लगाने पर 80 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून/उधमसिंह नगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड को कुशल एवं समृद्ध बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार भी प्रदेश के किसानों की उत्थान व समृद्धि के लिए संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रही है।वे गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित ह्य17वें कृषि विज्ञान सम्मेलनह्न में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण और कृषकों का उत्थान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रतिष्ठित सम्मेलन को देवभूमि उत्तराखंड की पुण्य धरा पर आयोजित किया जा रहा है। ऐसे सम्मेलनों से जहां एक ओर किसान भाइयों को कृषि से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, शोध परिणामों व उत्तम बीज-खाद आदि के विषय में जानने का अवसर प्राप्त होता है, वहीं दूसरी ओर यहां पर लगे विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से उन्हें औद्यानिकी, पशुपालन व जैविक खेती जैसी कृषि की अन्य विधाओं के बारे में भी विषय विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी मिलता है। उन्होंने कृषि जगत के इतने महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए गोविन्द बल्लभ पंत कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मोदी सरकार की ओर से एक ओर देश में विभिन्न योजनाओं और अभियान के माध्यम से कृषि उपज बढ़ाने के साथ ही किसानों की आय में बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में किसानों को तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के देने के साथ ही फार्म मशीनरी बैंक योजना के अंतर्गत कृषि उपकरण खरीदने एवं एप्पल मिशन के अंतर्गत सेब के बागान लगाने पर 80 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही है।

## विद्युत लाइन भूमिगत करने का कार्य शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंपावत।** आदर्श चंपावत की उड़ान में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुष्कर सिंह धामी की आदर्श चंपावत की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य को लेकर 17.56 करोड़ की लागत से पीएम गति शक्ति योजना (एसएसीआई) के तहत 11 केवी एवं एलटी लाइन को भूमिगत किए जाने की स्वीकृति दी। चंपावत नगरीय क्षेत्रों में पीडब्ल्यूडी कार्यालय, गोरलचौड, गोल्ज्यु मंदिर,नगर पालिका चंपावत, मल्ली बाजार, रिलायंस मार्ट, टीआरसी, शांत बाजार, जिला पंचायत एवं कनलगांव में यूपीसीएल विभाग द्वारा विद्युत लाइनों को भूमिगत करने का कार्य किया जा रहा है।

## चारधाम यात्रा में पेयजल किल्लत दूर करने में जुटा प्रशासन

**गुणवत्ता**

**▸▸ कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपेश्वर। जिलाधिकारी** चमोली संदीप तिवारी ने शुक्रवार को जिला योजना के तहत प्रस्तावित जल संस्थान और पेयजल निगम के कार्यों की समीक्षा। उन्होंने कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में संचालित होने वाली चारधाम यात्रा और ग्रीष्मकाल में होने वाली पेयजल किल्लत से निपटने के लिए तैयारियां पूर्ण करने के आदेश दिए।
जिलाधिकारी ने जिले में प्रस्तावित जिला योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए पेयजल निगम के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल किल्लत वाले स्थानों को चयनित कर सोलर पंपिंग योजना के प्रस्ताव तैयार करने की बात कही। के लिए पुख्ता इंतजाम करने तथा कनिष्ठ अभियंताओं को पेयजल लाइनों का नियमित निरीक्षण कर कर लीकेज से हो रही पानी की बर्बादी को रोकने के आदेश दिए।

## महाकुम्भ में स्वच्छता के गढ़े जा रहे नए प्रतिमान



**महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ** में स्वच्छता के नए प्रतिमान स्थापित कर रही योगी सरकार के कुशल प्रबंधन में अब तक 14 हजार मीट्रिक टन सॉलिड वेस्ट को सकुशल निस्तारित किया जा चुका है। सीएम योगी के स्वच्छ महाकुम्भ के विजन को धरातल पर उतारते हुए मेला प्रशासन स्वच्छता प्रबंधन में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। महाकुम्भ मेला क्षेत्र की स्वच्छता प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि जब से मेला प्रारंभ हुआ है तबसे लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण निवासरत हैं, जबकि प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। ऐसे में, स्वच्छता के उच्च प्रतिमानों को स्थापित करते हुए प्रतिदिन के आधार पर इसे पूरा करने पर मेला प्रशासन का फोकस है। स्वच्छता प्रमुख (विशेष कार्याधिकारी) अकांक्षा राणा के अनुसार, यहां जितने भी लोग स्नान करते हैं उनकी धारणा है कि स्नान करने के बाद कपड़ों को घाट पर ही छोड़कर नए वस्त्र धारण करके जाते हैं। इसके साथ ही साथ यहां पर बड़े स्तर पर भंडारे चलते हैं।

## महाकुंभ में कोटा से 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने एक माह में ट्रेनों से की यात्रा

**तीर्थयात्री**

**▸▸ आरक्षित श्रेणी में प्रयागराज के लिए 6,838 एवं जनरल कोच के यात्रियों की संख्या 3,653 है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोटा,।** महाकुंभ 2025 के प्रयागराज में आने-जाने वाले तीर्थयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इसी क्रम में कोटा मंडल ने नियमित रूप से कोटा होकर संचालित 8 साप्ताहिक ट्रेनों, अन्य मंडल से वाया कोटा की 2 स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त 3 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन अतिरिक्त यात्रीभार को क्लीयर करने के उद्देश्य से किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि मंडल ने प्रयागराज के लिए कोटा-रीवा, सोगरिया-दानापुर एवं सोगरिया-बनारस रूट पर महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें संचालित की। महाकुंभ के महापर्व पर पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से होने वाले शाही स्नान के दिन से 14 फरवरी तक एक माह में कोटा से ट्रेन से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 10,491 है। जिसमें आरक्षित श्रेणी में प्रयागराज के लिए 6,838 एवं जनरल कोच के यात्रियों की संख्या 3,653 है।

## उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्वक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा शुरू हो गयी है, और पहले दिन की परीक्षाएं शांतिपूर्वक आयोजित हुई हैं। शुक्रवार को कुमाऊं मंडल के अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा अंबा दत्त बलौदी ने नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाएं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

**अमृत काल** प्रयागराज की दोनों जेलों में 2400 से अधिक कैदियों ने किया त्रिवेणी जल से स्नान

## अमृत जल से स्नान कर पुण्य के भागीदार बने कैदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर: प्रयाग**राज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए संगम आने वालों का आंकड़ा 59 करोड़ पहुंच गया है। इस अमृत काल में पुण्य की डुबकी से कोई छूट न जाए, सभी की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए योगी सरकार ने प्रदेश की जेल में बंद कैदियों के लिए भी बड़ी पहल की है। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल और जिला जेल के हजारों कैदियों को भी इसका अवसर मिला। यह पावन अवसर पाकर कैदी भाव विभोर हो गए।



**प्रदेश की सभी 62 जेलों के कैदियों ने त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान किया**
प्रयागराज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने को उमड़ रहे आस्था के जन सैलाब ने अब तक के सभी पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रशासन द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक महाकुम्भ में करीब 59 करोड़ लोग संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। योगी सरकार ने प्रदेश में जेल में बंद कैदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए अब उन्हें भी इस पुण्य के भागीदारी बनने का अवसर दिया है। प्रदेश की सभी 62 जेलों के कैदियों ने त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान किया है। इसके लिए जेल के अंदर ही बड़े-बड़े हौज बनाए गए, जिसमें त्रिवेणी से लाया गया पवित्र जल मिलाया गया।
इसी जल से स्नान कर जेल में बंद कैदी भी पुण्य के भागीदारी बने हैं। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल में भी इसके लिए भव्य व्यवस्था की गई। नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल बताते हैं कि नैनी जेल में इस समय 1700 से कैदी है इन्हें 1400 से अधिक कैदियों को त्रिवेणी के पावन जल से स्नान का अवसर मिला है।

